**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 44.0 | 31.4 |
| जमशेदपुर | 42.0 | 26.2 |
| डालटनगंज | 41.8 | 25.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार




चुनावी समर 2024

सोमवार 29 अप्रैल 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 06 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 21

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### पीएम मोदी ने फिर राहुल गांधी को घेरा

## राजाओं को गालियां और सुल्तानों पर बोलती बंद



**बेलगावी (कर्नाटक)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी पर भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने, लेकिन तुष्टीकरण की लिए नवाबों, सुल्तानों और बादशाहों के अत्याचारों पर नहीं बोलने का आरोप लगाया है. यहां एक जनसभा में मोदी ने कहा, कांग्रेस ने तुष्टीकरण और वोट बैंक के लिए हमारा इतिहास व स्वतंत्रता संघर्ष लिखा. बल्कि आज भी कांग्रेस के शहजादे उस पाप को आगे बढ़ा रहे. आपने शहजादे का हालिया बयान सुना होगा - वह कहते हैं कि राजा और महाराजा अत्याचारी थे. उन्होंने राजाओं और महाराजाओं पर गरीबों की जमीन और संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया. कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज और कित्तूर की रानी चेन्नम्मा जैसी महान शख्सियतों का अपमान किया है, जिनका प्रशासन और देशभक्ति आज भी प्रेरित करता है. शहजादे ने तुष्टीकरण को ध्यान में रखते हुए जानबूझ कर ऐसे बयान दिए.

### राहुल गांधी का आरोप- भाजपा व बीजद मिले हैं

## मोदी अरबपतियों व नवीन अपनों के लिए कर रहे काम



**कटक।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि एक ओर पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली-मुंबई के अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं, तो दूसरी ओर ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करते हैं जो केवल राज्य के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है. गांधी ने कटक के सालेपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि भले ही बीजू जनता दल और भाजपा एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे एक साथ काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा, इसे साझेदारी कहें या विवाह, बीजद और भाजपा दोनों एक साथ हैं. गांधी ने पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि भले ही पटनायक सीएम हैं, लेकिन राज्य में बीजद सरकार उनके सहयोगी वीके पांडियन चला रहे हैं. राहुल ने मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि पीएम डरे-घबराए हुए हैं.

### संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी मैदान में कूदे

## विवाद के बीच संविधान व आरक्षण का समर्थन किया



**हैदराबाद।** भाजपा और आरएसएस पर आरक्षण को लेकर विपक्ष के हमले के बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि हमने हमेशा संविधान के अनुसार आरक्षण का समर्थन किया है. एक शैक्षणिक संस्थान में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने एक वीडियो का उल्लेख किया, कहा कि इसमें झूठा दावा हुआ है कि आरएसएस आरक्षण का विरोध करता है. जब से आरक्षण अस्तित्व में आया, हमने संविधान के अनुसार आरक्षण का पूरा समर्थन किया है. आरक्षण को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच छिड़े वाकयुद्ध के बाद भागवत ने यह टिप्पणी की है. तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया था कि संघ-भाजपा आरक्षण का विरोध करते हैं. संघ प्रमुख ने पिछले साल कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है तब तक आरक्षण दिया जाना चाहिए. उन्होंने कहा था कि भेदभाव समाज में व्याप्त है, भले ही यह दिखायी नहीं देता हो.

### अखिलेश यादव का मोदी पर हमला

## देश के नौजवानों का भविष्य भाजपा ने अंधकार में डाला



**संभल (यूपी)।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने पीएम मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है. कहा- नौजवानों का भविष्य मोदी और भाजपा ने अंधकार में डाल दिया है, न नौकरी दी न रोजगार दिया. पहले और दूसरे चरण में जो पश्चिम से हवा चली है, उसने भाजपा को पलट दिया है. लोग भाजपा को पसंद नहीं कर रहे, तीसरे चरण में यही हाल होनेवाला है. ये जो भाजपा वाले हैं, पहले इन्होंने 400 पार का नारा दिया. दूसरा चरण हुआ तो 400 का नारा भूल गए. जनता 400 पार नहीं इस बार 400 सीटें हराने जा रही है. मोदी प्रशासन के माध्यम से वोट का दबाव बना रहे हैं, इस बार किसान इनको वोट देने नहीं जा रहा. किसान और गरीब गांव के रहने वाले लोग भाजपा का सफाया करने जा रहे हैं. मोदी सरकार ने न केवल किसानों को धोखा दिया, लगातार महंगाई बढ़ा दी, डीजल पेट्रोल महंगा कर दिया, हमारा किसान परेशान हो गया है.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,900 |
| चांदी (किलो) | 85,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### 3 मई को चाईबासा, 4 को पलामू, सिसई में पीएम मोदी की सभा

**रांची।** पीएम नरेंद्र मोदी 3-4 मई को झारखंड में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे. मोदी 3 मई को दोपहर 3 बजे कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में सभा करेंगे. वहीं 4 मई को सुबह 9.30 बजे पलामू के चिंयाकी हवाई अड्डे में भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में सभा करेंगे. 4 मई को ही दोपहर 12.30 बजे पीएम गुमला के सिसई में लोहरदगा सीट से प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में सभा करेंगे. पीएम के आगमन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है.

#### ईसी ने आप के कैंपेन सॉन्ग पर लगाई रोक

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने उनके कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी है. हाल ही में पार्टी ने अपना कैंपेन गीत लॉन्च किया था. दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगाने पर कहा कि अब भाजपा के एक और राजनैतिक हथियार चुनाव आयोग ने आप के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी. ऐसा पहली बार हुआ होगा, जब चुनाव आयोग ने किसी पार्टी के चुनावी गाने पर रोक लगाई है.

#### 602 करोड़ की ड्रग्स के साथ 14 पाकिस्तानी अरेस्ट

**गांधीनगर।** गुजरात तट से एटीएस और एनसीबी ने ऑपरेशन के जरिए 86 किलो ड्रग्स बरामद किया है. बाजार में इसकी कीमत 602 करोड़ रुपए आंकी गई है. इस कार्रवाई में 14 पाकिस्तानी नागरिकों को भी अरेस्ट किया गया है. बता दें कि ये ऑपरेशन पिछले 2 दिन से चल रहा था. -पेज 12 भी देखें

#### दिल्ली कांग्रेस चीफ लवली का इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस को झटका देते हुए अरविंदर लवली ने पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया. हालांकि लवली ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी में बने रहेंगे. पेज 12 भी देखें

## कौन चुरा ले गया आपकी मेहनत से निकली तरक्की?





**सुरजीत सिंह**

बहुत शोर है. कुछ बातें हमें रोज बतायी जा रही हैं. टीवी पर. अखबारों में. प्रधानमंत्री के भाषणों में. वित्तमंत्री के बजट में. हर स्तर पर हर जगह. भारत का जीडीपी ग्रोथ 7.2 प्रतिशत है. हम दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं. हम दुनिया की पाचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं. देश की इकोनॉमी जल्द ही पांच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी. हर तरफ गर्व का माहौल बनाया-दिखाया जा रहा है. अभी देश में चुनाव है. इस चुनावी शोर के बीच भारत सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय ने चुपके से एक आंकड़ा जारी कर दिया है. उपभोक्ता खर्च-2022-23 के आंकड़े. मंत्रालय ने वर्ष 2017 में भी ऐसे ही आंकड़े जारी किए थे. जिसे भारत सरकार ने खारिज कर दिया था. इससे पहले वर्ष 2004 और 2011 में आंकड़े आए थे. ताजा आंकड़ा 11 साल बाद आया है.

आंकड़ा एक लाख शहरी और 1.05 लाख ग्रामीण लोगों यानी कुल 2.05 लाख लोगों से बात करके तैयार किया गया है. इस आंकड़े से पता चलता है कि पिछले 11 सालों में हमारे अपने लिए जरूरी संसाधन जुटाने, खाने-पीने के खर्च में डेढ़ सौ गुणा की बढ़ोतरी हो गई है. आय कितनी बढ़ी है, यह तो आप जानते ही हैं. इसके अलावा यह तथ्य भी सामने आया है कि गांव व शहर के अमीर और गरीब के बीच खर्च में अंतर का औसत क्रमशः आठ व दस प्रतिशत है. सिर्फ तीन राज्य ऐसे हैं, जहां के लोग राष्ट्रीय औसत या उससे अधिक खर्च कर पा रहे हैं. देश के 95 प्रतिशत लोग वर्ष 2004 में जितना खर्च कर पाते थे, आज भी उतना ही खर्च कर पा रहे हैं. यही कारण हैं कि बाजार में डिमांड नहीं है. यह हाल तब है जब बीते 10 सालों में सरकार ने गांवों में बहुत पैसे बांटे. सीधे एकाउंट में पैसे डाले गए. इन सबके बाद भी लोगों की खपत खर्च में बढ़ोतरी नहीं हुई. क्यों 95 प्रतिशत लोगों की तरक्की नहीं हुई. ऐसे में यह सवाल उठता है कि हमारी मेहनत से जो जीडीपी बढ़ी, तीन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बने, उससे देश के ज्यादातर लोगों की गरीबी क्यों नहीं कम हुई. आखिर आपकी मेहनत से निकली तरक्की को कौन चुरा ले गया?

### सबसे बड़ा संकट

जीडीपी भले ही तीन गुनी हो गई. लेकिन खपत खर्च में बढ़ोतरी बहुत ही मामूली है. वर्ष 2004 के उपभोग खर्च, कुल जीडीपी का 60 प्रतिशत था. अब 2023 में 58 प्रतिशत पर आ गया. यह एक बड़ा संकट है. लोगों का खर्च नहीं बढ़ रहा. बाजार में मांग नहीं. लोगों की खरीद करने की क्षमता कम होती जा रही है. ऐसे हालात में फिर उद्योग-धंधों का क्या होगा. नौकरियां कैसे बढ़ेंगी. ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि बाजार में मांग नहीं रहने के बाद भी किसी सामान या उत्पाद की कीमत बढ़ कैसे रही है. क्या कंपनियां मांग नहीं बढ़ने की वजह से महंगाई बढ़ा रही हैं. अगर ऐसा है तो आगे भी महंगाई के कारण मांग कमजोर होगी. और उद्योग संकट में आएंगे.

#### प्रति व्यक्ति उपभोग खर्च कितना बढ़ा

| | 2011-12 | 2022-23 | बढ़त |
|---|---|---|---|
| गांव | 1430 रु | 3773 रु | 164% |
| शहर | 2630 रु | 6459 रु | 146% |



### खर्च के मामले में राष्ट्रीय औसत में आप कहां

देश में प्रति व्यक्ति का खर्च का राष्ट्रीय औसत खर्च समझना जरूरी है. गांवों में खर्च का राष्ट्रीय औसत 3,773 रुपया है, जबकि शहर में 6,451 रुपया. देश के तीन राज्यों सिक्किम, दिल्ली व महाराष्ट्र में खर्च राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है, जबकि असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, ओड़िसा, झारखंड, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में काफी कम. यानी जिस राज्य की आबादी शहरों पर जितना निर्भर है, वहां स्थिति ठीक है. लेकिन जहां की बड़ी आबादी गांव पर निर्भर है, वहां स्थिति खराब है.

| राज्य | गांव | शहर |
|---|---|---|
| सिक्किम | 7,731 | 12,105 |
| दिल्ली | 6,576 | 8,217 |
| महाराष्ट्र | 4,010 | 6.657 |
| असम | 3,432 | 6,136 |
| बिहार | 3,384 | 4,768 |
| प. बंगाल | 3,239 | 5,267 |
| उत्तर प्रदेश | 3,191 | 5,040 |
| ओड़िशा | 2,950 | 5,187 |
| झारखंड | 2,763 | 4,931 |
| छत्तीसगढ़ | 2,466 | 4,483 |

### सिर्फ पांच प्रतिशत लोगों की स्थिति अच्छी

गांवों में सिर्फ 5% लोग ज्यादा खर्च करते हैं. 10,501 रुपए है. ये 5% लोग गांव के अमीर लोग हैं. इन्हीं गांवों में जो गरीब हैं, उनका मासिक खर्च सिर्फ 1,373 रुपया है. यानी गांव के अमीर का खर्च गांव के सबसे गरीब के खर्च से आठ गुना ज्यादा है. विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट भी यही कहती है कि खेती से बाहर निकाल कर दूसरे कामों पर निर्भरता बढ़ाने के मामले में भारत एशिया मे सबसे पीछे है. इस मामले में हम नेपाल, बांग्लादेश, भूटान से भी पीछे हैं. यह अलग बात है कि हम अपनी ग्रोथ को लेकर गर्व करते रहते हैं. शहर की बात करें, तो अमीरों का मासिक प्रति व्यक्ति खर्च 20,520 है, जबकि गरीबों का 2,001. यहां अंतर 10 गुना है. यहां आर्थिक असमानता बहुत तेजी से बढ़ी है. शहर व गांव की तुलना करें तो गांव के अमीर का खर्च शहर के अमीर से आधा है, जबकि गांव के गरीब का खर्च शहर के करीब के खर्च से आधे से ज्यादा है.

#### खर्च का अंतर

| | गांव | शहर |
|---|---|---|
| ऊपर के पांच प्रतिशत लोग | 10,501रु | 20,824रु |
| बीच के लोग (मध्यम) | 6,638रु | 12,399रु |
| नीचे के पांच प्रतिशत लोग | 1,373रु | 2,001रु |

### हालात बहुत खराब

आंकड़े से दो तथ्य सामने आए हैं. पहली यह कि गांव के लोग जो कुल खर्च करते हैं, उसका 46 प्रतिशत हिस्सा खाने पर खर्च होता है, जबकि शहर में यह 39 प्रतिशत है. मतलब यह कि गांव के लोग खाने पीने की बढ़ती महंगाई से त्रस्त हैं. उनके कुल खर्च का ज्यादातर हिस्सा पेट भरने में ही खर्च हो जाता है. आंकड़े से पता चला है कि खाने की चीजों पर लोगों को सबसे अधिक खर्च करना पड़ रहा है. उनकी सारी कमाई दूध, अनाज, सब्जियों व प्रोसेस्ड फूड व पेयजल पदार्थ को खरीदने में खत्म हो जा रहा है.

#### कहां कितना प्रतिशत खर्च करते हैं लोग

| उत्पाद | गांव | शहर |
|---|---|---|
| प्रोसेस्ड फूड व पेय पदार्थ | 9.62 | 10.64 |
| दूध व संबंधित उत्पाद | 8.33 | 7.22 |
| अनाज | 4.91 | 4.36 |
| सब्जियां | 5.38 | 3.8 |
| परिवहन | 7.55 | 8.59 |
| इलाज | 7.13 | 5.91 |
| शिक्षा | 3.3 | 5.78 |

### दुनिया के पैमाने पर हम बहुत पीछे



विश्व बैंक ने लोगों के खर्च का जो पैमाना तय किया है, उसके मुताबिक इतने रुपये खर्च करने की स्थिति को आदर्श स्थिति माना जाता है. आप समझ सकते हैं, दुनिया के दूसरे देशों के सामने हमारी स्थिति क्या है. भले कि हम गर्व कर लें कि हम दुनिया की पाचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं. जल्द ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे. पांच ट्रिलियन वाली इकोनॉमी. लेकिन हमारे हालात बहुत खराब हैं. गांव हो या शहर, सिर्फ पांच प्रतिशत लोग ही उतना औसत खर्च कर पा रहे हैं, जितना की बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश के गरीब खर्च करते हैं.

#### प्रति व्यक्ति औसत मासिक का खर्च

| | |
|---|---|
| गरीब | 7,470 रु - 21,015 रु |
| मिडिल क्लास | 21,016 रु- 57,344 रु |
| उच्च आय वाले | 57,344 रु से ऊपर |

### कल्पना ने लिया गुरुजी का आशीर्वाद

## आज करेंगी नामांकन



**कौशल आनंद। रांची/गिरिडीह**

झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और रूपी सोरेन ने अपनी बहू और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को रविवार को चुनावी सिंबल और आशीर्वाद दिया. कल्पना सोरेन सोमवार को गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन पत्र दाखिल करेंगी. इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री एवं देवर बसंत सोरेन सहित गठबंधन दल कांग्रेस और राजद के कई नेता शामिल होंगे. बता दें कि गांडेय में कल्पना सोरेन के खिलाफ भाजपा ने दिलीप वर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है.

गिरिडीह में झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सोमवार को हेलीकॉप्टर से बोड़ो हवाई अड्डा पहुंचेंगे और वहां से सड़क मार्ग से सीधे समाहरणालय पहुंचेंगे. कल्पना सोरेन का काफिला सुबह 10:30 बजे उत्सव उपवन से समाहरणालय पहुंचेगा, जहां वह गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निर्वाची पदाधिकारी गुलाम सबदनी के कार्यालय कक्ष में नामांकन दाखिल करेंगी. नामांकन के बाद पपरवाताड़ मैदान में गठबंधन के नेता जनसभा को संबोधित करेंगे. जिलाध्यक्ष ने बताया की जनसभा के बाद गांडेय प्रखंड के मोहनडीह व बेंगाबाद चौक पर पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन होगा. तय कार्यक्रम के अनुसार कल्पना सोरेन मंगलवार से क्षेत्र भ्रमण करेंगी. गांडेय विधानसभा में आनेवाली गिरिडीह की 15 पंचायतों सहित गांडेय व बेंगाबाद प्रखंड में माइक्रो लेवल पर गठित गठबंधन की कमेटियां उप चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाएंगी.

- गांडेय के शक्ति प्रदर्शन में सीएम चंपाई समेत गठबंधन के सभी नेता भी होंगे शामिल

#### झामुमो यह उठाएगा मुद्दा, जेपी वर्मा को आमंत्रित किया गया

उपचुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के विकास कार्य मुख्य मुद्दा होंगे. एक सवाल के जवाब में सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा को भी नामांकन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रण भेजा गया है. भाकपा माले विधायक विनोद सिंह कोडरमा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के घोषित उम्मीदवार हैं. धनवार के पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी का कोई भी बयान उनका निजी विचार हो सकता है.

## अमन साहू गिरोह का शातिर राजा अंसारी हुआ गिरफ्तार

**सौरभ सिंह। रांची**

अमन साहू गिरोह के शातिर अपराधी राजा अंसारी को झारखंड एटीएस ने गिरफ्तार किया है. एसपी ऋषभ झा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने यह कार्रवाई की है. राजा मूल रूप से रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र के टेरपा का रहने वाला हैं. वह अमन साहू के एक इशारे पर व्यवसायियों को धमकी देने, रंगदारी मांगने, गोलीबारी करने और हत्या की घटना को अंजाम देने के लिए तैयार रहता था. एटीएस को काफी दिनों से राजा अंसारी की तलाश थी. अब उसकी गिरफ्तारी के बाद एटीएस की टीम उससे पूछताछ कर रही है.

**संवदेक से रंगदारी और गोलीबारी में शामिल था राजा अंसारी :** ओरमांझी स्थित भारतमाला सड़क निर्माण प्रोजेक्ट के मजूदरों पर इस वर्ष फरवरी और मार्च में रंगदारी के लिए दो बार गोलीबारी की गयी थी. वारदात को अंजाम देने में राजा अंसारी भी शामिल था. इस घटना में शामिल जगत साहू और राहुल दुबे को एटीएस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है. वहीं, रांची पुलिस ने प्रमोद कुमार सिंह, अमजद खान और अलाउद्दीन अंसारी उर्फ कल्लू को गिरफ्तार किया था. इनके पास से हथियार भी बरामद किये गये थे.



#### खास बातें

- गुप्त सूचना पर एटीएस ने दबोचा, कर रही पूछताछ
- लेवी के लिए गोलीबारी कर दहशत फैलाता था राजा

#### गैंग का सुनील मीणा पुलिस के लिए चुनौती

अमन साहू गैंग के सुनील मीणा की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है. मीणा राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के घड़साना नयी मंडी का निवासी है. वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रहा है. वर्क वीजा पर मलेशिया गया सुनील कुआलालंपुर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत के जरिए लॉरेंस के संपर्क में आया और फिर मलेशिया से ही अपराध की दुनिया में जड़ें जमाने लगा. वह लॉरेंस के इशारे पर राजस्थान-पंजाब के कई जिलों में हत्या, रंगदारी वसूली, फायरिंग जैसे घटनाओं को अंजाम दिलाने लगा है.

### वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट — अमेरिका और रूस जैसे दुनिया के टॉप 5 देशों से ज्यादा सोने की हैं मालकिन

## भारतीय महिलाएं सही मामले में हैं 'लक्ष्मी'



#### फैक्ट फाइल

- विश्व स्वर्ण परिषद की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 24000 टन सोना
- **इसमें से 21000 टन सिर्फ भारतीय महिलाओं के पास है सुरक्षित.**
- खनन से अब तक 1 लाख 90 हजार 40 टन सोना निकाला गया.
- **इसमें दो तिहाई यानी 1.26 लाख टन 1950 के बाद निकाला गया.**
- हर साल दुनियाभर में 3 हजार टन सोना खनन से निकाला जा रहा है.
- **धरती के भीतर अभी और कितना सोना, यह आकलन समय-समय पर बदलता रहा है.**

**शुभम संदेश नेटवर्क। नयी दिल्ली**

भारत में महिलाओं को धन की देवी 'लक्ष्मी' का दर्जा मिला हुआ है. सच कहें तो यह सिर्फ मान्यता ही नहीं है, बल्कि खरे सोने जितना सच है. देश में शायद ही कोई महिला हो, जिसके बदन पर 5-10 ग्राम से कम सोना मिले. किसी भी पर्व त्योहार या शादी-विवाह के मौके पर महिलाएं आभूषण की खरीदारी करती जरूर दिख जाती है.

विश्व स्वर्ण परिषद की रिपोर्ट इसकी तस्दीक भी करती है. विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 24000 टन सोना है. इसमें से 21000 टन सिर्फ महिलाओं के पास है. दुनिया भर की महिलाओं के पास जमा सोने का यह 11% है. ये 21 हजार टन सोना महिलाओं के पास जेवर के रूप में है. अकेले तमिलनाडु में यह औसत 28 फीसदी तक पहुंच जाता है.

### भारत में ऐसे बंटा है सोना

**भारतीय महिलाओं के पास 21 हजार टन सोना :** महिलाओं की सोने के मामले में ताकत दुनिया की महाशक्तियों से भी अधिक है. महिलाओं के पास 21 हजार टन सोना है. यानी दुनिया के कुल सोने का 11% हिस्सा. इतना सोना तो शीर्ष 5 देशों अमेरिका (8 हजार टन), जर्मनी (3,300 टन), इटली (2, 450 टन), फ्रांस (2,400 टन) और रूस (1900 टन) के कुल फॉरेन रिजर्व में भी नहीं है. भारतीय घरों में मौजूद कुल सोने में करीब 80 प्रतिशत हिस्सा गहनों का है. सोने के गहनों पर बड़ी गोल्ड कंपनियां मेकिंग चार्ज के रूप में सोने की कीमत का 14 प्रतिशत तक लेती हैं. सोने के उत्पादन में भारत बहुत पीछे है. स्टेटिस्टा के मुताबिक देश में 2017 में सिर्फ 1,594 किलो यानी डेढ़ टन सोने का उत्पादन हुआ. कर्नाटक में सोने का सबसे ज्यादा प्रोडक्शन होता है.

**भारतीय बैंकों के पास: 750 टन :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में 566.36 टन सोना वर्ष 2017-18 में था. मुथूट फाइनेंस, मनप्पुरम फाइनेंस जैसी निजी कंपनियों के पास 2014 में 200 टन सोना होने का अनुमान था. मुथूट फाइनेंस के पास 116 टन, मनप्पुरम फाइनेंस के पास 40 टन और मुथूट फिन कॉर्प के पास 39 टन सोना है.

**मंदिरों में: ढाई हजार टन :** मंदिरों में ढाई हजार टन सोना है. केरल के पद्मनाभ स्वामी मंदिर में 1300 टन सोना होने का अनुमान है. वैसे दुनिया का सबसे अमीर मंदिर आंध्रप्रदेश का तिरुपति मंदिर माना जाता है. हर माह यहां 100 किलो सोना आता है. मंदिर के पास 250 से 300 टन सोना है. कुछ समय पहले मंदिर ने 4.5 टन सोना बैंक डिपॉजिट स्कीम में रखा है.

#### मोदी ने मंगलसूत्र को बनाया मुद्दा, कांग्रेस ने कहा-कोरी बकवास

जब से कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र सामने रखा है, नया विवाद छिड़ा है. घोषणा पत्र में संपत्ति को समान रूप से बांटने की पैरवी है. इसी कड़ी में पीएम मोदी का बयान भी विवादित बन चुका है. मोदी ने एक रैली में कहा था कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में संपत्ति का सर्वे करवाने की बात करती है. हमारी बहनों के पास तो घर में आदिवासी परिवारों के पास कितनी चांदी होती है, कांग्रेस इनका पता लगा लेगी. फिर उसको मुसलमानों में बांट देगी. कांग्रेस ने पीएम के बयान को बकवास करार दिया है. कांग्रेस का कहना है कि उनकी पार्टी ने 55 वर्षों तक शासन किया. क्या कभी ऐसा किया गया. ऐसी कोई बात कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में लिखी ही नहीं है.

## लोकसभा चुनाव में देश के साथ झारखंड की आबो-हवा भी बदली-बदली नजर आ रही है

# रांची लोकसभा : 9.82 लाख मुस्लिम, आदिवासी और ईसाई वोटर निर्णायक भूमिका में होंगे

**कौशल आनंद। रांची**

झारखंड के 14 लोकसभा सीट में राजधानी रांची की लोकसभा सीट बहुत प्रतिष्ठित और हॉट सीट के रूप में मानी जाती है. 2009 के बाद यह सीट कांग्रेस के हाथ से निकल गयी. वैसे तो हर चुनाव में हर वर्ग के मतदाता अपनी अहम भूमिका जीत और हार में निभाते रहे हैं. मगर इस बार का लोकसभा चुनाव के हालात, आबो-हवा देश ही नहीं बल्कि झारखंड के लिए बदली-बदली सी लग रही है.

इस बार मुद्दे पूरी तरह से बदल चुके हैं. झारखंड में इस बार लोकसभा का चुनाव करीब-करीब क्षेत्रीय मुद्दे की ओर मुड़ता दिख रहा है. इसमें पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का जेल जाना एक बड़ा मुद्दा बन कर उभरा है. अगर रांची सीट की बात करें, तो इस लोकसभा में कुल 9,82,600 मुस्लिम, आदिवासी और ईसाई वोटर केंद्र बिंदु में आ गए हैं. ये वोटर इस चुनाव में बहुत ही निर्णायक भूमिका में होंगे. ये वोटर जीत-हार में अहम भूमिका अदा करेंगे. रांची लोकसभा में 2019 के चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार आदिवासी वोटर 7,14,000 लाख हैं. वहीं मुस्लिम वोटरों की आबादी 2,54,800 लाख है. इसके अलावा ईसाई वोटरों की संख्या 1,13,800 है.




### 80 हजार राजपूत वोटर भी रहेंगे अहम रोल में

अगर राजपूत वोटरों की बात की जाए, तो रांची लोकसभा में इनकी आबादी करीब 80 हजार है. इस बार राजपूत समाज भाजपा से नाराज चल रहा है. हालात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ये लोग अपनी भूमिका को लेकर दो से तीन राउंड की बैठकें कर चुके हैं. इनकी नाराजगी राष्ट्रीय स्तर पर राजपूत का अपमान और भाजपा द्वारा झारखंड में एक भी राजपूत प्रत्याशी को टिकट नहीं देना है. इसलिए ये लोग करीब-करीब मन चुके हैं कि वे भाजपा के खिलाफ जाएंगे और जहां-जहां राजपूत प्रत्याशी हैं, उसके पक्ष में और जहां-जहां राजपूत खड़ा नहीं है, वहां भी वे भाजपा के खिलाफ मतदान करेंगे. अब यह कहां तक अमल हो पाता है, यह देखने वाली बात होगी.

### मुस्लिम मतदाता गठबंधन से नाराज, समझाना होगा मुश्किल

मुस्लिम मतदाता भी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के द्वारा किसी भी मुस्लिम को टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे हैं. इसको लेकर कई स्तर पर विरोध हो चुका है. अब रांची लोकसभा में सात लाख से अधिक मुस्लिम वोटर हैं. इन्हें अपने पक्ष में किए बिना कम से कम कांग्रेस के लिए अपनी नैया पार करना आसान नहीं होगा.

### सुबोधकांत सहाय की बेटी को टिकट मिलने से भी नाराजगी

भले ही रांची का टिकट सुबोधकांत सहाय के परिवार को मिल गया है. मगर रांची के मतदाता, इसे पचा नहीं पा रहे हैं. परिवारवाद और सुबोधकांत सहाय की बेटी का सामाजिक एवं राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में नहीं रहने का आरोप लग रहा है. इसबार सुबोधकांत सहाय को हर बार से दोगुनी मेहनत करनी पड़ रही है. सबसे पहला तो सुबोधकांत अपनी बेटी यशस्विनी सहाय का परिचय कराने के काम में जुटे हैं, ताकि उन्हें सही तरीके से प्रोजेक्ट किया जा सके. अब सहाय कितने हद तक इसमें सफल हो पाते हैं, यह देखना होगा.

### देखें वोटरों के धार्मिक आंकड़े (2019 के इलेक्शन कमीशन के डाटा के अनुसार उपलब्ध आंकड़े)

2019 में कुल वोटरों की आबादी : 19,15,959 लाख
**कुल वोटिंग : 12,34,926 लाख**
2024 में वोटरों की आबादी : करीब 20 लाख
2019 के डाटा के अनुसार धार्मिक वोटरों की संख्या
एसटी : 7,14,000
**मुस्लिम : 2,54,800 लाख**
क्रिश्चियन : 1,13,800
**बौध : 600**
जैन : 1600
**सिख : 3200**
शेष : हिंदू

**मुद्दे भी बदले** रांची के सिटिंग एमपी संजय सेठ फिर से अपने काम की बदौलत मैदान में नहीं है. इस बार भी उनका अंतिम सहारा मोदी का नाम और चेहरा ही रहेगा. हिंदुत्व और मोदी फैक्टर को सेठ भुनाने में जुटे हैं. मगर जिस तरह से मीडिया में रिपोर्ट आ रही हैं, उस अनुसार इनकी राह पर कठिन होते जा रही है. झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन खासकर झामुमो, भाजपा और केंद्र सरकार पर साजिश का आरोप लगाया जा रहा है. इससे निजात पाना खुद संजय सेठ और भाजपा के लिए इतना आसान नहीं होगा. अब देखना है कि रांची लोकसभा के वोटर हिंदुत्व और मोदी फैक्टर को लेकर वोट करते हैं या फिर दूसरे मुद्दे पर.

## चमरा लिंडा के चुनाव मैदान में आने से त्रिकोणीय हो चुका है मुकाबला

# लोहरदगा में समीर व सुखदेव की रणनीति का होगा लिटमस टेस्ट

**प्रवीण कुमार। रांची**

लोहरदगा लोकसभा चुनाव इस बार भी दिलचस्प होनेवाला है. त्रिकोणीय मुकाबले में निर्दलीय चुनाव लड़ रहे चमरा लिंडा ने भाजपा और कांग्रेस की चिंता बढ़ा दी है. एक तरफ जहां भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव क्षेत्र में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, वहीं सुखदेव भगत भी अपना समीकरण बैठाने की जुगाड़ में लगे हैं. क्षेत्र में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के दौरे का लाभ यह रहा कि यहां के हर भाजपा नेता-कार्यकर्ता प्रत्याशी समीर उरांव के साथ पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतर गये हैं.

बता दें कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में लोहरदगा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत को 371595 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को 361232 वोट मिले थे. इस चुनाव में सुदर्शन भगत ने करीब 10363 वोटों से जीत हासिल की थी. ये बेहद करीबी मुकाबला था. इसके बाद से ही यह चर्चा शुरू हो गई थी कि क्या लोहरदगा लोकसभा सीट पर भाजपा का जनाधार कम हो रहा है.


समीर उरांव | सुखदेव भगत | चमरा लिंडा

### कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ी

सुखदेव भगत को एक ओर चमरा लिंडा के चुनाव मैदान में उतरने से टेंशन है तो दूसरी ओर उन्हें रामेश्वर उरांव और बंधु तिर्की खेमे के नेताओं-कार्यकर्ताओं का खुल कर समर्थन प्राप्त नहीं हो पा रहा है. दोनों नेता ऊपर-ऊपर सुखदेव के पक्ष में दिख रहे हैं, लेकिन अंदरखाने इनका मन अभी भी नहीं मिला है. राजनीतिक जानकार कहते हैं कि चमरा के चुनाव मैदान में उतरने से सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को होगा. वहीं भाजपा को भी सरना वोटरों के बंटवारे का डर है.

### लोहरदगा के मुद्दे और वहां की मूलभूत समस्याएं

लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में कोई बड़ी इंडस्ट्री नहीं है. रोजगार और कारोबार की स्थिति दयनीय है. यहां का मूल समस्याओं में पलायन भी एक बड़ा मुद्दा है. क्षेत्र में कोई उद्योग-धंधे नहीं होने के कारण यहां के लोग रोजगार की आस में लोहरदगा से बाहर जाने को विवश रहते हैं.

### कहीं सुखदेव भगत की नैया न डुबा दें चमरा लिंडा

2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत को सिसई और लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के कुछ बूथों पर काफी बढ़त मिली थी. वहीं भाजपा उम्मीदवार को विशुनपुर और लोहरदगा विधानसभा सीट के कुछ बूथों पर बढ़त मिली थी. मांडर विधानसभा में भी भाजपा उम्मीदवार को बढ़त मिली थी. अगर चमरा लिंडा नाम वापस नहीं लेते हैं, तो कांग्रेस की परेशानी बढ़ सकती है. विशुनपुर में कांग्रेस पहले से ही कमजोर है और चमरा के मैदान में आने से वहां कांग्रेस की नैया डूब सकती है. भाजपा में शामिल होने और फिर वापस कांग्रेस में आने से सुखदेव भगत की छवि भी बदली है. उनकी लोकप्रियता में भी कमी आयी है. लोगों में एक मैसेज गया कि वह टिकट के लिए पार्टी बदलते हैं.

### चमरा लिंडा किसके लिए होंगे फायदेमंद

राजनीति के जानकारों की मानें, तो जब-जब चमरा लिंडा चुनावी मैदान में उतरे हैं, कांग्रेस को ही नुकसान पहुंचाया है. अगर ऐसा होता है, तो यह भाजपा के लिए सुकून की बात होगी. हालांकि, यह भी कयास लगाये जा रहे हैं कि समीर उरांव को भी केंद्र सरकार के खिलाफ चल रहे एंटी इनकंबेंसी का सामना करना पड़ सकता है. वर्तमान में आदिवासी समाज एकमत नहीं होकर तीन गुटों में बंटा है. एक गुट भाजपा के साथ, दूसरा गुट कांग्रेस और तीसरा गुट चमरा लिंडा के साथ है.

### 2019 चुनाव में विधानसभावार किसे कितने वोट मिले थे

| विधानसभा | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| विशुनपुर | 73255 | 59946 |
| सिसई | 61504 | 71978 |
| मांडर | 91442 | 90254 |
| गुमला | 62628 | 69313 |
| लोहरदगा | 80698 | 68577 |
| पोस्टल वोट | 2068 | 1164 |

**सात बार कांग्रेस व छह बार भाजपा को मिल चुकी है जीत** | अब तक हुए लोकसभा चुनाव में लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा का पलड़ा करीब-करीब बराबरी का ही रहा है. अब तक हुए 16 बार के चुनावों में से सात बार कांग्रेस, छह बार भाजपा के उम्मीदवार को जनता ने चुन कर संसद भेजा है. वहीं एक-एक बार झारखंड पार्टी, निर्दलीय और जनता पार्टी के सांसद रहे हैं. 2019 के चुनाव में भाजपा के सुदर्शन भगत ने लोहरदगा सीट से जीत की हैट्रिक लगायी थी.

### कालीचरण मुंडा के पक्ष में चुनवी समर में कूद पड़ी हैं दयामनी बरला

**रांची/खूंटी।** कांग्रेस नेत्री दयामनी बरला ने खूंटी लोकसभा में पार्टी प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में प्रचार के लिए चुनावी समर में कूद पड़ी हैं. उन्होंने रविवार को कर्रा प्रखंड में के काला मुचिया में ग्राम प्रधानों से बैठक की. कहा, देश में सिर्फ एक ही पार्टी कांग्रेस को वोट करना है. वोट बंटने नहीं देना है. देश को बचाने के लिए संविधान को बचाना जरूरी है. संविधान बचेगा, तो देश में लोकतंत्र बचेगा, पेसा कानून लागू होगा, सीएनटी- एसपीटी एक्ट की रक्षा होगी. जल, जमीन, जंगल की रक्षा और सांप्रदायिक और हिंसा फैलाने वाली शक्ति को रोकने के लिए 'इंडिया' गठबंधन को जीताना है. सभा का संचालन एतवा पहन ने किया. मौके पर विंसेंट सांगा, अल्बर्ट होरो, सनिका सांगा, बिमल सांगा, सनिका कुडलुम , संदीप सांगा, बिरसा सांगा, फागु तिर्की, फुलजेंसिया सहित दर्जनों ग्राम प्रधान मैजूद थे.

▪ देश और संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस को वोट की अपील

## अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह के घर पहुंची झारखंड एटीएस

# राजस्थान पहुंच कर एटीएस ने घर पर चिपकाया इश्तेहार





**संवाददाता। रांची**

जेल में बंद अपराधी अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह के घर झारखंड एटीएस की टीम शनिवार को पहुंची. एटीएस की टीम राजस्थान के अनूपगढ़ जिले के मंडी थाना क्षेत्र स्थित घड़साना गांव पहुंची. वहां मयंक सिंह के घर जाकर डुगडुगी बजाई और इश्तेहार चिपकाया. एटीएस का दावा है कि मयंक सिंह का असली नाम सुनील कुमार मीणा है. वह मलेशिया में रहकर झारखंड के कारोबारियों को डरा-धमका कर अवैध उगाही में जुटा है.

**स्थानीय पुलिस के सहयोग से मयंक सिंह के घर पर पहुंची एटीएस की टीम :** झारखंड एटीएस की टीम ने मयंक सिंह के बारे में डिटेल जानकारी जुटाई. इसके बाद राजस्थान के अनूपगढ़ पहुंची. यहां स्थानीय पुलिस की मदद से मयंक सिंह के घर तक पहुंची. इस दौरान एटीएस ने मयंक सिंह के द्वारा जुटायी गयी चल-अचल संपत्तियों के बारे में भी पता किया. एटीएस को जानकारी मिली है कि मयंक उर्फ सुनील मीणा मलेशिया में रह कर साहू गैंग के लिए काम कर रहा है. सुनील मीणा कई वर्षों से मलेशिया में ही रह रहा है. मीणा टेक्निकल रूप से एक दक्ष अपराधी है, इसी का फायदा उठा कर वह अमन साहू के कहने पर कारोबारियों से इंटरनेशनल कॉल के जरिये रंगदारी मांगता है.


## इंडिया गठबंधन के सात, भाजपा के तीन और झामुमो के दो बागी चुनाव मैदान में

# झारखंड में चुनाव लड़ रहे 12 विधायक

**सत्य शरण मिश्रा। रांची**

झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर होने वाले चुनाव में झारखंड विधानसभा के 12 विधायक मैदान में हैं. 'इंडिया' गठबंधन ने सात विधायकों को चुनाव में उतारा है. इसमें झामुमो से चार, कांग्रेस से दो और माले से एक विधायक हैं. वहीं भाजपा तीन विधायकों को लोकसभा चुनाव लड़वा रही है. झामुमो के दो विधायक चमरा लिंडा और लोबिन हेंब्रम भी चुनाव लड़ने वाले हैं. चमरा लिंडा लोहरदगा लोकसभा सीट से निर्दलीय नामांकन कर चुके हैं. वहीं लोबिन हेंब्रम ने सात मई को राजमहल सीट से निर्दलीय नामांकन करने की घोषणा की है.

**झामुमो से नलिन, मथुरा, जोबा और समीर लड़ रहे चुनाव :** झामुमो के जो चार विधायक लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, उनमें नलिन सोरेन, मथुरा महतो, जोबा मांझी और समीर मोहंती शामिल हैं. शिकारीपाड़ा से विधायक नलिन सोरेन को दुमका लोकसभा सीट से चुनाव में उतारा गया है. वहीं टुंडी विधायक मथुरा महतो को गिरिडीह से चुनाव लड़वाया जा रहा है. मनोहरपुर विधायक जोबा मांझी को सिंहभूम से टिकट दिया गया है और बहरागोड़ा से विधायक समीर कुमार मोहंती को जमशेदपुर से उम्मीदवार बनाया गया है.




### कांग्रेस से प्रदीप, जेपी और माले से बिनोद चुनाव मैदान में

कांग्रेस के दो विधायक प्रदीप यादव और जयप्रकाश भाई पटेल चुनाव मैदान में खड़े हैं. पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव को गोड्डा लोकसभा से टिकट दिया है. वहीं भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को कांग्रेस हजारीबाग लोकसभा सीट से चुनाव लड़वा रही है. बगोदर के माले विधायक बिनोद सिंह को 'इंडिया' गठबंधन ने कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के खिलाफ मैदान में उतारा है.

### भाजपा ने अपने सीटिंग सांसदों का टिकट काट तीन विधायकों को उतारा

भाजपा के तीन विधायक मनीष जायसवाल, ढुल्लू महतो और सीता सोरेन चुनाव लड़ रहे हैं. भाजपा ने सीटिंग सांसद जयंत सिन्हा का टिकट काट कर हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल को मैदान में उतारा है. उधर, धनबाद से सीटिंग सांसद पीएन सिंह का टिकट काट कर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो और दुमका से सीटिंग सांसद सुनील सोरेन का टिकट काट कर झामुमो से भाजपा में शामिल हुईं सीता सोरेन को चुनाव लड़वाया जा रहा है.

## मेडॉल लैब पर लगे घोटाले के आरोप की जांच के लिए कमेटी का होगा गठन

# 250 करोड़ के घोटाले की होगी जांच

**मुख्य संवाददाता। रांची**

सरकारी अस्पतालों में पैथोलॉजी जांच का काम कर रही एजेंसी मेडॉल स्कैंस एंड लैब्स प्राइवेट लिमिटेड पर लगे आरोपों की जांच होगी. कंपनी पर 250 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले का आरोप है. स्वास्थ्य विभाग के सचिव अजय कुमार सिंह ने जांच के आदेश दिये हैं. इसके लिए जांच कमेटी का गठन किया जायेगा. कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी.

जानकारी के मुताबिक, पूर्व मंत्री लालचंद महतो (अब मृत) ने सरकार को पत्र लिख कर कंपनी पर 250 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप लगाया था. पत्र में कहा था कि कंपनी ने फर्जी बिल पर 250 करोड़ रुपये का भुगतान लिया है. इतना ही नहीं कंपनी ने जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत होने वाली जांच भी सही तरीके से नहीं की. इस तरह गर्भवती महिलाओं और शिशुओं की जान के साथ खिलवाड़ किया गया. कंपनी ने गर्भवती महिलाओं की एचबीएसएजी जांच की ही नहीं और फर्जी बिल बना कर भुगतान ले लिया. पूर्व मंत्री ने जुलाई 2017 में रांची में एक स्वास्थ्य शिविर लगाया था. उस शिविर में हजारों महिलाओं की जांच करने की बात कही गई.

दस्तावेज में जो आधार कार्ड या राशन कार्ड लगाये गये हैं, वो धनबाद जिला के हैं. रांची से धनबाद जिला की दूरी 170 किमी है. यह कैसे संभव है कि हजारों गर्भवती महिलाएं इतनी दूर से रांची पहुंची. जानकारी के मुताबिक मेडॉल स्कैंस एंड लैब्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी राज्य के 12 जिलों में सरकारी अस्पतालों में होने वाली पैथेलॉजी जांच का संचालन करती है. पैथोलॉजी जांच के लिए कंपनी ने राज्य भर में 96 लोगों को फ्रेंचाईजी भी दे रखा है. आरोप है कि फ्रेंचाईजी देने में गड़बड़ी की गई है. फ्रेंचाईजी देने के लिए 25 प्रतिशत कमीशन तय कर दिया गया है.



▪ स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने जांच के आदेश दिये

▪ पूर्व ने सरकार को पत्र लिख घोटाले का लगाया था आरोप

## नशा कारोबार की कमर तोड़ेगा झारखंड सीआईडी

# 1462 गिरफ्तार अभियुक्तों का लिया जाएगा फिंगर प्रिंट

**संवाददाता। रांची**

नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री के खिलाफ झारखंड सीआईडी के निर्देश पर लगातार अभियान जारी है. नशा कारोबार पर रोक लगाने के लिए नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री के आरोप में गिरफ्तार 1462 अभियुक्तों का फिंगर प्रिंट लिया जाएगा. इसे लेकर झारखंड सीआईडी द्वारा सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और जिले के एसएसपी, एसपी को निर्देश दिया गया है. क्रिमिनल प्रोसीजर आइडेंटिफिकेशन एक्ट 2022 की धारा तीन के प्रावधान के आलोक में एनडीपीएस कांडों के अनुसंधान के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों का फिंगर प्रिंट लिया जाएगा.

### जेल में बंद नशीले पदार्थ की खरीद बिक्री के आरोपी

| जिला | आरोपी |
|---|---|
| चतरा | 368 |
| जमशेदपुर | 226 |
| रांची | 212 |
| हजारीबाग | 121 |
| खूंटी | 96 |
| गुमला | 84 |
| पलामू | 80 |
| लातेहार | 73 |
| सरायकेला | 53 |
| धनबाद | 25 |
| सिमडेगा | 24 |
| बोकारो | 22 |
| रामगढ़ | 21 |
| गढ़वा | 13 |
| गिरिडीह | 10 |
| दुमका | 09 |
| साहेबगंज | 09 |
| गोड्डा | 04 |
| कोडरमा | 03 |
| लोहरदगा | 03 |
| पाकुड | 03 |
| जामताड़ा | 02 |
| देवघर | 01 |

**लोकार्पण** ऑड्रे हाउस में मृत्युंजय शर्मा की किताब 'ब्रोकन प्रॉमिसेस' का विमोचन, किताब में बिहार के जंगलराज की दास्तान की गयी है बयां

# बिहार के पतन का दौर था 90 का दशक, दिन के उजाले में भी कोई नहीं था महफूज : हरिवंश

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

वर्ष 1990 से 2005 तक बिहार के पतन का दौर था. यह वो दौर था जब बिहार में राजनीतिक पतन, जातिवाद, हिंसा, नरसंहार चरम पर था. उस वक्त रात छोड़िये, दिन के उजाले में भी कोई अपने घर में महफूज नहीं था, लेकिन किसी भी मुद्दे पर नैरेटिव तय करने वाली अंग्रेजी मीडिया ने बिहार की हालत और बिहार के लोगों की पीड़ा को अंग्रेजी में बयां नहीं किया. यह बातें राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कही.

वे रविवार को रांची के ऑड्रे हाउस में भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा की लिखी किताब 'ब्रोकन प्रॉमिसेस' का विमोचन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने किताब में बिहार की हालात को अंग्रेजी में बयां करने के लिए मृत्युंजय को बधाई दी. हरिवंश ने कहा कि 90 के दशक के नरसंहारों को उन्होंने देखा है. उस वक्त दिन के उजाले में गांवों में घर बंद होते थे. औरतों की पीड़ा आप बयां नहीं कर सकते. हालत इतनी बुरी हो चुकी थी कि लोग अपना घर छोड़ कर पलायन कर रहे थे.



### कई राज्यों की तकदीर बदली मगर बिहार नहीं बदल सका

हरिवंश ने कहा कि बिहार की बीमारी की शुरुआत आजादी के बाद से ही हो चुकी थी. 70-80 के दशक में वहां जाति के आधार पर सांसद, विधायक चने जाने लगे, सरकारें बनने लगीं. 80 के दशक में देश-दुनिया के अर्थशास्त्रियों ने बिहार को बीमारू राज्य कहना शुरु कर दिया. 1957 में बेगूसराय से बूथ कैप्चरिंग की शुरुआत हो गई. उन्होंने यह भी कहा कि उदारीकरण के बाद देश के कई राज्यों ने अपनी तकदीर बदली, लेकिन बिहार बदल नहीं सका. हालांकि, अब धीरे-धीरे हालात बदल रहे हैं. हरिवंश ने कहा कि सत्ता में विजनलेस लोगों को लाने पर यही हाल होगा. इसलिए जनता उन्हें ही चुने, जिसके पास विजन हो.

### 90 के दशक में हजारों लोगों ने किया पलायन : बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड से बिहार अलग होने के पीछे राजनीतिक कारण है. संयुक्त बिहार में दक्षिण बिहार (झारखंड) की खनिजों का दोहन होता था, लेकिन विकास नहीं हो रहा था. ऐसे में अलग झारखंड राज्य की मांग तेज हुई. आंदोलन शुरू हुए और अलग राज्य बना. बाबूलाल ने कहा बिहार में 90 के दशक में बिगड़ी कानून-व्यवस्था के कारण हजारों संपन्न लोग अपना घर छोड़ कर पलायन कर गये.

### बिहार के शोषण की डायरी है ब्रोकन प्रॉमिसेसः अशोक भगत

पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि वे भी जेपी मूवमेंट के सिपाही रहे हैं. 90 के दशक में बिहार के हालात के गवाह रहे हैं. 'ब्रोकन प्रॉमिसेस' को उन्होंने बिहार के शोषण और पीड़ा की डायरी बताया. कहा कि बिहार राजनीति, अपराध, वामपंथ समेत कई चीजों के प्रयोग की धरती रही है. उस दौर में जनता जागरूक नहीं हुआ करती थी. उन्हें राजनीति, राजनेताओं और देश-दुनिया से सरोकार नहीं रहता था. लेकिन अब धीरे-धीरे परिवर्तन आया है.

### 90 का दशक बिहार की ट्रेजडी का दौर था : मृत्युंजय शर्मा

'ब्रोकन प्रॉमिसेस' के लेखक मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि 90 के दशक में बिहार की हालत पर एक भी किताब उन्हें नहीं मिली, तब जाकर उन्होंने यह किताब लिखी. 90 के दशक में बिहार में ट्रेजडी थी. बिहार में 60 से अधिक नरसंहार हुए और 600 से अधिक लोग मारे गये. उन्होंने कहा कि बिहार का पतन लालू यादव के राज में हुआ. 70-80 के दशक में जो बाहुबली और क्रिमिनल बूथ लूट कर नेताओं को चुनाव जीताते थे, वे लोग 90 के दशक में राजनीति में आ गये.

**बिहार के जंगल राज पर केंद्रित है किताबः मीनाक्षी ठाकुर** | वेस्टलैंड बुक्स ने 'ब्रोकन प्रॉमिसेस' का प्रकाशन और संपादन किया है. इसकी प्रकाशक मीनाक्षी ठाकुर ने कहा कि यह किताब बिहार के जंगल राज और लालू प्रसाद यादव के विनाशकारी शासन पर केंद्रित है. उन्होंने कहा कि बिहारी शब्द आज भी अपशब्द की तरह बिहार के लोगों के लिए इस्तेमाल होता है.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | सोमवार 29 अप्रैल 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 06 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 21 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





**पर्यावरण संरक्षण की मुहिम :** कतरी नदी के अस्तित्व पर आखिरी कील ठोंक रहे ईंट भट्ठा संचालक, इन्हें रोकनेवाला कोई नहीं

# कतरी नदी की छाती पर धधक रहे अवैध ईंट भट्ठे, नदी के आस्तित्व पर संकट

राम कुमार पांडेय। कतरास

नियम-कानून को ठेंगे पर रख कर अवैध ईंट भट्ठा का संचालन करनेवाले जमीन और पेड़ पौधों को तो नष्ट कर ही रहे हैं, लेकिन कोयलांचल की धरोहर मानी जानेवाली कतरी नदी को भी इन मनबढ़ु कारोबारियों ने खत्म करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. रामकनाली ओपी इलाके के लाल चौक स्थित कतरी नदी के सीने पर ही अवैध ईंट भट्ठे बेखौफ धधक रहे हैं. यहां इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है. वन विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस, पर्यावरण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सभी संस्थाएं कारगर उपाय करने में अक्षम साबित हो रही हैं. हालांकि, उपायुक्त के निर्देश पर खनन विभाग ने दो ट्रैक्टर व एक जेसीबी को पकड़ने का काम कर उम्मीदों को जिंदा रखा है.





### नदी किनारे ईंट भट्ठों का संचालन में कम खर्चीला

कतरास इलाके में कतरी नदी के ठीक बगल में ही कई ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है. न सिर्फ नदी के बगल से मिट्टी ली जाती है, बल्कि पानी आदि का भी जुगाड़ कतरी नदी से ही पूरा हो जाता है. इस वजह से नदी किनारे भट्ठों का संचालन कर्म खर्चीला होता है. बता दें कि नदी के आसपास के इलाके की मिट्टी भी ईंट के लिए बेहतर मानी जाती है. इस कारण यहां के ईंट भट्ठों में पकाई गयी ईंटों का बड़ा कारोबार होता है और बाजार में डिमांड भी ज्यादा होती है.

### माफिया के दोहन से संकीर्ण होने लगी है कतरी नदी की धार

अवैध भट्ठा संचालकों को कतरी नदी के किनारे मुफ्त में जमीन, पानी, मिट्टी सारी व्यवस्थाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं. सिर्फ पुलिस की जेब गर्म करते रहना होता है. इन अवैध कारोबारियों के लिए ये नदी मुनाफा का सौदा है. चिंता बात यह है कि इस नदी का अस्तित्व खतरे का निशान को पार कर चुका है. नदी की धार अब संकीर्ण हो चुकी है. कहीं-कहीं तो नाले में तब्दील हो गई है. ऐसे में ये भट्ठा संचालक नदी की पानी का उपयोग कर नदी की ताबूत में आखिरी कील ठोंकने का काम कर रहे हैं.

### नदी को संरक्षित करने की दिशा में प्रशासन के सारे दावे खोखले

कतरास शहर का नामकरण कतरी नदी के नाम पर ही हुआ है. कभी अपने कलकल बहते पानी से लोगों की प्यास बुझाने वाली कतरी नदी आज अधिकारियों की उदासीनता और अवैध ईंट भट्ठा कारोबारियों की मनबढ़ु प्रवृत्ति का शिकार हो रही है. नदी की वर्तमान हालत चीख-चीखकर यह बता रही है कि नदी को बचाने व संरक्षित करने की दिशा में शासन-प्रशासन के सारे दावे खोखले रहे हैं. अब ईंट के अवैध कारोबारी धीरे-धीरे नदी को नेस्तनाबूद कर रहे हैं.

**कभी कतरी नदी से मिलता था पीने का पानी**

पारसनाथ पहाड़ी से निकली कतरी नदी, जिसके किनारे कतरास शहर बसा है, झरिया कोलफील्ड के बाद यह कोयलांचल का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है. कभी कतरी नदी से कतरास वासियों को पीने का पानी मिलता है, लेकिन आज उस कतरी नदी की तस्वीर अवैध ईंट भट्ठा कारोबार के कारण बदतर व दयनीय होती जा रही है. कहा जाता है कि कतरी नदी कतरास सहित आसपास के इलाके की जीवनरेखा है. जानकारी के अनुसा,र इस नदी का पानी 1967 के भीषण आकाल में भी नहीं सूखा था. पहले स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े लोगों के सहयोग से नदी की सफाई होती थी. टाटा कंपनी के क्वार्टरों में भी इस नदी के पानी की सप्लाई आज भी होती है.

## लीकेज पाइप बन चुकी है झरिया के लाखों की आबादी की जीवनरेखा

# ... वरना रेगिस्तान सा होता अहसास



**संयुक्त बिहार के जमाने से ही सूबे के समृद्ध शहरों में झरिया का नाम भी शामिल था. इस क्षेत्र को कोल कैपिटल, माफिया सिटी, आग की धरती समेत कई नाम समय-समय पर मिलते रहे हैं. राजनीतिक समृद्धता भी यहां खासी गहरी रही है. इसके बावजूद यहां के बाशिंदे आज भी परेशान हैं. यकीन नहीं होगा कि कोयला राजधानी झरिया में लाखों की आबादी को आज भी पानी मुश्किल से नसीब होता है. सुबह उठने, कतार में पहले बाल्टी-बर्तन लगाने, फिर नल से पानी गिरने का इंतजार, बिजली कहीं धोखा न दे जाए... आदि पहलुओं के बाद दो-चार गैलन भी पानी मिल गया तो शुक्रिया... जी हां, आज नहीं, दशकों से जल समस्या को लेकर झरिया का यही हाल है.**

रणजीत कुमार सिंह। धनबाद

कोयला राजधानी के नाम से प्रख्यात झरिया की लाखों की आबादी ने पानी की समस्या से निजात पाने के लिए कुछ न कुछ अपना जुगाड़ लगा रखा है. जहां जुगाड़ नहीं है, फिर वहां पानी के लिए आंदोलन तो छोटी चीज है. क्योंकि झरिया शहर में पानी के लिए पूरी आबादी सिर्फ माडा की जलापूर्ति पर ही निर्भर है. लेकिन बिजली, मोटर, पाइप, लीकेज से लेकर माडा कर्मियों के वेतन भुगतान में भी कोई समस्या हुई, तो पानी सप्लाई रूक जाना यहां की पुरानी परंपराओं में शामिल है.

ऐसे में यदि दो से तीन दिन पानी की सप्लाई बंद हुई, तो फिर हाहाकार मचना स्वाभाविक है. झरिया की प्यासी जनता सड़कों पर गर्मी में तो लगभग हर साल ही उग्र आंदोलन करती आ रही है. दामोदर नदी पर बने जामाडोबा ट्रीटमेंट प्लांट से पूरे शहर में जलापूर्ति होती है. पहले पानी को आरएसपी कॉलेज के पास जलागार में भंडारण किया जाता है. इस भंडारण के लिए 40 ईंच की पाइप बिछाई गई है, जो शहर के झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग के किनारे से होकर गुजरती है. इसी पाइप लाइन से यदि पानी का जुगाड़ न लिया गया होता, तो शायद झरिया की आबादी का एक बड़ा इलाका रेगिस्तान जैसा अहसास करने के लिए मजबूर हो जाता. यहां बता दें कि इन जुगाड़ों में किसी भी जनप्रतिनिधि का कोई रोल नहीं है. क्योंकि ये सारी व्यवस्थाएं खुद जरूरतमंद जनता ने अपने दम पर खड़े किए हैं.

**जल संकट**

- इंदिरा चौक से लेकर धनसार तक के लोगों की बुझाती है प्यास
- दशकों से जुगाड़ पर निकाला जा रहा है जल समस्या का निदान

### लाखों की आबादी के लिए लीकेज पाइप वरदान

जुगाड़ की बात करें, तो असल में जलागार में भंडारण के लिए गई पाइप में लीकेज होने या फिर लीकेज करवाकर यहां से पानी की आपूर्ति की जाती है. क्योंकि इस पाइप में 24 घंटे पानी उपलब्ध रहता है. इसी कारण झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर आधा दर्जन स्थानों पर टंकी जैसा बना दिया गया है. जहां सप्लाई पाइप से लीकेज पानी रिसता और जमा होता रहता है. फिर यही पानी लोगों के घरों तक पहुंचता है. यहां लोग कपड़े भी धोते हैं, नहाते भी हैं और पीने का पानी भी ले जाते हैं. यह लीकेज पाइप असल में यहां के लाखों लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है. यदि ये नहीं होते, तो शायद इन इलाके में रहने वाले लोग झरिया में पानी की दिक्कत को किसी रेगिस्तान के बाशिंदे से कम महसूस नहीं करते. इंदिरा चौक से लेकर धनसार चौक तक लगभग आधा दर्जन स्थानों पर ऐसे ही लीकेज पाइप लोगों के जीने का सहारा बने हुए हैं.





## अब आंदोलन के कुएं से निकाला जाएगा पानी

**झरिया।** शहर के नई दुनिया, संतोष नगर, आशा विहार कॉलोनी के दर्जनों महिला-पुरुषों ने रविवार को इकट्ठा होकर खाली गैलन-बाल्टी के साथ विरोध प्रदर्शन किया. जल नहीं तो वोट नहीं, जल ही जीवन है, जल की कल्पना के बिना जीवन मुश्किल है, आदि बैनर के साथ यहां के लोगों ने जल नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाते हुए वोट बहिष्कार का ऐलान किया है. लोगों ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के दरवाजे पर हाजरी के बाद भी जब समस्या का समाधान नहीं निकला, तो अब आंदोलन के कुएं से ही पानी निकालने का काम किया जाएगा. इन तीनों कालोनी में करीब पांच हजार की आबादी रहती है. यहां पानी की घोर समस्या है. तीन सार्वजनिक नल हैं, कई घरों में जल संयोग के निजी कनेक्शन भी हैं, लेकिन इन नलों में पानी नहीं आता है. आंदोलन की अगुवाई कर रहे शैलेंद्र प्रसाद ने कहा कि इन इलाकों में पिछले छह सालों से पानी की घोर समस्या है. कई बार पानी को लेकर जन प्रतिनिधियों के दरवाजे खटखटाए, लेकिन हमारी समस्या किसी को सुनाई नहीं देती है. इस भीषण गर्मी में अब पानी के बिना जीवन बेहाल हो गया है. घर-घर जल योजना के तहत पाइप बिछाई जा रही है, लेकिन इसमें अभी काफी समय लगेगा. तब तक पानी का इंतजार कैसे किया जाए? उन्होंने यह भी कहा कि समस्या का समाधान हो जाता है, तो हमलोग वोट जरूर देंगे, नहीं तो वोट बहिष्कार के निर्णय पर कायम रहना मजबूरी होगी.



**वोट बहिष्कार**

- हजारों की आबादी ने किया जल नहीं, तो वोट नहीं का ऐलान
- तीन कॉलोनियों के लोगों ने बर्तनों के साथ किया प्रदर्शन

गिरिडीह से जुड़ा नकली नोट का तार, एटीएस ने की कार्रवाई

## बेंगाबाद में नोट गिनने की चार मशीनें बरामद, आरोपी फरार

संवाददाता। गिरिडीह/रांची

**खास बातें**

- प. बंगाल से भी है आरोपी जफरुल अंसारी का संबंध
- आसनसोल के दोस्त के साथ मिल अवैध कारोबार से जुड़ा

फेक करेंसी को लेकर झारखंड एटीएस की टीम ने बेंगाबाद थाना क्षेत्र में दबिश दी. इस क्रम में इलाके की चपुआडीह पंचायत के मुंडहरी गांव निवासी मो जफरुल अंसारी के घर पर छापेमारी की गयी. यहां से एटीएस की टीम ने नोट गिनने की चार मशीनें जब्त की हैं. हालांकि टीम के पहुंचने के पूर्व ही जफरुल घर से फरार होने में सफल रहा.

जानकारी के मुताबिक, झारखंड एटीएस को यह सूचना मिली थी कि गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मुंडहरी गांव से नकली नोट का धंधा जोर शोर से चल रहा है.इस सूचना पर एटीएस की टीम बीती देर रात गिरिडीह पहुंची और एसपी दीपक शर्मा को सूचना दी. इसके बाद एटीएस की टीम ने गिरिडीह पुलिस के सहयोग से जफरुल अंसारी के घर में छापेमारी की. इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी. एटीएस की टीम जफरुल के घर से कई अन्य संदिग्ध सामानों को भी जब्त कर अपने साथ ले गयी है. बताया जा रहा है कि जफरुल का संबंध पश्चिम बंगाल से भी है. आसनसोल में उसका साथी है. यहीं से जफरुल नकली नोट के कारोबार से जुड़ा और लोगों को झांसा देकर नोट डबल करने लगा. एटीएस की टीम जफरुल समेत उसके दोस्त की तालाश में जुट गयी है. बता दें कि नोटबंदी से पहले गिरिडीह से नकली नोट बरामद होता रहा था. अब जफरुल का मामला सामने आने के बार जिला पुलिस के भी कान खड़े हो गए हैं.

## बस और कार में सीधी टक्कर महिला की मौत, दो घायल

संवाददाता। जमशेदपुर

**सड़क हादसा**

- टाटा-हाता मुख्य मार्ग पर तेतला मोड़ के पास दुर्घटना
- मृतका के पति का हालत नाजुक, एमजीएम रेफर

पूर्वी सिंहभूम जिले टाटा-हाता मुख्य मार्ग पर तेतला मोड़ के पास एक बस और कार में सीधी टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. इस घटना में कार सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गए.

स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को किसी तरह कार से बाहर निकाल कर सदर अस्पताल भेजा गया. जांच के बाद दोनों घायलों को एमजीएम रेफर कर दिया गया है. घायलों में परसुडीह खासमहल निवासी चंदन महापात्रा और उसका साला असीम दास शामिल है, जबकि चंदन की पत्नी की मौत हो गई है. वहीं चंदन की हालत गंभीर देखते हुए उसे टीएमएच रेफर कर दिया गया है.

**ओडिशा के क्योंझर जा रहे थे कार सवार :** मिली जानकारी के अनुसार, असीम दास ओडिशा के क्योंझर का रहने वाला है. वह अपने जीजा और बहन को लेने के लिए जमशेदपुर पहुंचा था. यहां से तीनों लोग दोपहर करीब डेढ़ बजे घर से निकले था. कार चंदन महापात्रा चला रहा था, जबकि उसकी पत्नी आगे की सीट पर बैठी थी. इस बीच रास्ते में चाईबासा से पुरुलिया के बीच चलने वाली पुरुषोत्तम बस से आमने-सामने टक्कर हो गई.

## चॉकलेट गोदाम में लगी आग दो लाख के सामान का नुकसान



संवाददाता। जमशेदपुर

मानगो डिमना रोड स्थित एक चॉकलेट डिस्ट्रीब्यूटर के गोदाम में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई. घटना के रविवार की छुट्टी होने के कारण गोदाम बंद था. गोदाम से धुआं निकलता देख पास ही एक मेडिकल दुकान वाले ने डिस्ट्रीब्यूटर सूरज पोद्दार को फोन पर घटना की सूचना दी. इधर, सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन का एक दमकल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. मौके पर पहुंचे डिस्ट्रीब्यूटर सूरज ने बताया कि घटना से थोड़ी देर पहले ही वे गोदाम बंद कर घर के लिए निकल गए थे. पड़ोसी दुकानदार ने फोन कर घटना की सूचना दी. सूरज ने बताया कि पास ही बिजली का ट्रांस्फर्मर है. संभवतः शॉट सर्किट ने चिंगारी निकली होगी, जिससे गोदाम में आग लगी गई होगी. सूरज ने बताया कि अगलगी की इस घटना में करीब दो लाख के सामान का नुकसान होने का अनुमान है.

**अवैध लॉटरी कारोबार** अब तक अवैध लॉटरी के सरगनाओं के नहीं दबोचे जाने से पुलिस की कार्रवाई बेअसर

# आधा दर्जन मुकदमे दर्ज होने के बाद भी लॉटरी माफिया बेखौफ

रिजवान शम्स । धनबाद

जिले में लॉटरी माफियाओं के खिलाफ पुलिस की तरफ से लगातार कार्रवाई हो रही है. बावूजद इसके लॉटरी माफिया बेखौफ हैं और यह अवैध कारोबार बिना रोकटोक पूरे जिले भर में चल रहा है. अब तक जिला पुलिस व सीआईडी ने लॉटरी माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन मुकदमे दर्ज किये हैं, लेकिन अब तक कोई भी बड़ा लॉटरी कारोबारी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाया है. सिर्फ हॉकर और लॉटरी का टिकट बेचने वाले ही सलाखों तक पहुंच पाए हैं. यहां तक कि जिन लॉटरी माफियाओं के नाम पर मुकदमे दर्ज हुए, उनके ठिकानों पर पुलिस ने एक बार भी छापेमारी तक नहीं की है. ऐसे में पुलिस की सख्ती भी असरदार साबित नहीं हो रही है. नतीजतन, फिर से यहां प्रतिदिन लाखों रुपये के दांव लॉटरी पर खेले जा रहे हैं.

### गोविंदपुर में 50 हजार की लॉटरी व डेढ़ लाख नगद जब्त



गोविंदपुर पुलिस ने गांवभीतर इलाके के रहने वाले मृदुल बिष्टू के घर छापेमारी की थी. यहां से पुलिस ने 50 हजार की लॉटरी टिकट और डेढ़ लाख रुपये नगद बरामद करने में कामयाबी पाई है. हालांकि मृदुल बिष्टू फरार होने में कामयाब रहा है. पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है. छानबीन में ये बात सामने आई है कि वो निरसा के एक कारोबारी के यहां से लॉटरी टिकट लाकर बेचने का काम करता है. मृदुल बिष्टू पहले कपड़े का काम करता था. बाद में लॉटरी कारोबार में मोटी कमाई देख कर इस अवैध कारोबार में उतर गया. इस मामले में पुलिस की छानबीन जारी है. कई अन्य नामों को पुलिस अनुसंधान के दायरे में लाकर उनको भी अभियुक्त बना सकती है.

**एक करोड़ की लॉटरी टिकट बरामदगी का सरगना फरार**

निरसा में एक कारोड़ की नकली लॉटरी टिकट छपवा कर लोगों को चूना लगाने के मामले में नामजद किये गये आनंद साव, अजीत साव और गुरुदेव रवानी समेत दर्जन भर लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था. यहां भी पुलिस लॉटरी छपाई करने वाले वर्कर और हॉकरों को दबोच पाई, जबकि सरगना पुलिस की पकड़ से दूर रहा. इन सभी मामलों में लॉटरी माफियाओं के नहीं दबोचे जाने से इनके हौसले बुलंद हैं और अपना काला कारोबार फिर से फैला रखा है.

### समीर पर दर्ज हुए थे तीन मुकदमे अब तक गिरफ्तारी नहीं

झरिया में लॉटरी कारोबार का सरगना समीर अहमद के खिलाफ तीन-तीन मुकदमे दर्ज हुए. लेकिन अभी तक पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई है. यहां तक कि समीर अहमद जिस थाना क्षेत्र में रहता है, यानी झरिया के उपर कुल्ही सिंदरी रोड से ही अपना पूरा अवैध कारोबार संचालित करता है. स्थानीय पुलिस ने अभी तक उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है. बता दें कि समीर के खिलाफ धनबाद थाने में सीआईडी की रांची से आई टीम ने मुकदमा दर्ज कराया थाा. धनबाद स्टेशन में उसके हॉकर लॉटरी टिकट के साथ दबोचे गए थे. इसके बाद जामाडोबा बड़कीटांड में एक गोदाम में लाखों रुपये के लॉटरी टिकट बरामद हुए थे, उस वक्त भी समीर मुख्य आरोपियों में शामिल था. फिर भौंरा के रेल क्वार्टर में अवैध लॉटरी टिकट बरामद होने पर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी. तीन-तीन मुकदमों के बाद भी पुलिस की किसी भी टीम ने उसके ठिकानों पर दबिश नहीं दी. इस कारण आज भी उसका कारोबार बेखौफ चल रहा है और पूरे परवान पर है.

## ब्रीफ खबरें

### आपराधियों ने की छिनतई थाने में शिकायत दर्ज

**धनसार ।** धनसार थाना क्षेत्र मनईटाड़ में पल्सर सवार दो अपराधियों ने 53 वर्षीय राकेश महतो के गले से सोने की चेन छीन ली. इस संबंध में राकेश ने धनसार थाना में अज्ञात दो पलसर सवार के खिलाफ शिकायत की है. राकेश का कहना है कि वह रविवार की सुबह अपने भवतारिणी पथ मनईटाड़ से पुराना बाजार धनबाद सब्जी खरीदने गया था. सब्जी खरीद वह अपने घर आ रहा था. तभी मनईटाड़ बिचाली गोदाम के पास बाइक सवार ने झपट्टा मारते हुए गले से सोने का चेन छीन लिया. वारदात में प्रयुक्त बाइक पल्सर थी. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.

### सीओ ने तीन बूथों के पास से हटाया अतिक्रमण

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में सुरक्षा के मद्देनजर डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदान केंद्रों के पास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है. इस कड़ी में रविवार को सीओ शशिकांत सिंकर की निगरानी में बरमसिया पुल के समीप तीन बूथों के पास से अतिक्रमण हटाया गया. सीओ ने बताया कि मतदान केंद्र संख्या 124, 125 और 126 के आसपास सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर संरचना खड़ी की गई थी, जिसे हटाया दिया गया है.अतिक्रमण हटाओ अभियान में मजिस्ट्रेट व धनबाद थाना की पुलिस शामिल थी.

### ढुल्लू के नामांकन में हिस्सा लेने का निर्णय

**तेतुलमारी।** कतरास क्षेत्र के वेस्ट मोदीडीह में रविवार की शाम एटक समर्थकों की एक बैठक हुई. बैठक में 30 अप्रैल को विधायक ढुल्लू महतो के नामांकन कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का निर्णय लिया गया. वक्ताओं ने कहा कि सैकड़ों की संख्या में एटक समर्थक जुलूस की शक्ल में पांडेडीह बाजार तेतुलमारी सुभाष चौक, शक्ति चौक होते हुए नामांकन के लिए रवाना होंगे. कई जगहों पर पेयजल एवं शर्बत की व्यवस्था की जाएगी. उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने में हमलोग अहम भूमिका निभाएंगे.

### रेलवे का टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद ।** धनबाद रेल मंडल द्वारा चलाए गए मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान के साथ-साथ विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान भी चलाया गया. विशेष टिकट चेकिंग अभियान के तहत गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की गई। जिसमें 168 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था.

विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे 1564 यात्रियों को पकड़ा गया.

### शीतल पेयजल मशीन लगाने का निर्णय

**मैथन ।** मारवाड़ी युवा मंच, चिरकुंडा की बैठक रविवार को मिट्ठू गढ़यान के आवासीय कार्यालय में अध्यक्ष विपुल शर्मा की अध्यक्षता में हुई. जिसमें भीषण गर्मी को देखते हुए विमल गढ़यान के घर के बाहर शीतल पेयजल के लिए एक मशीन लगाने और बाजार में गौ माता के गले में रेडियम बेल्ट लगाने का निर्णय लिया गया ताकि रात को दुर्घटना से बचा जा सके. मौके पर प्रणव गढ़यान, विपुल शर्मा, अनुराग गढ़यान, रोहित खरकिया, निक्कू शर्मा, यीशु जिंदल, मिट्ठू गढ़यान के अलावा मंच के अन्य सदस्यों का पूरा सहयोग रहा.

---

### कांग्रेस प्रत्याशी ने झरिया के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा किया

# भय व आतंक खत्म करना होगी प्राथमिकता : अनुपमा सिंह

**संवाददाता। धनबाद**

कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने रविवार को झरिया के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा किया. जिसके दौरान उन्होंने कहा कि कोयलांचल सहित पूरे धनबाद लोकसभा क्षेत्र में भय और आतंक को खत्म करने के साथ साथ धनबाद के लिए कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकता होगी. उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के क्रम में लोगों का अपार स्नेह देखकर विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी धनबाद लोकसभा से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी. जीतने के बाद धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के साथ



कंधे से कंधे मिलाकर काम करते हुए उनके विश्वास पर खरा उतरेंगी.

**कहां कहां हुए कार्यक्रम :** कार्यक्रम के क्रम में उन्होंने कतरास मोड़ में मजदूर नेता स्व.सूर्यदेव सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया. उसके बाद में कतरास मोड़ स्थित झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के कार्यालय पहुंचकर स्वर्गीय नीरज सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इसके बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू, जयप्रकाश नारायण के प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित किया. लक्ष्मीनिया मोड़ में किशन साहू पहलवान की मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं वहां प्रत्याशी का जोरदार स्वागत हुआ. सब्जी पट्टी में टेंपो चालकों एवं स्थानीय लोगों के द्वारा एवं राज ग्राउंड में विक्रमा यादव के घर के सामने एवं चार नंबर टैक्सी स्टैंड में वहां के स्थानीय लोगों के द्वारा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया गया.

दौरे के क्रम में लक्ष्मीनिया मोड़ से इंदिरा चौक तक रोड शो एवं इंदिरा चौक में इंदिरा गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं इंदिरा चौक से शमशेर नगर ऊपर कुल्ही तक पदयात्रा की गई. सभी कार्यक्रमों में भारी संख्या में लोग उपस्थित थे . प्रत्याशी का बस्ताकोला में गायत्री पासवान के घर के सामने जोरदार स्वागत किया गया . कार्यक्रम में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, विक्रम यादव, नवीन सिंह, गणेश बहादुर, पार्षद हुलासो देवी, इरफान खान, चौधरी पिंटू तुरी, बाबू अंसारी, सूरज वर्मा, महेंद्र पासवान, वीरेंद्र बहादुर, आनंद मोदक, टीपू साव, संतोष लाल, दीपक सिंह, आरिफ खान, मोहम्मद फैज, गौतम पासवान, मुनमुन सिंह, राजेश सिंह, बंटी, राखी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

**खास बातें**

- धनबाद से कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत होगी
- नीरज सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

---

# गोमो में कलशयात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



**संवाददाता। गोमो**

गोमो में रविवार को कलशयात्रा के साथ चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ हुआ. विश्व गायत्री परिवार की ओर से टीआरएस कॉलोनी गोमो स्थित गायत्री मंदिर परिसर से सुबह में गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. सिर पर कलश लिये महिलाएं मंदिर प्रांगण से निकलकर गोमो बाजार का भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर जीतपुर पहुंची, जहां वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया. इसके बाद कलशयात्रा वापस यज्ञ स्थल पहुंची. शांतिकुंज हरिद्वार से आए विद्वान पंडितों ने विधिवत पूजन-अनुष्ठान कर कलश की स्थापना कराई. गायत्री मंत्र के उच्चारण से वातावरण गूंजायमान रहा.

हरिद्वार से आए गुरु श्रीराम तपस्या यादव ने कहा कि घट यानी कलश ब्रह्मांड का प्रतीक है.

---

### धनबाद में चुनावी सरगर्मी तेज

# भीषण गर्मी में भी नामांकन को दौरान होगा शक्ति प्रदर्शन

- कई दिग्गजों के जुटान की है खबर

**अमित सिन्हा । धनबाद**

धनबाद लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार से नामांकन शुरू हो जाएगा. नामांकन के दौरान इस झुलसाती गर्मी में भी प्रत्याशियों द्वारा शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा. भाजपा एवं कांग्रेस दोनों पार्टियों के प्रत्याशियों के नामांकन के बाद गोल्फ ग्राउंड में एक जनसभा का आयोजन किया जाना है. जिसमें शिरकत करने कई दिग्गज नेताओं का जुटान होगा. 30 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो नामांकन करेंगे तो वहीं एक मई को कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का नामांकन होगा. तपती गर्मी में समर्थकों का जुटान जिला प्रशासन के लिए चुनौती से कम नहीं होगी. मालूम हो कि एक मई को ही मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी भी अपना नामांकन करेंगे.

**किसकी शक्ति का होगा ज्यादा प्रदर्शन :** धनबाद लोकसभा में आमने सामने भाजपा और कांग्रेस ही दिख रही है. वहीं दोनों पार्टी के प्रत्याशी धनबाद लोकसभा क्षेत्र के नहीं है . दोनों गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के हैं. बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो और बेरमो विधायक अनूप सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है . दोनों प्रत्याशी गिरिडीह लोकसभा से आकर गोल्फ ग्राउंड में कितनी भीड़ जुटाते हैं, इस शक्ति का प्रदर्शन नामांकन के दिन हो जाएगा.



**खास बातें**

- धनबाद में भाजपा और कांग्रेस आमने सामने
- पार्टियों में भीड़ जुटाने की लगी है होड़

#### राजस्थान के मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रहेंगे मौजूद

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद रहेंगे. नामांकन के बाद गोल्फ ग्राउंड में जनसभा भी होगी. इस जनसभा में बड़ी भीड़ जुटने की उम्मीद है . गोल्फ ग्राउंड में आयोजित इस जनसभा में ढुल्लू महतो बड़ी भीड़ जुटा कर अपना शक्ति प्रदर्शन करेंगे . 30 अप्रैल से भाजपा का चुनाव प्रचार और तेज होगा.

#### समाहरणालय के आस पास नारेबाजी पर रहेगी रोक

नामांकन के दौरान समाहरणालय के आस पास 500 मीटर के दायरे में नारेबाजी पर पूरी तरह रोक रहेगी. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी के कक्ष में प्रत्याशी सहित अधिकतम पांच लोगों को ही प्रवेश मिलेगा . नामांकन की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी के निगरानी में होगी. इसके अलावा नामांकन की पूरी प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी कराई जाएगी. प्रत्याशी के साथ आने वाले समर्थक तथा कार्यकर्ताओं को एक निश्चित दूरी पर ही रोक दिया जाएगा . छह मई तक नामांकन किया जा सकता है .

#### कल्पना सोरेन समेत प्रदेश प्रभारी व अध्यक्ष रहेंगे मौजूद

कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह एक मई को नामांकन दाखिल करेंगी. दोपहर एक बजे नामांकन दाखिल किया जाएगा. इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन सहित अन्य लोग मौजूद रहेंगे. नामांकन के बाद तीन बजे गोल्फ ग्राउंड में जनसभा का आयोजन किया जाएगा . जिसमे अनुपमा सिंह द्वारा भी बड़ी भीड़ जुटा कर शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा .

---

### आयोग के गाइडलाइन का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# नामांकन को लेकर किया मॉक ड्रिल

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद लोकसभा सीट के लिए 29 अप्रैल से होने वाले नामांकन की तैयारी को लेकर रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार समाहरणालय में मॉक ड्रिल किया गया. इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक एच.पी.जनार्दनन मौजूद रहें. मॉक ड्रिल के दौरान 100 मीटर की परिधि से लेकर नामांकन दाखिल तक की सभी गतिविधियों का सुचारू अभ्यास किया गया. डमी कैंडिडेट के रूप में नामांकन की प्रक्रिया भी कराई गई. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रत्याशी के साथ एक प्रस्तावक होना चाहिए. जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के लिए 10 प्रस्तावक होने चाहिए. आरओ कक्ष में केवल पांच लोग ही प्रवेश कर सकेंगे.

**नामांकन के लिए लगेगी 25 हजार की जमानत राशि**

उपायुक्त ने बताया कि सामान्य के लिए 25 हजार रुपये जमानत राशि चुनाव लड़ने के लिए सामान्य जाति के प्रत्याशियों को 25 हजार रुपये जमानत राशि तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 12 हजार 500 रुपये निर्धारित की गई है. एक प्रत्याशी अधिकतम चार नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे लेकिन जमानत राशि प्रथम नामांकन पत्र के साथ ही जमा करनी होगी.



#### तैनात मजिस्ट्रेट और पुलिस बल को किया गया ब्रीफ

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फ़ोर्स को ब्रीफ करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए. उन्होंने कहा कि ड्रॉप गेट पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं धनबाद अंचलाधिकारी मजिस्ट्रेट पुलिस फोर्स के साथ तैनात रहेंगे. नामांकन के दौरान उम्मीदवारों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में समर्थकों के आने पर रोक रहेगी. प्रत्याशी को लेकर कुल केवल पांच लोग ही अंदर जा सकेंगे. आरओ कक्ष के बाहर तोपचांची अंचलाधिकारी एवं एग्यारकुण्ड बीडीओ मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहेंगे. साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन, अस्थाई शौचालय, पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी, बिजली, साफ-सफाई, पार्किंग, बैरिकेटिंग,यातायात की समुचित व्यवस्था समेत आदर्श आचार संहिता को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए. वरीय पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थियों के साथ आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने एवं यातायात की समुचित व्यवस्था के साथ साथ सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए. मौके पर सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद जिला, आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, एनडीसी दीपक दुबे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें .

---

# दस बाइक जब्त व चार कोयला चोर गिरफ्तार

**संवाददाता। पुटकी/धनसार**

एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने रविवार को कोयला चोरों के खिलाफ अभियान चलाया. इसके तहत केंदुआ पुलिस ने पांच बाइक व दो लोग, धनसार पुलिस ने पांच बाइक और दो लोग, धनबाद पुलिस ने कोयला लदा पिकअप वैन और दो लोगों को दबोचा है. इन सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर इन्हें जेल भेजा जाएगा. बताते चलें कि धनबाद थाना क्षेत्र के धैया खटाल में पिछले दो महीनों से अवैध कोयला जमाकर पिकअप वैन से गोविंदपुर के भट्ठों में भेजा जा रहा था. इस संचालन में स्थानीय पुलिस के लिए एक-दो को मिलाकर रखा गया था. मामले की गुप्त सूचना किसी ने एसएसपी तक पहुंचा दी.

इसके बाद धनबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके पर जाकर एक पिकअप वैन, जिसमें कोयला लदा था, उसे जब्त किया. साथ ही दो गणेश यादव और विजेंद्र यादव को दबोच लिया. दोनों से पूछताछ की जा रही है. वहीं केंदुआडीह पुलिस ने रविवार को मटकुरिया चेकपोस्ट के निकट दो कोयला चोरों को दबोचा है. इसके साथ ही पांच मोटरसाइकिल भी जब्त हुए हैं, जिन पर कोयला लदा था. केंदुआ पुल के समीप बाइक पर पांच बाइक वाले कोयला लेकर जा रहे थे. पुलिस को देखकर ये लोग भागने लगे और इनमें दो बाइक सवार को पुलिस ने दबोच लिया जबकि अन्य तीन बाइक वाले कोयला छोड़कर फरार हो गए. कोयला को काली बस्ती गोधर से गोविंदपुर व टुंडी ले जाया जा रहा था.

दरोगा धीरज कुमार मिश्र ने छापामारी में गिरफ्तार पूर्वी टुंडी के काजल मंडल, पथरिया के अंकुर गोराई को जेल भेज दिया. बताते चलें कि मटकुरिया चेकपोस्ट के बंद होने के बाद शहर में बाइक से कोयला चोरी करने वालों की सक्रियता बढ़ गई है. जबकि धनसार पुलिस ने इलाके में रविवार को बाइक से कोयला ढुलाई करनेवाले चोरों के खिलाफ अभियान चलाया. इस दौरान क्षेत्र में कोयला चोरों के खिलाफ हड़कंप मच रहा.

**खास बातें**

- मटकुरिया चेकपोस्ट व धनसार में पुलिस ने चलाया अभियान
- अवैध कोयला लदे पिकअप वैन के साथ दो धराए

---

### जयराम महतो एक मई को गिरिडीह सीट से करेंगे नामांकन



**तोपचांची ।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में चुनाव 25 मई को होना है. झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जयराम महतो इस सीट से एक मई को नामांकन दाखिल करेंगे. यह जनकारी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार रजक ने रविवार को तोपचांची स्थित अपने आवासीय कार्यालय रामाकुण्डा में प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने कहा कि एक मई को मजदूर दिवस है. इस पुनीत अवसर पर इस बार जयराम महतो के रूप में मजदूर का बेटा चुनाव मैदान में उतरेगा. उन्होंने कहा कि जयराम महतो को गिरिडीह की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है. उन्होंने संगठन के कार्यकर्ताओं व आम लोगों से नामांकन रैली में शामिल होने की अपील की.

---

### दयाल महतो झामुमो में पुनः शामिल होकर की घर वापसी

# कार्यकर्ताओं ने मथुरा प्रसाद महतो को जिताने के लिए भरी हुंकार

**संवाददाता। महुदा**

इंडिया महागठबंधन बाघमारा विधानसभा के कार्यकर्ताओं की एक बैठक रविवार को रवि महतो स्मारक बीएड कॉलेज महुदा में हुई. जिसमें इंडिया गठबंधन के झामुमो, कांग्रेस, राजद, मासस, आप पार्टी के सभी कार्यकत्ताओं ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के जेएमएम प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को भारी मतों से विजय बनाने की हुंकार भरी. कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कहा कि मथुरा प्रसाद महतो की टक्कर में कोई नहीं है. उनकी जीत पक्की है.

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी से जनता का मोहभंग हो चुका है. इस बार बदलाव की लहर है. उन्होंने कार्यकर्ताओं को पूरे मुस्तैदी के साथ चुनाव प्रचार करने एवं इंडिया के चुनावी घोषणा को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया. वहीं झामुमो के पुराने नेता दयाल महतो ने कार्यक्रम के दौरान घर वापसी करते



हुए पार्टी में शामिल हो गए. मालूम हो कि दयाल महतो कुछ वर्ष पूर्व झामुमो छोड़ कर भाजपा में चले गए थे.मौके पर कार्यक्रम में ब्राह्मण सामाज के जिला अध्यक्ष रविन्द्र पाण्डेय, मासस के केन्द्रीय महासचिव कॉ. हलधर महतो,राजेन्द्र प्रसाद राजा, कंचन महतो,कॉ. शेख रहीम ,राजद के तारापद धीवर, झामुमो के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी, पूर्व मुखिया गजाधर महतो,दयाल महतो,रंजीत महतो,प्रो. तेज प्रकाश पाण्डेय,दिनेश कुमार पाठक,अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी, मधुसुदन महतो,राहुल महतो,शिवाकर महतो,अभिराम महतो,अब्दुल समद अंसारी ,असलम मंसुरी,राजकुमार महतो, पूर्व मुखिया छोटेलाल महतो, चक्रधारी महतो, परमेश्वर रवानी,मुखिया मो. आजाद, पूर्व मुखिया सुरेश महतो,मुखिया प्रतिनिधि दिनेश महतो, सीताराम महतो, मन्नु आलम, सुखदेव विद्रोही, रंजीत सिंह, गंगाधर महतो, राजद के जिला अध्यक्ष तारकेश्वर यादव ,सतीश महतो,समीद खान, दिनानाथ केवट, मधुसुदन महतो, डॉ. राजेश यादव, सुमीत कुमार महतो, कनचन महतो, रामचन्द्र महतो, मो. समीम शैख, सगीर शैख, सफीक शैख, अनवर अंसारी, मो. मजीद अंसारी मौजूद थे.

---

### टीम में माही क्लब की नौ खिलाड़ियों का चयन

**मैथन।** झारखंड क्रिकेट संघ द्वारा पाकुड़ में आयोजित अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट में धनबाद जिला की टीम में कुमारधुबी के माही क्रिकेट क्लब से नौ लड़कियों का चयन किया गया है. यह जानकारी क्लब के अध्यक्ष सह झारखंड क्रिकेट संघ के आजीवन सदस्य अभिजीत घोष ने दी. बताया गया कि 30 अप्रैल से आयोजित टूर्नामेंट में क्लब की कोयल, अनु कुमारी, आनंदी, आरती, सुषमा, अंकिता मौर्य, रिया, समृद्धि तथा सुमन का चयन हुआ है. धनबाद की अंडर-19 टीम में भी इसी क्लब से पांच लड़कियों का चयन हुआ था. जिन्होंने उम्दा प्रदर्शन कर धनबाद जिला को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी. घोष ने इन क्रिकेटरों के बधाई दी है. कोच कुंदन कुमार राज और भागीरथ रजवार को भी सराहा.

### महुदा में इग्नू की इंडक्शन बैठक संपन्न

**महुदा ।** महुदा महाविद्यालय इग्नू अध्ययन केंद्र में रविवार को जनवरी 2024 सत्र के छात्र - छात्राओं की इंडक्शन मीटिंग आयोजित की गई. मीटिंग में जनवरी 24 सत्र में नव नामांकित छात्र छात्राओं ने भाग लिया. मीटिंग का उद्घाटन संयुक्त रुप से महाविद्यालय के सचिव प्रोः दीप नारायण शर्मा, समन्वयक प्रोः गंगेश झा एवं प्राचार्य श्याम लाल महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया. उक्त बैठक में नामांकित छात्र छात्राओं और परामर्श दाताओं का एक दूसरे से परिचय कराया गया.




---

**कतरास**

### जदयू ने गिरिडीह से चन्द्रप्रकास को जिताने का लिया संकल्प

# हमें विस्थापितों के दर्द का एहसास है : चन्द्रप्रकाश चौधरी

**संवाददाता। कतरास**

जदयू के कार्यकर्ताओं ने रविवार को यहां गिरिडीह से एनडीए के लोकसभा प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी को जिताने का संकल्प लिया.श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू बाघमारा विधानसभा के पंचायत प्रभारी सह प्रभारी और प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप की अध्यक्षता में हुई. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एनडीए प्रत्याशी सह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी एवं जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए. बैठक के दौरान जदयू कार्यकर्ताओं ने गिरिडीह



लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी को जिताने की रणनीति बनाई.साथ ही प्रत्येक बूथों पर जदयू कार्यकर्ता को सक्रिय रहने का निर्णय लिया.

बैठक को संबोधित करते हुए एनडीए प्रत्याशी सह सांसद श्री चौधरी ने कहा कि हमारे पांच वर्षों के कार्यकाल में अनगिनत विकास के कार्य हुए हैं. विस्थापितों के हक के लिए हम लड़ते रहे हैं. हम खुद विस्थापित है. इसलिए हमें विस्थापितों के दर्द का एहसास है. आगे भी लड़ेंगें.उन्होंने कहा कि जदयू आज एनडीए फोल्डर में सबसे बडा.और मजबूत है . जदयू के बिना एनडीए अधूरा है.

#### फिर मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी

जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने कहा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर जदयू के कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रदेश में 14 लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए कमर कस ली है . गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी को भारी बहुमत से जदयू कार्यकर्ता विजय बनाएंगे और फिर से केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी . बैठक में जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिन्दु देवी,जिला महासचिव दीपक महतो,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विद्यानंद पासवान,पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रंजीत यादव ,जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जदयू नेता फुलचंद दास, जदयू टुंडी प्रखंड यूवा अध्यक्ष गौतम पाण्डेय, जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए .

---

# तेतुलमारी के मलिया बगान के समीप लगी भीषण आग



**संवाददाता। तेतुलमारी।**

तेतुलमारी शक्ति चौक के मलिया बगान के समीप के झाड़ियों मे रविवार को भयंकर आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई. इस घटना में गाय, बकरी सहित कई जानवर झुलस गये. जंगली जानवर भी भागने लगे, लोगों ने निजी स्तर से पानी डाल कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया. पर सफलता नहीं मिली. लोगों ने बताया पूर्व में भी पहाड़ी में आग लगी थी, इसकी सूचना हमलोगों ने वन विभाग के अधिकारियों को दिया थी, लेकिन वन विभाग की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया था.

इस बार भी आग लगने की जानकारी वन विभाग को दिया। समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने की दिशा पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी.

## ब्रीफ खबरें

### युवकों ने थामा भाजपा का दामन

**धनवार (गिरिडीह)।** बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में युवकों ने भाजपा का दमन थाम लिया. सिंह ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया. कहा कि भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर युवक पार्टी में शामिल हो रहे हैं. उन्होंने कोडरमा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को जीताने की बात कही . पार्टी में रोहित कुमार ,रूपेश सिंह ,नीरज चौधरी ,सनी चौधरी, गोलू चौधरी ,बंटी स्वर्णकार, मनोहर उपाध्याय ,पवन कसेरा, रुपेश सोनी ,गोपाल स्वर्णकार, मोहन सोनी ,अनुज कुमार ,जितेंद्र कुमार ,विपिन गुप्ता, सुनील कसेरा ,सचिन कुमार शामिल हुए.

### माले ने विनोद सिंह के लिए चलाया अभियान

**गिरिडीह ।** भाकपा माले ने रविवार को सदर प्रखंड के लेदा में जन संपर्क अभियान चलाकर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को जिताने और इसके लिए घर-घर से चुनावी संघर्ष कोष में 20 रुपए सहयोग देने का आह्वान किया है. लेदा में जन संपर्क अभियान की अगुवाई पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने की. उन्होंने कहा कि कोडरमा में सर्वाधिक बार भाजपा के ही सांसद होने पर भी पूरा लोकसभा का क्षेत्र उपेक्षित रहा है.

### जारंगडीह में कलश यात्रा के साथ यज्ञ शुरू हुआ

**कथारा (बोकारो)।** बेरमो प्रखंड के जारंगडीह में रविवार को कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री श्री रामचरितमानस नवाहन परायण यज्ञ का शुभारंभ किया गया. कलश यात्रा जारंगडीह यज्ञ स्थल से आरम्भ किया गया, जो दामोदर नदी तट पर पहुंची. जहां मुख्य आचार्य पुरेन्द्र जी महाराज और सहयोगी पुरोहित कपिल देव पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कर विधिविधान से कलशों में जल भरा गया. इस दौरान जय श्री राम की गगनभेदी जयकारे से जारंगडीह का माहौल भक्तिमय हो गया. कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई.

### भक्ति जागरण के साथ यज्ञ संपन्न

**कथारा (बोकारो)।** बेरमो क्षेत्र के कथारा रेलवे कॉलोनी स्थित श्री श्री साम्ब सदाशिव पंचायतन परिवार का तीन दिवसीय यज्ञ पूजा अनुष्ठान शनिवार की देर रात भक्ति जागरण के साथ संपन्न हो गया. मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर जागरण का उद्घाटन किया. सरगम म्यूजिकल ग्रुप धनबाद के कलाकारों ने भक्ति गीतों से श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया. सांसद एवं विधायक ने महिलाओं को उक्त आयोजन में अपनी अहम भागीदारी निभाने पर उन्हें बधाई दी.

### प्रवासी मजदूरों का मिलन समारोह संपन्न

**गावां ।** गावां प्रखंड के पिहरा गांधी मैदान में रविवार को नवयुवक समाजसेवी संघ प्रवासी मजदूर की ओर से मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य पवन चौधरी, समाजसेवी संजय यादव उपस्थित थे. कार्यक्रम में दर्जनों प्रवासी मजदूरों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में मतदाता जागरुकता अभियान भी चलाया गया. सभी लोगों को मतदान के दिन कामकाज छोड़कर सबसे पहले वोट देने की अपील की गई. मौके पर जिप सदस्य पवन चौधरी ने कहा कि मजदूरों के हित में इस संगठन द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं.

---

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सहित इंडिया गठबंधन के कई दिग्गज होंगे शामिल

# गांडेय उपचुनाव के लिए आज नामांकन करेंगी कल्पना सोरेन

संवाददाता। गिरिडीह



गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए सोमवार को इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार कल्पना सोरेन नामांकन करेंगी. नामांकन के मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बसंत सोरेन सहित इंडिया गठबंधन के कई दिग्गज मौजूद रहेंगे. रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उक्त जानकारी दी. उन्होंने बताया कि कल्पना सोरेन रविवार को ही हवाई मार्ग से शाम 4:00 बजे गिरिडीह पहुंचेगी और रात्रि विश्राम उत्सव उपवन में करेंगी. बताया कि पूर्व में सभी धर्म के धार्मिक स्थलों में कल्पना का भ्रमण का कार्यक्रम था पर परिवार में आकस्मिक मौत के बाद उक्त कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है. बताया गया कि कल्पना के नामांकन को लेकर सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बोडो हवाई अड्डा से सीधे समाहरणालय पहुंचेंगे. इधर कल्पना का काफिला सुबह 10:30 उत्सव उपवन से समाहरणालय पहुंचेगा. गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निर्वाचित पदाधिकारी गुलाम सबदनी के कार्यालय कक्ष में नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. सिंह ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी किए जाने के बाद पपरवाताड़ मैदान में गठबंधन के नेता जनसभा को संबोधित करेंगे.

**जनसभा के बाद कार्यालय का होगा उद्घाटन :** पार्टी जिला अध्यक्ष ने बताया कि जनसभा के बाद गांडेय प्रखंड के मोहनडीह तथा बेंगाबाद चौक में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा. बताया गया कि तय कार्यक्रम के अनुसार 30 अप्रैल से कल्पना सोरेन क्षेत्र का भ्रमण करेंगी. बताया गया कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गिरिडीह के 15 पंचायत सहित गांडेय व बेंगाबाद प्रखंड में माइक्रो लेवल पर गठित कमेटी उप चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाएगी.

**हेमंत व चंपाई के उल्लेखनीय कार्य होंगे मुख्य चुनावी मुद्दे**

संजय सिंह ने बताया कि उपचुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन द्वारा ढाई वर्षो में किए गए उल्लेखनीय कार्य उपचुनाव का मुख्य मुद्दा होगा . कहा कि दो वर्ष कोरोना के कारण संकट काल का रहा . उन्होंने दावा किया कि झारखंड देश में एकमात्र ऐसा राज्य है जहां सर्वजन को पेंशन दी जा रही है . उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 2022 तक सभी को आवास देने का दावा कर रही थी, पर अभी राज्य में 22 लाख लोग आवास विहीन हैं . स्वीकृति पीएम आवास का पैसा भी केंद्र सरकार ने रोक रखा है . केंद्र सरकार से नाउम्मीदी के बाद राज्य सरकार ने लोगों को आबुआ आवास देने का निर्णय लिया . फिलहाल 27000 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं . एक सवाल के जवाब में सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा को भी नामांकन को लेकर आमंत्रण भेजा गया है . अब कार्यक्रम में आना या न आना उनकी मर्जी है . उन्होंने पुन : दोहराया कि विनोद सिंह कोडरमा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के घोषित उम्मीदवार हैं .

---

# कॉल डंपिंग एरिया के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव



संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड के अमलाबाद ओपी क्षेत्र के तालगड़िया गांव के समीप कोल ब्लॉक डंपिंग के सामने रविवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. पुलिस प्रशासन एवं असम लोगों की काफी कोशिशों के बावजूद शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है. ग्रामीणों की सूचना पर अमलाबाद पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गयी है, जिसे मर्चरी में रखा जाएगा. पुलिस कयास लगा रही है कि सम्भवतः लू लगने से उक्त व्यक्ति की मौत हुई होगी. इधर कुछ ग्रामीणों का दावा है कि दो तीन दिन पूर्व से ही एक विक्षिप्त व्यक्ति को इस क्षेत्र में घूमते हुए देखा गया था. यह उस विक्षिप्त का भी शव हो सकता है. हुलिया एवं पहनावा से उक्त व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त मालूम पड़ता है. उसका पूरा तन खुला था एवं केवल एक जघिंया पहन रखा था.

---

बोकारो में चुनावी जागरूकता को लेकर वोट वाकाथान का आयोजन

# उपायुक्त का 25 को नया आयाम गढ़ने का आह्वान

संवाददाता। बोकारो



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव मतदान दिवस को शत प्रतिशत मतदान कर बोकारोवासियों से नया आयाम गढ़ने का आह्वान किया.उन्होंने कहा है कि जिस उत्साह के साथ सभी इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं, इसी उत्साह के साथ आगामी 25 मई को मतदान दिवस के दिन घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे. मालूम हो कि बोकारो जिले के शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा नियमित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में रविवार सुबह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में वोट वाकाथान का आयोजन किया गया.

**वाकाथान का शुभारंभ पत्थरकट्टा चौक से :** वोट वाकाथान का शुभारंभ बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर- 5 स्थित पत्थरकट्टा चौक से हुआ, जो सेक्टर 02 स्थित राम मंदिर चौक जाकर संपन्न हुआ. इस अवसर पर जिला स्तरीय सभी पदाधिकारीगण, आइएमए एवं निजी नर्सिंग अस्पताल संघ, ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट संघ के प्रतिनिधियों के साथ काफी संख्या में शहरवासी शामिल हुए.उपायुक्त ने कहा कि स्वयं मतदान करें और अपने आस पास के दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें. वहीं, आगामी 25 मई को मतदान करने के संदेश संबंधित गुब्बारा को आसमान में छोड़ा गया. मौके पर निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप सिंह ने कहा कि सभी को मतदान करना है. अगर किन्हीं के पास ईलेक्ट्रोल फोटो पहचान पत्र नहीं है, तो भी वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीकृत 12 अन्य वैक्लपिक दस्तावेजों (पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड,सांसद, विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी)) को प्रस्तुत कर मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं.

**शहरी क्षेत्र का मतदान प्रतिशत संतोषजनक नहीं**

मौके पर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रभास दत्ता ने कहा कि शहरी क्षेत्र का मतदान प्रतिशत संतोषजनक नहीं है . इसे बढ़ाने को लेकर लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है . इस अवसर पर मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह ने उपस्थित सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया . मौके पर मीडिया कोषांग की वरीय नोडल पदाधिकारी मेनका, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, मुख्यालय डीएसपी आशीष कुमार महली, प्रेक्षक कोषांग के सदानंद महतो, ईवीएम कोषांग के मो . सफीक आलम, स्वीप कोषांग के जगरनाथ लोहरा, अतुल कुमार चौबे, हेमलता बुन, प्रियंका कुमारी, योजना पदाधिकारी राज कुमार शर्मा सहित जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे .

**खास बातें**

- मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन
- मतदान संदेश संबधी गुब्बारा छोड़ा गया

---

# गांडेय विधानसभा के बूथों का रवि कुमार ने किया निरीक्षण

संवाददाता। गिरिडीह

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को गिरिडीह लोकसभा और गांडेय विधानसभा के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया. उन्होंने मध्य विद्यालय अहिल्यापुर बूथ संख्या 292, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुतरिया, गांडेय के बूथ संख्या 298, 300, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जौरासीमर, जामजोरी स्थित मतदान बूथ संख्या 305 का निरीक्षण किया.

**वॉलंटियर चयन की जानकारी ली :** मतदान केन्द्रों पर कार्यरत बीएलओ से बातचीत कर बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी), अबसेंट, शिफ्टेड एवं मृत (एएसडी) सूची से हटाने और वॉलंटियर के चयन की जानकारी ली. मतदान केन्द्र जागरुकता समूह के सदस्यों, वॉलंटियर, रसोईया से बात कर मतदान के दिन उनके दायित्वों के संबंध में पूछताछ की. उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलंटियर सेवाकार्य में लगाये गये हैं. इसके अलावा मतदान केंद्र पर शौचालय, रैंप आदि न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी ली. उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया.

**ये थे उपस्थित :** निरीक्षण के दौरान गिरिडीह के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विसपुते, निर्वाची पदाधिकारी 31 गांडेय गुलाम समदानी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतो सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

### अल्पसंख्यकों राष्ट्रीय पार्टी ने छला : डॉ. परवेज

**बोकारो।** शोषित, वंचित, मजदूर और मजलूम वर्ग के लिए तीसरे विकल्प के रूप में उभर के आयेगी आजाद समाज पार्टी. क्योंकि झारखंड में दोनों राष्ट्रीय पार्टी ने एक भी अल्पसंख्यकों को टिकट नहीं देकर छलने का काम किया है. जिसे यहां के मजदूर, विस्थापित, दलित, अल्पसंख्यकों में नाराजगी व्याप्त है. जिसका परिणाम धनबाद लोकसभा में देखने को मिलेगा. उक्त बातें आसपा के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी डॉ. परवेज नैय्यर ने कही. वे टिकट मिलने के उपरांत बोकारो में पहली बार पत्रकारों से बात कर रहे थे. उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने जो उन पर विश्वास जताया है, वह उनके विश्वास पर खरा उतरने का काम करेंगे. उन्होंने कहा कि यह पार्टी संविधान की नीति सिद्धांत पर चलती है.

# मिर्जाचौकी स्टेशन के समीप लड़की भटकते हुए पाई गई

संवाददाता। साहिबगंज



रविवार को मिर्जाचौकी स्टेशन समीप एक लड़की भटकते हुए पाई गई. वही लड़की को भटकता देख नयाटोला गांव निवासी नवीन कुमार के द्वारा उक्त लड़की से पूछा किया कि तुम अकेले क्यों घूम रहीं हो तो उक्त लड़की ने कहा कि हमें भूख लगी है. तभी नवीन कुमार के द्वारा उक्त लड़की के बारे में जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 में दी गई और लड़की को खाना खिलाया गया. वहीं 1098 में बात करने पर बताया गया कि आप उक्त लड़की को मिर्जाचौकी स्टेशन में जाकर आरपीएफ के पास पहुंचा दीजिए. वहीं नवीन कुमार के द्वारा उक्त लड़की को मिर्जाचौकी स्टेशन में जाकर आरपीएफ को सौंप दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार लड़की अपना घर बोकारो सेक्टर 5 बता रही है. पर लड़की अपना नाम नहीं बता रही है.

**खास बातें**

- अपना घर बोकारो सेक्टर-5 बता रही है
- लड़की को मिर्जाचौकी में सीआरपीएफ को सौंप दिया

---

# गठबंधन उम्मीदवार की निश्चित जीत होगी: कांग्रेस



संवाददाता। धनवार (गिरिडीह)


धनवार कांग्रेस कमेटी की बैठक रविवार को धनवार ब्लॉक के पीछे शिव मंदिर के सामने की गई. बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष निरंजन तिवारी ने की. मौके पर मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह मौजूद थे. बैठक में गठबंधन प्रत्याशी प्रतिनिधि किशोरी अग्रवाल भी मौजूद थे. जिला अध्यक्ष ने बताया कि इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए धनवार कांग्रेस कमेटी अपना योगदान देगी. उन्होंने दावा किया कि कोडरमा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन उम्मीदवार िनोद सिंह की जीत तय है.

**जुमलेबाज सरकार की अब विदाई**

धनंजय सिंह कहा कि उनकी जीत में ही कांग्रेस की जीत है . कहा कि जुमलेबाज सरकार की अब विदाई का वक्त आ गया है . कार्यकर्ता एकजुटता का परिचय दें . तिवारी ने कहा कि कोडरमा लोकसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह को कांग्रेस की एकजुट एवं सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट देंगे .

# आरपीएफ ने चार नाबालिगों को बचाया, कल्याण समिति को भेजा

संवाददाता। बोकारो



बोकारो आरपीएफ एएसआई एसके कनौजिया, मेरी सहेली टीम, सीपीडीएस टीम और बोकारो में सीआईबी यूनिट आद्रा के साथ रेलवे स्टेशन की जांच के दौरान दो नाबालिग बच्चों को बचाया गया. बताया गया कि शनिवार को दो नाबालिग को प्लेटफार्म पर संदिग्ध रूप से घूमते देखा गया. पूछने पर 14 वर्षीय लड़की ने अपना पता बोकारो सेक्टर-1 सी शिमला कॉलोनी, थाना सेक्टर-1 बीएस सिटी बताया. वहीं, 15 वर्षीय नवयुवक ने खुद को लातेहार जिला अंतर्गत डाकघर लातेहार, थाना लातेहार के बरियातु खालसा का निवासी बताया. दोनों नाबालिग ने बताया कि वे अपने माता-पिता को बिना कोई सूचना दिए, अपने घर से भाग निकले हैं. उनके पास कोई यात्रा प्राधिकार टिकट नहीं है. मुक्त कराए गए नाबालिगों को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए बाल कल्याण समिति, बोकारो भेजा गया.

**संदिग्ध हालत में पकड़ा**

शनिवार शाम को तुपकाडीह रेलवे स्टेशन इंक्वायरी के पास से आरपीएफ एएसआई पवन कुमार झा, हेड कांस्टेबल वी .बी . सिंह और वाई .एन .यादव ने एक नाबालिग लड़के को पकड़ा . नाबालिग संदिग्ध व लक्ष्यहीन तरीके से घूम रहा था . पूछने पर उसने अपना पता राजगंज धनबाद बताया . उसने यह भी खुलासा किया कि, वह अपने माता-पिता को बताए बिना घर से भाग गया है .

**घर में बिना जानकारी दिए भागी**

बोकारो रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया से एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की पकड़ी गई है . नाबालिग लड़की बेरमो थाना क्षेत्र स्थित फुसरो के शांति नगर की रहने वाली है . घटना शाम करीब पांच बजे की है . नाबालिग सर्कुलेटिंग एरिया में संदिग्ध रूप से घूम रही थी . पूछने पर उसने बताया कि वह अपने माता-पिता को बिना कोई जानकारी दिए, अपने आवास से भाग गई है .

# हजारीबाग रोड-रेलवे अस्पताल में चार साल से लटका है ताला

संवाददाता। सरिया (गिरिडीह)

सरिया पूर्व मध्य रेलवे का हजारीबाग रोड रेलवे अस्पताल पिछले चार साल से डॉक्टर के अभाव में खुद बीमार पड़ा है और ताला लटका है .

इस स्टेशन परिसर में आए दिन कोई दुर्घटना जब यात्रियों के साथ होती है तो भगवान भरोसे ही उन्हें रहना पड़ता है. बाद में या उन्हें धनबाद, गोमो के अस्पताल के बिना कोई उपाय नहीं है . कई बार ट्रेन से फिसल कर उतरने,चढ़ने के दौरान गिर जाने से हाथ, पैर कट जाता जिसका तुरन्त इलाज नहीं हो पाने के कारण उनकी रक्त बह जाने के कारण व तुरन्त इलाज के अभाव में मौत भी हो जाती है. लेकिन रेलवे के जीएम, डी, आर,एम के विजिट के बावजूद भी कोई सुधार नही हुआ . जिससे स्थानीय लोग मायूस है . गिरिडीह जिले का पारसनाथ स्टेसन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्टेशन है जबकि राजस्व देने मे इसका पहला स्थान चुकी यहां गुड्स ट्रेनों का रैक पाइंट है . रेल यात्री सुबिधा संघ के लोगों ने भी इस समस्या को लेकर रेल्वे के बड़े अधिकारियों को अवगत कराया है. पर अब तक कोई सकारात्मक पहल विभाग की ओर से दिख नहीं रही है.



---

**बोकारो**

रोटरी क्लब ने उलगोड़ा में लगाया दंत चिकित्सा शिविर

# बच्चों को दी गई दांतों को स्वस्थ रखने की जानकारी

संवाददाता। बोकारो

रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने रविवार को उलगोड़ा स्थित आशा की किरण प्ले स्कूल में बोकारो के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. जॉन लियु के नेतृत्व में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया, जिसमें डॉक्टर अदिति का सराहनीय योगदान रहा. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में दांतों को स्वस्थ रखने की दिशा में आवश्यक जानकारी और आवश्यकता अनुरूप उचित उपचार एवं दवाइयां देना तथा अन्य आवश्यक मार्गदर्शन करना था. इस दौरान सभी बच्चों को सुबह और रात में भोजनोपरान्त ब्रश करने की जानकारी दी गई. जिन बच्चों के दांतों में कैविटी पाई गई, उनको डॉक्टर जॉन लियु ने अपने सिटी सेंटर स्थित क्लिनिक में बुलाकर उनका मुफ्त इलाज करने का आश्वासन दिया. इसके अलावा 30 ऐसे बच्चे, जो कक्षा छह के विद्यार्थी थे और शिक्षक मोहन आज़ाद द्वारा पेंटिंग की शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, उनका भी समुचित मार्गदर्शन और उपचार किया गया. शिविर के समापन पर रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के अध्यक्ष रोटेरियन घनश्याम दास ने सभी डॉक्टरों और उपस्थित सहयोगियों को धन्यवाद दिया और कहा कि वह इस प्रकार के और शिविरों का भी आयोजन समय समय पर करते रहेंगे. शिविर में मुख्य रूप से रोटेरियन घनश्याम दास, अशोक जैन, अशोक तनेजा, देवाशीष सहाना, डॉक्टर अनिल त्रेहन, डॉ आरएन प्रधान, मोहन आजाद एवं डॉ अदिति मुख्य रूप से उपस्थित थे. शिविर में 160 लाभार्थियों ने भाग लिया.



दंत चिकित्सा शिविर में उपस्थित चिकित्सक व अन्य.

**खास बातें**

- शिविर में 160 लाभार्थियों ने हिस्सा लिया
- सुबह और रात को भोजन के बाद ब्रश करने की सलाह

---

आबकारी विभाग ने गुप्त सूचना पर की कार्रवाई

# टेंपो पर लदी अंग्रेजी शराब जब्त

संवाददाता। पथरगामा



अवैध रूप से तस्करी कर ले जाए जा रहे विदेशी शराब की बड़ी खेप को बरामद की गई है. आबकारी विभाग को मिले गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई थी. घटना बीते रात पथरगामा प्रखंड अंतर्गत चिलकारा फूटानी हाट की है. जानकारी के अनुसार रात के अंधेरे में एक टेंपो तेजी से गांव की ओर जा रहा था. इसकी सूचना पहले से ही आबकारी विभाग को मिल चुकी थी. आबकारी निरीक्षक नीलेश सिंहा दलबल के साथ थरगामा स्थित चिलकारा फुटानी हाट के समीप तैनात थे. जैसे ही वहां टेंपो पहुंचा उत्पाद विभाग की टीम ने उसे दबोच लिया. टेंपो को चोरी छुपे झारखंड के रास्ते बिहार ले जाया जा रहा था.

ऑटो की चेकिंग किए जाने के बाद उसमें छुपाकर रखे गए 375 एमएल की 106 बोतल मिले. जिसमें अंग्रेजी शराब भरी हुई थी. बोतल पर रॉयल स्टैग और इंपिरियल ब्लू ब्रांड का लेबल चिपकाया हुआ था. मौके पर टेंपो पर सवार दो शराब तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया गया. जिसकी पहचान क्रमशः बिहार के मधेपुरा निवासी सिकंदर शर्मा और बिहार के ही भागलपुर निवासी बालू यादव के रूप में हुई. दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

**खास बातें**

- टेंपो में शराब भरी 375 एमएल की 106 बोतलें थी
- रॉयल स्टैग और इंपिरियल ब्लू ब्रांड के लेबल लगे हैं

### महुदी रामनवमी जुलूस विवाद को लेकर शिवाडीह में आयोजित धर्मसभा में प्रशासन को अल्टीमेटम

# एक सप्ताह में जुलूस को गंतव्य पर पहुंचाए प्रशासन

संवाददाता। बड़कागांव



रामनवमी की अष्टमी की रोज महुदी में हुई घटना को लेकर शिवाडीह गांव बगीचा में रविवार को धर्म सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड के कई गांव से भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया. इसमें राम भक्तों पर लाठी चार्ज, आंसू गैस छोड़ने एवं प्रशासन द्वारा मुकदमे करने को नाराजगी जाहिर की गयी. बैठक दोपहर 12:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक की गई. इसमें उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए. इसमें मुख्य रूप से प्रशासन द्वारा अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर 56 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाकर एवं 1000 अज्ञात लोगों के ऊपर मुकदमे करने की निंदा करते हुए तीव्र विरोध किया गया. इसके अलावा बैठक में कई महत्वपूर्ण और कठोर निर्णय भी लिए गए. धर्मसभा में लोगों ने एक स्वर में कहा कि 16 अप्रैल को रामलला की शोभायात्रा महुदी से सोनपुरा मेला शांतिपूर्वक पहुंची. पुनः सोनपुरा मेला से वापसी में जुलूस को प्रशासन द्वारा बेवजह रोका गया. जुलूस आज भी महुदी स्कूल के पास रुकी हुई है. हमारी मांग है कि प्रशासन जुलूस को मुख्य रास्ता से राणा मोहल्ला महुदी वापस पहुंचाए. अगर एक सप्ताह के अंदर महुदी मुख्य मार्ग से श्रीराम शोभायात्रा नहीं निकली तो बाध्य होकर विशेष समुदाय के लोगों के खिलाफ कठोर निर्णय लिया जाएगा. जिसका जिम्मेदार प्रशासन होगा. साथ ही छवनिया में 9 अप्रैल को यज्ञ समिति सांढ छपेरवा की कलश यात्रा को रोके जाने तथा गाली गलौज की घटना के नामजद आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई. यह भी कहा गया कि जब तक उपयुक्त मामलों पर ठोस निर्णय प्रशासन नहीं लेता है तब तक शांति समिति की बैठक का बहिष्कार किया जाएगा.

**जेल जाने से हम नहीं डरते हैं : लोकनाथ महतो**

बैठक में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि जेल जाने से हम डरते नहीं हैं. 81 वर्ष की उम्र में भी हम जेल जाना पसंद करेंगे. प्रशासन ने अपने को बचाने के लिए राम भक्तों पर झूठा केस दर्ज किया है. इसे शीघ्र वापस ले अन्यथा आगे आंदोलन किया जाएगा. बैठक मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिप सदस्य सुनीता देवी, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, उप प्रमुख वचन देव कुमार, शिवलाल महतो, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, खेमलाल महतो, आदित्य साहू सोनी, अजय सिंह, सनित महतो, दामोदर प्रसाद मेहता, भोला महतो, लालदेव महतो, सीताराम राणा, भगेश्वर राणा, रवि कुमार महतो के अलावा भारी संख्या में कई लोग शामिल थे.

# भाजपा के दो विधायक मैदान में! रोचक मुकाबला होने की उम्मीद

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग





हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के दो विधायक आमने-सामने हैं. हालांकि इनमें से एक इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं. 4 जून को किसके सिर पर जीत का ताज होगा यह तो जनता तय करेगी, लेकिन इतना तय है कि दोनों प्रत्याशियों के बीच रोचक मुकाबला होनो वाला है. एक सवाल सवाल यह भी है कि क्या हारे हुए उम्मीदवार को क्या दोबारा विधानसभा में चुनाव लड़ने का मौका मिल पाएगा या उन्हें फिर कभी पार्टी से टिकट नहीं मिल पायेगा?

बता दें कि हजारीबाग से राजग के टिकट पर चुनाव लड़ रहे मनीष जायसवाल हजारीबाग सदर से भाजपा विधायक है. वहीं इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान डटे जयप्रकाश भाई पटेल मांडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे. पटेल हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे. इस तरह तकनीकी तौर पर एक ही सीट पर दो प्रमुख उम्मीदवार बीजेपी के विधायक हैं. पटेल विधायक पद से बिना इस्तीफा दिए हुए लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं. वहीं जायसवाल की बात करें तो वह भाजपा के विधायक हैं. ऐसे में जानकारों का मानना है कि जारी चुनाव में जिसकी जीत होगी उसका पार्टी में कद निश्चित रूप से बढ़ेगा. वहीं पराजित होने वाले विधायक आगे की राह थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो जाएगी.

**हजारीबाग सीट**

- जिसके सिर सजेगा जीत का ताज उसका बढ़ेगा कद
- पराजित होने वाले की आगे की राह होगी चुनौतीपूर्ण

## ब्रीफ खबरें

### ढौठवा में पानी के एक बूंद के लिए तड़पे लोग

**कटकमसांडी।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ढौठवा के एसबीआई बैंक के समीप चापानल विगत 25 दिनों से खराब पड़ा है. इससे लगभग 25 से 30 घरों के अलावे राहगीरों को भी पीने का पानी मिल रहा था. इससे लोग परेशान हैं और स्थानीय जनप्रतिनिधि व पीएचडी विभाग घोड़ा बेच कर सो रहे हैं. सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना सिर्फ नाम की है. इस योजना से सिर्फ ठेकेदारों का पेट भर रहा है. जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से जहां पानी का स्तर गिर गया है.

### शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार नहीं रहे, शोक

**हजारीबाग।** चलकूशा प्रखंड के उच्च विद्यालय सलैयाडीह में पदस्थापित शारीरिक शिक्षा के शिक्षक अशोक कुमार नहीं रहे. विगत दो साल से वे लीवर कैंसर से पीड़ित थे. इससे हजारीबाग जिले के साथ पूरे राज्य में शारीरिक शिक्षकों के बीच शोक की लहर फैल गयी. करीबी मित्र शारीरिक शिक्षक अनीश राय ने बताया कि आज सुबह जब पता चला कि अशोक अब हम सबों के बीच नहीं रहे तो मैं स्तब्ध रह गया.

### विवाहिता ने पंखे से लटक की खुदकुशी

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र के ग्राम फुसरी निवासी मन्नू टुडू की धर्मपत्नी मालती हंसदा (32) ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. जानकारी के अनुसार रविवार को लगभग 12 बजे में परिजनों ने मालती हंसदा की बड़ी बेटी दिव्यंका टुडू को बोला कि मम्मी को खाना खाने के लिए बुला लो. जब उसकी बड़ी बेटी ने रूम के अंदर जाकर देखा तो उसकी मां मालती हंसदा पंखे पर लटकी हुई मिली. चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार ने दल - बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पंखे से उतरा.

### जानकी प्रसाद आज झामुमो में होंगे शामिल

**बरकट्ठा।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे नेताओं की सरगर्मी भी बढ़ने लगी है. इसी कड़ी में सोमवार को पूर्व अध्यक्ष झारखंड राज्य आवास बोर्ड सह पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव अपने वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में शामिल होने जा रहे हैं. पूर्व विधायक ने अपील करते हुए अपने समर्थकों से कहा है कि आप सबों से आग्रह है कि सोमवार सुबह 08:00 बजे तेतरोंन चौक (जयनगर) पहुंचने का कष्ट करेंगे.

### शराब के नशे में वकील ने रिक्शा को मारी टक्कर

# सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल

**कार में लड़की समेत चार लोग थे सवार, युवक के साथ एक युवती पुलिस की हिरासत में**





संवाददाता। हजारीबाग

इचाक थाना क्षेत्र में एनएच 33 स्थित बोंगा पेट्रोल पंप के पास एक बेकाबू एक्सयूवी कार ने एक टोटो रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें एक किशोरी की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए. मृतक की किशोरी की पहचान गदोखर निवासी प्रिया कुमारी (16) के रूप में हुई. वहीं घायलों में टोटो रिक्शा चालक मनडई निवासी ताहिर खान, इचाक प्रखंड के मांगुरा निवासी लक्ष्मी कुमारी एवं बदरूनिशा शामिल हैं. इनमें से दो का इलाज रिम्स और एक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है. बताया जा रहा है कि यह घटना रविवार तीन बजे की है. घटना के बाद एनएच 33 पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया. सूचना मिलते ही इचाक थानेदार संतोष कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर एक्सयूवी कार संख्या जेएच 02 बीसी 0660 पर सवार एक युवक और एक युवती को नशे की हालत में हिरासत में लिया है. पुलिस ने दोनों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ा लिया. साथ ही क्षतिग्रस्त टोटो रिक्शा और कार को जब्त कर लिया है. इस संबंध में पुलिस ने बताया कि कार पर सवार युवक खुद को वकील और जेएमएम के केंद्रीय सदस्य संतोष साव का बेटा सावंत साव बता रहा है और कार पर जेएमएम का बोर्ड भी लगा हुआ है. वह हजारीबाग में रहकर प्रैक्टिस कर रहा है. वहीं कार पर सवार सुमित चंद्रवंशी, राघव सिंह घटना के बाद भाग निकले, जबकि सावंत कुमार और एक युवती पुलिस कस्टडी में है. दोनों को मेडिकल के लिए भेजने की प्रक्रिया चल रही है.

**खास बातें**

- खुद को बताया जेएमएम के केंद्रीय सदस्य का बेटा
- एक्सयूवी कार पर लगा था जेएमएम का बोर्ड

### चंदवारा प्रखंड में जेपी पटेल ने चलाया जनसंपर्क अभियान, भाजपा पर रहे हमलावर

# संविधान को बचाकर ही रहेंगे : जेपी पटेल

संवाददाता। हज़ारीबाग़



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने रविवार को बरही विधानसभा अंतर्गत चंदवारा प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान उन्होंने आरागारो, खांडी, पिपराही, मदलगुंडी, चंदवारा, पथलगड्डा, पितिरचांच, उरमा आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया. उन्होंने डोर टू डोर कैंपेन चलाकर जनसभाओं को संबोधित किया. उन्होंने भाजपा द्वारा संविधान पर किये जा रहे हमलों और आरक्षण को समाप्त करने के षड्यंत्र को लोगों के सामने रखा. देश को बचाने के लिए कांग्रेस को वोट देने की अपील की. जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि भाजपा चार सौ पार का नारा इसलिए दे रही है ताकि संविधान को बदला जा सके. कहा, सभी के मोबाइल में अब अमित शाह का वो वीडियो पहुंच चुका है जिसमें वो आरक्षण को खत्म करने की बात कर रहे हैं. उन्होंने लोगों को समझाया कि अब भी वो लोग नहीं जागे तो आने वाले वक्त में आरक्षण को खत्म कर दिया जाएगा. साथ ही संविधान में अन्य फेरबदल किया जाएगा, ताकि गरीबों व पिछड़ों के लिए दमनकारी नीति अपनायी जा सके.

**कांग्रेस प्रत्याशी को मिला विधायक अकेला का साथ :** जनसंपर्क में जेपी भाई पटेल को बरही विधायक उमा शंकर अकेला का साथ मिला. उन्होंने जेपी की अगुवाई करते हुए ग्रामीणों से कांग्रेस पार्टी को वोट करने की अपील की. स्थानीय होने का फायदा उनको मिला और ग्रामीणों ने उन्हें भारी समर्थन देकर कांग्रेस को जिताने की बात कही. जनसंपर्क के दौरान विधायक अकेला यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद बरनवाल, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, अज्जू सिंह, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद अबरार, अनिल दास, संतोष मोदी, नकुल पांडे, बबलू यादव, अशोक सिंह, मुंशी यादव, नारायण रजक, विनोद पंडित, पप्पू यादव, दिलीप राणा, विजय बरनवाल, द्वारिका यादव, छोटू यादव, मनोज शर्मा, संजय कुमार दास, डालचंद पांडे, बजरंगी यादव, काली यादव, गुलाब यादव, मथुरा यादव, विनय सिंह, अरुण यादव, झामुमो जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, झामुमो प्रखंड सचिव मो. इनामुल सहित उपस्थित रहे.

### हजारीबाग कांग्रेस की कार्यकारिणी की सभा में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने किया दावा

# संपूर्ण भारत में जीतेगा 'इंडिया': डॉ. मेहता

संवाददाता। हजारीबाग



इंडिया गठबंधबन हजारीबाग सहित झारखंड की सभी लोकसभा सीटों पर 2024 के चुनाव में मजबूत स्थिति में है. हजारीबाग से कांग्रेस उम्मीदवार जेपी भाई पटेल निश्चित रूप से जीतेंगे. यह आकलन समीकरण सामर्थ्य आचरण के आधार पर किया जा रहा है. हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं. इनमें से चार विधानसभा क्षेत्र गठबंधन के पाले में हैं. एक विधानसभा क्षेत्र हजारीबाग में मैं उप विजेता हूं.

उक्त बातें वरिष्ठ कांग्रेस डॉ. आरसी मेहता ने हजारीबाग कांग्रेस की कार्यकारिणी की सभा में कहीं. मेहता ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस की जीत निश्चित है. झारखंड की बाकी 13 सीटों पर इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है. इस लोकसभा चुनाव में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में तीन गुना अधिक मत कांग्रेस को मिलेगा. संपूर्ण भारत में दो तिहाई मतों से इंडिया गठबंधन जीतेगर और भारत के प्रधानमंत्री राहुल गांधी होंगे. सभा में मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी अजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की जीत सुनिश्चित करने सुझाव दिए. मंच का संचालन हजारीबाग के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने किया. अध्यक्ष ने संगठन के सदस्यों को मान सम्मान देते हुए एक सूत्र में पिरोने का काम करते हुए हर बूथ को जीतने के सुझाव दिए. धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, विधानसभा प्रभारी कमल ठाकुर, महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, अनुसूचित प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, महासचिव विनय कुशवाहा, अल्पसंख्यक अध्यक्ष साजिद अली खान, प्रो बीके मेहता, मनोज नारायण भगत, एडवोकेट इजहार अंसारी, विधि प्रकाश, जिला अध्यक्ष संजय दास, राजकुमार मेहता, बाबर अंसारी, मासूक अंसारी, डॉ निजाम अंसारी इत्यादि दर्जनों लोगों ने चुनाव जीतने के सुझाव दिये. सैकड़ों कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपना बूथ जीतने का संकल्प लिया.

# अंतिम दिन इंडिया गठबंधन के नेताओं का रहा जमावड़ा

- तीन दिवसीय उर्स मेला संपन्न

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड के चयकला में सालाना तीन दिवसीय उर्स मेला रविवार सुबह कव्वाली के समापन के साथ ही संपन्न हो गया. कव्वाली के अंतिम दिन यूपी के बिजनौर के टीवी सिंगर इंतजार साबरी और मुंबई के टीवी सिंगर आरिफ नाजां के बीच शानदार मुकाबला हुआ. इसको सुनने के लिए रात भर दर्शक डटे रहे और नाल की ताल पर तालियां बजाते रहे.

वहीं उर्स मेले के अंतिम दिन इंडिया गठबंधन के नेताओं का जमावड़ा लगा रहा. लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल, बरही विधायक उमाशंकर अकेला के अलावा टीएसएस प्रमुख अरुण साहू सहित कई नेताओं ने दूल्हा शाह बाबा के दरबार में हाजिरी लगायी और बाबा पर चादरपोशी की. उर्स कमिटी ने सभी नेताओं स्वागत किया. मौके पर जेपी भाई पटेल व विधायक अकेला ने उर्स कमिटी का आभार व्यक्त किया. मौके पर चौपारण -2 जिप सदस्य रवि शंकर अकेला, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, प्रखंड कार्यालय विधायक प्रतिनिधि नवीन यादव, सुखदेव दांगी आदि मौजूद थे. वहीं चयकला के मुखिया प्रतिनिधि हेलाल अख्तर व पंसस प्रतिनिधि फैजान अजमेरी ने उर्स के शांतिपूर्ण आयोजन पर उर्स कमिटी के तमाम सदस्यों व युवाओं का आभार व्यक्त किया.

### भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की हुई अहम बैठक, जुड़े कई कलाकार

# भाजपा के चुनाव गीत का लोकार्पण

संवाददाता। हजारीबाग



भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की बैठक झंडा चौक स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में हुई. बैठक में पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, संस्कृत प्रदेश सहसंयोजक अमित गुप्ता, सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक यादव, अनिल मिश्रा, सुदेश चंद्रवंशी, केपी ओझा की उपस्थिति में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा बनाये गये चुनावी प्रचार गाने का लोकार्पण किया गया. दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं हजारीबाग के प्रत्याशी मनीष जायसवाल के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा.

**पार्टी के कामों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील**

बैठक में उपस्थित कलाकारों से जिला संयोजक सुबोध आकाश सिन्हा द्वारा भारतीय जनता पार्टी के कामों को जन-जन तक पहुंचाने एवं कलाकारों को संस्कृत प्रकोष्ठ से जुड़ने की अपील की गयी. इस अवसर पर हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकिशोर सावंत ने कहा कि कमल का फूल हजारीबाग में पहले भी खिलता आया है और इस बार भी खिलेगा. हम सभी कलाकार एकजुट होकर मनीष जायसवाल को संसद भेजने का काम करेंगे.

# मोदी सरकार ने झारखंडियों के कदमों में कांटे बिछाए : सत्यानंद

संवाददाता। हजारीबाग

झारखंड सरकार के मंत्री और राजद नेता सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि कोरोना के समय हवाई चप्पल पहनने वालों को गठबंधन सरकार ने हवाई जहाज से वापस लाया था. सरकार ने जल, जंगल जमीन के मुद्दे पर क्रांतिकारी कदम उठाई। हेमंत सरकार की लोकप्रियता से भाजपा की केंद्र सरकार बौखला गयी. झारखंड में पीएम आवास का पैसा रोक दिया गया. झारखंड के रॉयल्टी का पैसा भी रोक कर विकास बाधित करने का प्रयास किया. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने दलित, आदिवासियों और झारखंडी लोगों के कदमों में कांटे बिछाए. लेकिन राज्य सरकार ने झारखंड के लोगों तक सरकार की योजना से जोड़ा और उनकी समस्या दूर करने के लिए डोर टू डोर गयी. अबुआ आवास के जरिये लोगों को पक्का मकान मिला. हेमंत सोरेन को भाजपा ने साजिश रचकर जेल भेजा.



### आस्था 11 सौ महिलाओं व कुमारी कन्याओं ने कलश यात्रा में लिया भाग

# जोरदाग में कलश यात्रा के साथ नौ दिनी रुद्र महायज्ञ प्रारंभ

संवाददाता। केरेडारी



प्रखंड के जोरदाग गांव में रविवार को नौ दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ. इसमें शिव मंदिर के प्रांगण से 1100 महिलाएं कलश लेकर निकलीं. सभी श्रद्धालु माथे पर कलश लेकर जोरदाग गांव का भ्रमण कर बुकरु होते हुए गेरुवा नदी पहुंचे, जहां से श्रद्धालु जल उठाकर जय भोले शंकर का जयकारा लगाते हुए बुकरु होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे. यज्ञ मंडप पहुंचते ही मुख्य पुजारी अक्ल साव सहित अन्य की उपस्थिति में यज्ञाचार्य सात्येंद्र मिश्रा, उपआचार्य पंडित प्रकाश शास्त्री, प्रदीप शास्त्री, शिबोध शास्त्री, रोहित शास्त्री ने विधिवत रूप से यज्ञ पूजन शुरू किया. यज्ञ मंडप में मंत्रों के उच्चारण से जोरदाग का वातावरण भक्ति मय हो गया. इस दौरान प्रमुख सुनिता देवी ने कहा कि यज्ञ से लोगों में धार्मिक चेतना जागृत होती है, धार्मिक आस्था प्रबल होती है. यज्ञ से आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है. उतरी क्षेत्र जिला परिषद गीता देवी ने कहा कि यज्ञ से लोगों में सामाजिक और धार्मिक प्रवृत्ति जागृत होती है एवं यज्ञ होने से यज्ञ का धुआं जितने दूर - दूर तक जाता है वहां तक पूरा वातावरण शुद्ध और पवित्र होता है. गांव- क्षेत्र में सुख शांति धन-धान्य की वृद्धि होती है, लोगों की मन्नतें पूरी होती हैं.

**मौके पर ये गणमान्य रहे उपस्थित :** बता दें कि मौके पर प्रमुख सुनिता देवी, उतरी क्षेत्र जिला परिषद गीता देवी, यज्ञ अध्यक्ष श्यामदेव साव, सचिव अमित कुमार माली, कोषाध्यक्ष कुलदीप साव, मीडिया प्रभारी ज्ञान पासवान, उपाध्यक्ष अनिल मुंडा, बालदेव साव, पचड़ा मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष महेश प्रसाद साव, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, उप मुखिया कौलेश्वर महतो, वार्ड सदस्य रीता देवी, कन्हाई माली, आरती देवी, सुनिता देवी, समाजसेवी उदय लाल गुप्ता, प्रेम रंजन पासवान, सुंदर गुप्ता, विनोद नायक, जागेश्वर साव, निरजंन साव, खिरोधर साव, दशरथ साव, रामवृक्ष गंझू, किशोर साव, कृष्णा कुमार गुप्ता, तुलसी साव, राम कुमार साव, सुरेश रजक, संजय साव, चोहन राम, कालो राम, दिनेश महतो, नकुल साव, ब्रजेश राम, अखिलेश पासवान, सलामत अंसारी, लीलाधन साव, संजय पासवान, प्रदीप साव, मनोज वर्मा, सुरेश राम, गुरदायल साव, लखन साव, बालगोविंद सोनी, गुरचरण साव, योगेंद्र महतो आदि उपस्थित रहे.

# अनुमंडल पदाधिकारी ने चेक नाकों का किया निरीक्षण

संवाददाता। रामगढ़

जिले में स्वच्छ, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर रामगढ़ जिले के अलग-अलग सीमाओं को चिन्हित कर कुल 6 चेक नाके बनाए गए हैं. इसी क्रम में रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने चेकनाकों का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस दलों द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया. वहीं उन्होंने स्वयं भी विभिन्न वाहनों की जांच कर नाके पर प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए जांच अभियान चलाने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए. रामगढ़ जिले में प्रवेश करने हेतु निर्धारित अलग-अलग सीमाओं पर कुल 6 चेक नाके बनाए गए हैं, जिनमें पुनदाग टोल प्लाजा के समीप एक, पतरातू प्रखंड के तालाटांड एवं खलारी रोड में एक-एक, गोला प्रखंड अंतर्गत चौपादारू में एक, दुलमी प्रखंड में कुल्ही क्षेत्र में एक तथा मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडू थाना के समीप एक, चेक नाके स्थापित किए गए हैं. वहीं स्वतंत्र वह निष्पक्ष निर्वाचन के मध्य नजर प्रतिनिधित्व उड़नदस्ता दलों द्वारा भी जिले के अलग-अलग क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया जा रहा है. उक्त अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे.

### ग्राहक पंचायत के सदस्यों ने गौशाला में की सफाई

**हजारीबाग।** हजारीबाग गौशाला के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ रहा है. छुट्टी के दिनों में युवा समय निकालकर सिर्फ गोशाला ही नहीं जा रहे, बल्कि सेवा का कार्य कर सहयोग भी प्रदान कर रहे हैं. रविवार को कुछ ऐसा ही नजारा गौशाला में देखने को मिला, जहां आरएसएस और छठ पूजा फल वितरण समिति से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता गौशाला की साफ सफाई और हरा चारा कंटिग में सहयोग करते दिखाई दिए. युवाओं की टोली सामाजिक कार्यकर्ता जागो यादव के नेतृत्व में गौशाला पहुंची थी. इस दौरान करीब दो घंटे तक युवा गौशाला में रहे. जानकारी देते हुए सेना से सेवानिवृत और आरएसएस के सदस्य देवेंद्र यादव ने बताया कि सेना और संघ दोनों स्थान पर राष्ट्र प्रथम का नारा देते हुए सेवा कार्य को धर्म माना जाता है. इसी उद्देश्य से गौ सेवा का कार्य किया जा रहा है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** धर्म और सत्कर्म से भाग्य का उदय होगा. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. भाग्य का साथ मिलेगा. निवेश शुभ रहेगा. काफी समय से लंबित कार्य पूर्ण होंगे. उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे. किसी धार्मिक अनुष्ठान का योग बन रहा है.

**वृषभ** समय सामान्य है. बिना कारण विवाद को हो सकता है. दौड़धूप अधिक रहेगी. जोखिम और जमानत के कार्य टालें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. असमंजस की स्थिति बन सकती है. अन्न का दान करें. साथ ही मंदिर में झाड़ू का दान करें.

**मिथुन** जीवनसाथी के साथ आनंद का समय बीतेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा. निवेश शुभ रहेगा. व्यापार ठीक चलेगा. लाभार्जन होगा. परिवार के सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा. घी का दीपक शिवमंदिर में जलाएं.

**कर्क** समय बहुत ही उत्तम है, पर भोजन सोच विचार कर ही करें. पेट रोग से बचे. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. कार्य बनेगा पर लेन-देन में जल्दबाजी न करें. कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. बेकार बातों पर ध्यान न दें.

**सिंह** आपके पराक्रम से शत्रु पस्त होंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड लाभ देंगे. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. जल्दबाजी न करें. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**कन्या** समय शुभ है. शिक्षा में खर्च होगा. माता के स्वाथ्य पर ध्यान दें. किसी भी तरह के विवाद में न पड़ें. बोलचाल में हल्केपन को न अपनायें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. परिवार में तनाव रह सकता है. यथासंभव यात्रा टालें.

**तुला** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा. रुके कामों में गति आएगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. कुसंगति से हानि होगी. किसी तीर्थयात्रा की योजना बनेगी. अंगभंग व्यक्ति को भोजन दें और वस्त्र भी दान करें.

**वृश्चिक** नई योजना फलीभूत होगी. मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त होगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. समय की अनुकूलता का लाभ लें. प्रमाद न करें. किसी से ज्यादा बहस से बचें. बजरंगबली के मंदिर में चीनी का दान करें.

**धनु** कार्य होने से मन प्रसन्न होगा. व्यावसायिक कार्य मनोनुकूल रहेंगे. बेरोजगारी दूर होगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. शेयर मार्केट तथा म्युचुअल फंड लाभदायक रहेंगे. दुष्टजन तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें.

**मकर** मानसिक शांति मिलेगी. वाणी पर नियंत्रण रखें. स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. माता दुर्गा पर लाल फूल अर्पण करें.

**कुंभ** समय बहुत अच्छा नहीं है. कोई बाधा का योग बन रहा है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य के नजरअंदाज न करें. समय अनुकूल है. आय में वृद्धि होगी. उत्साह व प्रसन्नता से काम कर पाएंगे.

**मीन** पिता से लाभ का योग है. किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है. आत्मसम्मान बना रहेगा. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. सुख के साधन जुटेंगे. प्रसन्नता रहेगी. गरीब को अन्न और पीला वस्त्र का दान करें.

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवकों की मौत

**जादूगोड़ा ।** जादूगोड़ा- टाटा मुख्य मार्ग पर देर संध्या नरवा पुलिया पर सुमो व पल्सर बाइक में जबरदस्त टक्कर हुई. इस टक्कर बाइक पर सवार दोनो युवक संजय तंताई व सन्नी हेंब्रम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. मृतक परसुडीह थाना क्षेत्र के तिरिल टोला निवासी बताया जाता है. घटना के बाबत जादूगोड़ा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि पल्सर बाइक पर सवार दोनों युवक जादूगोड़ा होते हुए परसूडीह जा रहे थे. विपरीत दिशा से आ रहे सुमो व बाइक आपस में नरवा पुलिया पर भिड़ गए. जिससे दोनों युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. जादूगोड़ा पुलिस घटना स्थल से सुमो व बाइक को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई. सुमो जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के राजदोहा गांव का बताया जाता है.

## ट्रेलर के धक्के से एक की मौत, दूसरा गंभीर

**घाटशिला।** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के समीप रविवार को ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये. स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से घाटशिला अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया. वहीं दूसरे घायल को प्राथमिक उपचार के बाद एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया. मृतक की पहचान चाकुलिया थाना क्षेत्र के टांगाशोली निवासी विशाल हेंब्रम (28) के रूप में हुई है. वहीं, घायल व्यक्ति चाकुलिया के मुटूरखाम का रहनेवाला राम हेंब्रम बताया जाता है.

## चंद्रपुरा में 840 केजी जावा महुआ जब्त

**बोकारो ।** जिला उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त एवं निरीक्षक के नेतृत्व में जिला उत्पाद टीम ने चंद्रपुरा प्रखंड के दुगदा थाना अंतर्गत जमुनिया नदी किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की. मौके से उत्पाद टीम ने 840 केजी जावा महुआ शराब एवं 755 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया. वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया. छापेमारी के क्रम में अभियुक्तों हरिपद महतो एवं सुरेश महतो पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है. छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति शामिल थे.

# जीत का लक्ष्य लेकर चलना है, प्रत्येक बूथ पर एक प्रभारी होगा: चंपाई

संवाददाता। जमशेदपुर

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन रविवार को जमशेदपुर पहुंचे.यहां वे झामुमो द्वारा सिदगोड़ा टाउन हॉल में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शमिल हुए. उनके साथ जमशेदपुर लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी सह बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती भी मौजूद रहे. इसके अलावा कार्यक्रम में घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, पोटका विधायक संजीव सरदार, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, ईचागढ़ विधायक सविता महतो समेत पार्टी के शीर्ष नेतागण मौजूद रहे. वहीं सैकड़ों कि संख्या मे पार्टी के बूथ स्तर के महिला व पुरुष कार्यकर्ता यहां मौजूद रहे. वहीं समीर मोहंती ने कहा कि ये लड़ाई झारखंड के अस्मिता को बचाने का और झारखंड राज्य कि आवाज को संसद तक पहंचाने का है जिसे एक एक बूथ स्तर के कार्यकर्ता मिलकर ही इसको सफल बना सकते हैं.



### समीर को जीत दिलाने का लिया संकल्प

इस दौरान चंपाई सोरेन ने पार्टी के प्रत्याशी समीर मोहंती को जीत दिलवाने का संकल्प दिलवाते हुए कहा कि हमें जीत का लक्ष्य लेकर चलना है, प्रत्येक बूथ पर एक प्रभारी होंगे और उन प्रभारियों को 25-25 महिला व पुरुष का लिस्ट तैयार कर संगठन को सौंपना है. विगत लोकसभा मे हम थोड़े कमजोर पड़े थे लेकिन विधानसभा मे हमने अपनी पकड़ बनाई थी और कोल्हान से एक भी सीट भाजपा को नहीं मिला. इस लोकसभा चुनाव मे भी हमें उसी रणनीति के साथ चलना है ताकि इस बार झारखंड से एक भी लोकसभा सीट भाजपा को ना जाए. वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने कभी भी शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर काम नहीं किया बल्कि जनता को केवल जुमलों मे उलझा कर रख दिया. इस बार क्षेत्र कि जनता इसका मुंह तोड़ जवाब देगी और भाजपा को उखाड़ फेकेगी.

झारखंड आगमन पर झामुमो महासचिव सुप्रियो ने मोदी पर साधा निशाना, बोले

# पीएम मोदी का असली चेहरा पूरी दुनिया ने देख लिया है

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का झारखंड की धरती पर फिर से स्वागत किया है. मगर इस चुनावी मौसम में उनसे झारखंड से जुड़े चार अहम सवालों का जवाब मांगा है. कहा कि झारखंड में हिंदू-मुस्लिम और मंगलसूत्र नहीं चलेगा. झारखंड के अपने अहम सवाल हैं, जिनका राज्य के आदिवासी-मूलवासी, ग्रामीण पीएम मोदी से जवाब चाहते हैं. उक्त बातें पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन के दौरान कही. भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री आदिवासी अस्मिता से जुड़े सवालों पर अपना स्टैंड क्लीयर करें. जिसमें सरना धर्म कोड प्रमुख है. खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मांग को लेकर क्या विचार रखते हैं, उनका क्या सोचना है. इसका जवाब उन्हें देना होगा. जनजातीय गौरव की बात करने वाले पीएम का असली चेहरा पूरी दुनिया ने देख लिया, जब एक आदिवासी राष्ट्रपति को हाथ बांधे खड़ा किया और खुद कुर्सी पर बैठकर खिलखिलाते रहे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह बताना होगा, क्या छत्तीसगढ़ हसदेवा जंगल में अडाणी के प्रवेश के बाद पौंडाहाट, सांरडा और कोल्हान में अडाणी का प्रवेश कराने के लिए वन अधिकार कानून में संशोधन किया गया. इसमें ग्रामसभा के पावर को शिथिल क्यों किया गया. क्या कोल्हान की धरती में भी पूंजीपतियों को आर्म्ड फोर्स के साथ उतारा जाएगा और कोल्हान क्षेत्र में अडाणी या अन्य पूंजीपतियों को घुसा कर आदिवासी-मूलवासी और ग्रामीणों को उजाड़ा जाएगा. कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को बताना होगा कि कोल वेयरिंग एक्ट में क्यों संशोधन किया गया. इसमें सोशल इंफेक्ट और एनवायरमेंट इंपैक्ट पार्ट को क्यों हटाया गया. क्या उनकी मंशा झारखंड के माइनिंग क्षेत्र का डेमोग्राफी को बदलने की साजिश तो नहीं है. ताकि उन क्षेत्रों में बाहरी आबादी और पूंजीपतियों का प्रवेश हो सके. इस एक्ट से भी ग्राम सभा को शिथिल कर दिया गया है.

एचईसी पर सवाल उठाते हुए सुप्रियो ने कहा कि 10 साल में एचईसी कैसे बर्बाद हुआ, क्या कोई बड़ा प्लान है. 10 साल पहले तक एचईसी की स्थिति अच्छी थी. दस साल में ऐसा क्या हुआ कि एचईसी बर्बाद हो गया. एचईसी मनी रत्न इंडस्ट्रीज के रूप में जाना था. यह झारखंड ही नहीं पूरे एशिया की बड़ी कंपनी हुआ करती थी. एचईसी को लेकर केंद्र सरकार का बड़ा प्लान क्या है. इसका खुलासा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को करना होगा. सुप्रियो ने कहा कि इलेक्शन कमीशन के तीन बंदर की भूमिका में है. उसे न कुछ दिखाई देता है, न सुनाई देता है न कुछ बोल पाता है. राहुल गांधी के बयान के जिस मामले में कांग्रेस को नोटिस हुआ है, वह आर्थिक नीति पर था. मगर प्रधानमंत्री का बयान आपराधिक मामले का था. इसके बावजूद इलेक्शन कमीशन ने सीधे पीएम को नोटिस न करते हुए भाजपा अध्यक्ष को नोटिस भेजा. भट्टाचार्य ने कहा कि मोदी के दो हाथ हैं, बांए हाथ में अंबानी और दाएं हाथ में अडाणी. भट्टाचार्य ने कहा कि इलेक्शन कमीशन कितनी भी सहूलियत प्रधानमंत्री को प्रदान कर दे. क्योंकि वर्तमान में मोदी जी कार्यवाहक पीएम की भूमिका में हैं. पद के हिसाब से उन्हें सुरक्षा भी प्रदान है. मगर वे एक प्रत्याशी भर हैं. इलेक्शन कमीशन भले ही 400 की जगह 800 सीट का प्रमाण पत्र छपवा कर उन्हें दे.



- झारखंड में नहीं चलेंगे हिंदू-मुस्लिम व मंगलसूत्र मुद्दे
- झारखंड के ज्वलंत चार सवालों का जवाब चाहिए
- इलेक्शन कमीशन आज तीन बंदर की भूमिका में

### झारखंड की धरती वीर भूमिपुत्रों की रही है

भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड की धरती वीर भूमिपुत्रों की रही है. आंदोलनकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों की रही है. वे जेल चले गए, शहीद हो गए मगर कभी तानाशाही के आगे हार नहीं मानी. अब झारखंड के आदिवासी-मूलवासियसों की आवाज रहे हेमंत सोरेन को जेल भेज कर अगर मोदी जी सोच रहे हैं कि हम डर गए या डरा देंगे तो यह भूल है. हम झारखंडी संघर्ष करने वाले हैं, संघर्ष जारी रहेगा. मगर झारखंड और झारखंडी कभी झुकेगा नहीं. भट्टाचार्य ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह लोग पढ़ते-लिखते नहीं हैं क्या. जो सवाल हमसे पूछ रहे हैं, उन्हें इलेक्शन कमीशन और एयरपोर्ट अथॉरिटी से पूछना चाहिए. एयरपोर्ट अथॉरिटी ने कहा कि हमारी सारी जगह बुक हैं. चॉपर रखने की जगह नहीं मिल सकती है. इसके बाद खेल गांव में बनाया गया, वह भी इलेक्शन कमीशन के परमिशन के बाद. एक सवाल के जवाब में भट्टाचार्य ने कहा कि हमने स्टार प्रचारकों की सूची एक अप्रैल को इलेक्शन कमीशन भेजी थी. चूंकि अभी हेमंत सोरेन की बेल को लेकर कानूनी प्रक्रिया चल रही है. हो सकता है कि उन्हें बेल मिल जाए. इलेक्शन कमीशन के रूल्स के अनुसार, बीच में किसी को स्टार प्रचारक नहीं बनाया जा सकता है. इसलिए हेमंत सोरेन का नाम डाला गया.

# सिंहभूम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र पर है पूरे देश की नजर

भाजपा से गीता और झामुमो से मैदान में हैं जोबा

संजीव मेहता। आदित्यपुर





सिंहभूम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र पर पूरे प्रदेश की नजर है. यहां मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन की प्रतिष्ठा दांव पर है. भाजपा से वर्तमान सांसद गीता कोड़ा मैदान में हैं. वे 2019 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर लड़ी थीं और भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण गिलुआ को हरा कर जीत दर्ज की थी. इस बार चुनाव में उन्हें कड़ी टक्कर मिल रही है झामुमो की प्रत्याशी जोबा मांझी से, जो वर्तमान में मनोहरपुर की विधायक हैं. रविवार को जोबा मांझी कांड्रा, गम्हरिया और आदित्यपुर में जनसंपर्क कर रही हैं. बता दें कि इस सीट पर पहली बार दो महिला उम्मीदवार आमने-सामने हैं. सिंहभूम के इतिहास में पहली बार मुख्य मुकाबले में महिला उम्मीदवार हैं. भाजपा की गीता कोड़ा और झामुमो की जोबा मांझी के बीच कांटे का मुकाबला माना जा रहा है. यहां 13 मई को वोट डाले जाएंगे. हेमंत सोरेन सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी जोबा मांझी पर इंडिया गठबंधन ने भरोसा जताया है. राजनीतिक जानकारों का कहना है कि सामाजिक ताने-बाने में झामुमो की जमीनी पकड़ भाजपा से बेहतर नजर आती है. इस कारण ही चाईबासा की सभी छह विधानसभा सीटों पर झामुमो-कांग्रेस का एकतरफा कब्जा है. हालांकि विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव का वोटिंग पैटर्न अलग होता है.

**इस बार गीता कोड़ा भाजपा प्रत्याशी है :** सिंहभूम लोकसभा सीट पर 2019 की मोदी लहर में भी कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गीता कोड़ा ने जीत का परचम लहराया था. पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा ने इस बार कांग्रेस छोड़ कमल का दामन थाम लिया है. भाजपा ने गीता कोड़ा को ही सिंहभूम से टिकट देकर चुनाव में उतार दिया है. गीता हो जनजाति से आती हैं. सिंहभूम लोकसभा सीट हो बहुल है. लोकसभा क्षेत्र में करीब 56 प्रतिशत आबादी हो जनजातियों की है. इसके बाद पिछड़ा वर्ग में कुर्मी-महतो के बाद संथालों की अच्छी खासी आबादी है. स्थानीय जानकारों का दावा है कि जगन्नाथपुर विधानसभा में निश्चित रूप से मधु कोड़ा की पकड़ मजबूत है, लेकिन उनके सामने इस संभावित लीड को सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर और चक्रधरपुर विधानसभा में बनाये रखना बड़ी चुनौती होगी. गीता कोड़ा की उम्मीदवारी के सहारे इस बार वहां कमल खिलाने का ख्वाब भाजपा का है. गीता कोड़ा की जीत में झामुमो की सियासी जमीन का कितना बड़ा योगदान था, यह भी एक बड़ा सवाल है. इस हालात में देखना दिलचस्प होगा कि झामुमो की इस ताकत के बगैर गीता कोड़ा कितना दम-खम दिखला पाती हैं.

**1991 के बाद झामुमो का खाता नहीं खुला :** सिंहभूम लोकसभा सीट से 1991 में झामुमो के कृष्णा मार्डी ने संथाल होते हुए भी हो बहुल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था. इसके बाद हुए चुनाव में झामुमो लोकसभा सीट नहीं जीत सकी. पिछले दो दशकों से चुनाव में गठबंधन की राजनीति में सिंहभूम सीट सहयोगी दलों के खाते में चले जाने की वजह से झामुमो लोकसभा सीट पर उम्मीदवार खड़ी नहीं कर पाती थी. वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में सिंहभूम लोकसभा की सभी छह विधानसभा सीटें इंडिया गठबंधन ने जीत ली थी. झामुमो के कब्जे में पांच सीटें सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर और चक्रधरपुर हैं. जगन्नाथपुर सीट कांग्रेस के कब्जे में है. भाजपा गठबंधन के पास विधानसभा की सीटें नहीं है. संयुक्त बिहार और झारखंड सरकार में कई बार मंत्री रह चुकीं जोबा मांझी वर्ष 1995 से लेकर 2019 तक के विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक बार 2009 में ही हारी हैं. वर्ष 1995, 2000, 2005, 2014 और 2019 में वह मनोहरपुर विधानसभा से लगातार चुनाव जीतती रही हैं.

बोकारो के चंद्रपुरा में आजसू का मिलन समारोह, बोले सुदेश महतो

# इंडिया गठबंधन हो गई है दिशाहीन

संवाददाता। रांची



मिलन समारोह कार्यक्रम में सुदेश को सुनते लोग.

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इस बार का आम चुनाव कई मायने में अहम है. प्रगति को गति देने के साथ एक सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए एनडीए प्रतिबद्ध है तो दूसरी तरफ नेतृत्व विहीन इंडिया गठबंधन नकारात्मकता फैलाने में जुटा है. उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कही, जो बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड बाजार टांड़ में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे. इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी लखन लाल महतो ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ सुदेश महतो की उपस्थिति में आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह चुनाव देश के नेतृत्व करने वाले को चुनने के लिए भी है. अब तक दो चरणों में हुए मतदान में जो संकेत मिल रहे हैं, उससे जनता ने नरेंद्र मोदी के संकल्प और मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर भरोसा किया है. उन्होंने कहा कि गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में एनडीए की बड़ी जीत के साथ यहां की जनाकांक्षाओं को पूरे करने के लिए हम सभी को मिलकर अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करनी है. झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो और कांग्रेस की विदाई यही लोकसभा चुनाव में तय हो जायेगी. आजसू ने गिरिडीह के विकास को अपना लक्ष्य माना है और झामुमो-कांग्रेस वालों का काम है पहले अपना-अपना घर भरना. अब जनता इनके छलावे में आने वाली नहीं है. मौके पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले लखन लाल महतो ने कहा कि सुदेश महतो के विचार, सोच व आजसू पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आज पार्टी में शामिल हो रहे हैं. पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी जायेगी उसका निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे और पार्टी के नीति सिद्धान्तों को जन जन तक पहुचायेंगे. मौके पर आजसू बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डोमेन सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष उमाकांत रजक, महासचिव लंबोदर महतो, यशोदा देवी, मुकुंद चंद्र मेहता, अजय सिंह, संतोष महतो (तोपचांची), काशीनाथ सिंह, सचिव संतोष महतो, नवीन महतो, राजेश महतो, हलधर महतो, जयलाल उर्फ जेली महतो, रिंकी देवी उप प्रमुख चंद्रपुरा आदि शामिल थे.

इस कार्यक्रम में लखन लाल महतो की अगुवाई में नेपाल महतो, सीमा देवी, सुमित्रा देवी, बुद्धिनाथ महतो, ताराचंद महतो, सविता देवी, सुरेश महतो, निखिल कुमार, और परसबनी पंचायत से नमिता देवी, गीता देवी, दिलीप सिंह, इंद्रलाल सिंह, चितनारायण सिंह आदि शामिल हैं.

## बाकी बचे कामों को पूरा कराऊंगा : वीडी राम

**पाटन, पलामू।** पाटन प्रखंड के किशनपुर मध्य विद्यालय प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी ने जनसभा का आयोजन किया. भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को कार्यक्रम में आना था लेकिन किसी कारणवश वो नहीं आ सके. जनसभा को संबोधित करते हुए पलामू के भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कहा कि मैं पिछले 10 वर्षों में पलामू एवं गढ़वा जिले में एक भी ऐसा कार्य नहीं किया जिससे कि यहां की जनता को सिर झुकाना पड़े. उन्होंने कहा कि जो कार्य बाकी है उसे पूरा करने का प्रयास करूंगा. विष्णु दयाल राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता की आवाज बनूंगा. वहीं क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि सांसद जी क्षेत्र में रहे या ना रहे मैं रहती हूं. मौके पर पूर्व सांसद घुरन राम, प्रभात भुइया, पाटन छतरपुर विधानसभा प्रभारी नरेंद्र पांडे, जिला अध्यक्ष भाजपा अमित तिवारी, श्याम नारायण दुबे, धीरेंद्र नारायण उपाध्याय, संतोष पाठक मंडल अध्यक्ष बीजेपीलठैया, नरेंद्र मिश्रा, नरेश यादव छतरपुर मंडल अध्यक्ष सुनील पासवान, राजू सिंह समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

# ऑनलाइन केवाईसी के झांसे में 50 हजार की साइबर ठगी

संवाददाता। जमशेदपुर

- कदमा थाना में मोबाइल नंबर 9586462722 के धारक के खिलाफ प्राथमिकी हुई दर्ज

कदमा थाना अंतर्गत ईसीसी फ्लैट निवासी प्रियजीत चटर्जी साइबर क्राइम का शिकार हो गए. साइबर अपराधियों ने उनके खाते से 50 हजार रुपये की साइबर ठगी कर ली. इसको लेकर प्रियजीत ने कदमा थाना में मोबाइल नंबर 9586462722 के धारक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. प्रियजीत ने बताया कि उनका खाता एसबीआई बैंक में है. 26 अप्रैल को उन्हें एक नंबर से मैसेज आया, जिसमें बताया गया कि खाते में केवाईसी नहीं है.

केवाईसी नहीं करवाने पर खाते से लेनदेन की सुविधा को बंद कर दिया जाएगा. मैसेज में केवाईसी के लिए एक लिंक दिया गया था. लिंक पर क्लिक करने पर एसबीआई इंटरनेट बैंकिंग की जानकारी भरी, जिसके बाद मोबाइल पर एक ओटीपी आया. ओटीपी डालते ही बैंक खाते से 50 हजार रुपये कट गए. इधर, कदमा पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है.

**कांग्रेस** झारखंड प्रदेश तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी सिंकू कांग्रेस में शामिल

# सन्नी काफी युवा और ऊर्जावान नेता हैं : राजेश

विशेष संवाददाता। रांची



**जोरदार स्वागत**

- देश में दो विचारधारा की लड़ाई अभी चल रही है
- देश के प्रधानमंत्री लोगों को मुद्दे से भटका रहे हैं

कांग्रेस के 'आ अब लौट चलें' अभियान के तहत झारखंड प्रदेश तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी सिंकू ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ कांग्रेस का दामन थाम लिया. सिंकू ने कांग्रेस की नीतियों एवं सिद्धांतों में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस की अंग पट्टी एवं माला पहनाकर उन्हें कांग्रेस की सदस्यता दिलाई. इस अवसर पर राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के अभियान के तहत पिछले दिनों कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण की और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा. हमारा पूरा ध्यान ऐसे लोगों पर है जो पूर्व में कांग्रेस में थे या जिनके पूर्वज कांग्रेस विचारधारा से जुड़े रहे हैं और जो वर्तमान में किसी अन्य दल में है. उन्हें वापस कांग्रेस में लाने का कार्य हम कर रहे हैं. सिंकू काफी युवा और उर्जावान नेता हैं. उनके अच्छे राजनीतिक भविष्य की मैं कामना करता हूं. इनके कांग्रेस में शामिल होने से कोल्हान क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को काफी मजबूती मिलेगी. उनकी जीत में एक अहम भूमिका इनकी और इनके साथियों की रहेगी. उन्होंने कहा कि देश में दो विचारधारा की लड़ाई चल रही है और यह चुनाव एक ऐसे समय में हो रहा है जहां से भारत का आगामी कई दशकों का भविष्य तय होगा. देश के प्रधानमंत्री लोगों को इलेक्ट्रोल बॉन्ड घोटाला, बेरोजगारी के मुद्दे से भटकाकर मुसलमान मंगलसूत्र, मटन में उलझाना चाहते हैं.

### पुरानी गलती को आज सुधार लिया: सिंकू

सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात सन्नी सिंकू ने कहा कि कांग्रेस छोड़ना मेरी भूल थी. इसका एहसास मुझे पार्टी छोड़ने के बाद हो गया था. परंतु आज मैंने अपनी भूल सुधार ली है. मेरी पूरी निष्ठा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के प्रति है. मैंने राहुल की न्याय यात्रा से प्रभावित होकर सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा की है. मैं अपने साथियों के साथ सिंहभूम की इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए कार्य करूंगा.

## नमो घाट पर बोकारो की रंजना की प्रस्तुति



**रांची ।** वाराणसी के नमो घाट पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में बोकारो की आकाशवाणी और दूरदर्शन कलाकार के रूप में प्रसिद्ध गायिका रंजना राय ने भजनों एवं लोकगीतों की प्रस्तुति दी. उनके द्वारा प्रस्तुत भजनों एवं लोकगीतों में प्रमुख हैं- का ले के शिव के मनाऊं हो शिव मानत नाहीं, नगरी हो आयोध्या सी, राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी, कोयल बिन बगिया ना शोभे राजा, पटना से बइदा बुलाइ द नजरा गइली.....

# महंगाई और मौसम

ऐसे वक्त में जब केंद्रीय बैंक खुदरा मुद्रास्फीति को काबू पाने के मिशन में कामयाबी की तरफ बढ़ता नजर आ रहा था, प्रतिकूल मौसमी हालात तथा बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों ने चिंता बढ़ायी है. यही वजह है कि निर्धारित चार फीसदी तक मुद्रास्फीति नियंत्रण के लक्ष्य को लेकर अनिश्चितता पैदा हुई है. दरअसल, बीते माह में खुदरा मुद्रास्फीति की दर 4.9 फीसदी रहने पर केंद्रीय बैंक समेत आर्थिक विशेषज्ञ उत्साहित थे कि अब चार फीसदी के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है. दरअसल, इसी मकसद से केंद्रीय बैंक ने अप्रैल 2023 के बाद से रेपो दरों में किसी तरह का बदलाव नहीं किया. केंद्रीय बैंक को आशंका थी कि रेपो दरों में बदलाव से महंगाई बढ़ सकती है. ऐसे में आरबीआई मुद्रास्फीति की मौजूदा स्थिति को लेकर आशावान है. लेकिन साथ ही चिंतित भी कि मौसम के मिजाज में लगातार आ रहे बदलाव तथा दो साल से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध व हालिया गाजा संकट से वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ सकती है, जिसका असर भारत पर पड़ना लाजिमी है. इन्हीं आशंकाओं के चलते केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति को नहीं बदला है. वहीं दूसरी ओर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पैनी निगाह रखने वाली सीएमआईई की रिपोर्ट में विश्वास जताया गया है कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक खुदरा मुद्रास्फीति पांच साल के न्यूनतम स्तर तक पहुंच सकती है, लेकिन मौसमी अस्थिरता इस मार्ग में बाधक बन सकती है. दरअसल, वैश्विक मौसम संगठन के संकेत हैं कि विपरीत मौसमी स्थितियां हमारी कृषि अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं, जिसका सीधा असर खाद्यान्न महंगाई पर पड़ सकता है. हालांकि, भारत की सकल घरेलू उत्पाद दर के फिलहाल सात फीसदी रहने के अनुमान तमाम देशी-विदेशी आर्थिक संगठन लगा रहे हैं, लेकिन अचानक पैदा हुई प्रतिकूल परिस्थितियों के बाबत भविष्यवाणी करना आसान नहीं है. लेकिन इसके बावजूद जरूरी है कि महंगाई पर नियंत्रण के प्रयासों के प्रति हम गंभीर रहें, जिसमें दुनिया की सबसे बड़ी हमारी युवा आबादी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है. बहरहाल, हमें यह स्वीकार करना होगा कि जलवायु परिवर्तन का असर पूरी दुनिया को गहरे तक प्रभावित करने लगा है. खासकर कृषि क्षेत्र के प्रभावित होने से महंगाई बढ़ने का खतरा लगातार बना हुआ है. अतिवृष्टि-अनावृष्टि और अचानक आने वाली बाढ़ दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बुरी तरह प्रभावित कर रही हैं, जिससे सारी दुनिया में खाद्यान्न की कीमतों में तेजी आ रही है. हमने पिछले दिनों भारत में भी देखा कि जब गेहूं की फसल तैयार होकर खलिहानों तथा मंडियों तक पहुंचने लगी तो पश्चिमी विक्षोभ के चलते हुई बारिश ने काफी नुकसान किया. निश्चित रूप से गोदाम पहुंचने से पहले अनाज का भीग जाना किसान के लिए संकट का सबब बन जाता है. यह घटनाक्रम अब हर साल का हिस्सा है. हजारों टन अनाज बेमौसमी बारिश की भेंट चढ़ जाता है, जिससे अनाजों, फलों व सब्जियों की फसल खराब होने से खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ जाते हैं.

> हमने पिछले दिनों भारत में भी देखा कि जब गेहूं की फसल तैयार होकर खलिहानों तथा मंडियों तक पहुंचने लगी तो पश्चिमी विक्षोभ के चलते हुई बारिश ने काफी नुकसान किया. निश्चित रूप से गोदाम पहुंचने से पहले अनाज का भीग जाना किसान के लिए संकट का सबब बन जाता है.

## सुभाषित

**दुर्जनेन समं सख्यं प्रीतिं चापि न कारयेत् ।**
**उष्णो दहति चांगारः शीतः कृष्णायते करम् ॥**

दुर्जन, जो कि कोयले के समान होते हैं, से प्रीति कभी नहीं करना चाहिए, क्योंकि कोयला यदि गरम हो तो जला देता है और शीतल होने पर भी अंग को काला कर देता है. दुर्जन भी वैसा ही होता है, जो समीप आने पर किसी न किसी रूप में हानि अवश्य पहुंचाता है.

# इस बार गायब हैं चार पुराने रणनीतिकार

**वर्ष 2019 में अपनी-अपनी पार्टियों के लिए प्रमुख रणनीतिकार की भूमिका निभा चुके चार बड़े रणनीतिकार इस बार चुनाव में पर्दे से पूरी तरह गायब हैं. दिलचस्प बात है कि इनमें से तीन तो निष्क्रिय होकर अपने घर बैठ गए हैं, जबकि झारखंड के कद्दावर नेता रघुवर दास ओडिशा के राज्यपाल बना दिये गये हैं.**



• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

शोहरत की बुलंदी भी पल भर का तमाशा है,
जिस डाल पे बैठे हों वो टूट भी सकती है...

मशहूर शायर बशीर बद्र का यह शेर 2024 लोकसभा चुनाव में देश के चार बड़े नेताओं पर पूरी तरह फिट है. याद करें कि 2019 में अपने-अपने दलों के लिए इन नेताओं की रणनीति काफी काम आई थी. लेकिन इस बार ये लोग सीन से पूरी तरह गायब हैं. आपको याद दिला दें कि ये नेता हैं- बंगाल के मुकुल रॉय, बिहार के आरसीपी सिंह, झारखंड के रघुवर दास और पंजाब के कद्दावर नेता रहे कैप्टन अमरिंदर सिंह. 2019 लोकसभा चुनाव में इन नेताओं का सिक्का चला था. इनके कहने पर दावेदारों का टिकट कटता और मिलता था. पूरे चुनाव में इनके घरों पर मजमा लगता था, लेकिन अब पांच साल बाद ये खुद पर्दे से गायब हो गए हैं. रघुवर दास को छोड़ दिया जाए, तो बाकी के तीन नेता अपने आवासों में ही सिमट के रह गए हैं. बदले समीकरण में राजनीतिक रूप से इन नेताओं को न तो कोई पूछ रहा है और न ही इन नेताओं को अब अपना आगे का भविष्य दिख रहा है. 2019 लोकसभा चुनाव में मुकुल रॉय ने बीजेपी की ओर से पश्चिम बंगाल की कमान संभाली थी. रॉय ने चुनाव से पहले तृणमूल के कई नेताओं को तोड़ कर बीजेपी के पाले में लाने का काम किया था, जिसमें अर्जुन सिंह, लॉकेट चटर्जी, सौमित्र खान और शांतनु घोष जैसे प्रमुख नेता शामिल थे. नेताओं के साथ-साथ मुकुल रॉय ने कई समाज और तृणमूल कांग्रेस के कोर वोटरों में भी सेंध लगा दी थी. 24 परगना के मतुआ समुदाय के हक पूरे चुनाव में मुद्दा बना दिया था, जिसका फायदा बीजेपी को चुनाव में हुआ. 2019 चुनाव में टिकट वितरण में भी बीजेपी ने मुकुल रॉय के समर्थकों को खूब तरजीह दी. नतीजा पार्टी के पक्ष में गया और पहली बार भाजपा ने बंगाल की 18 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की. इस जीत ने मुकुल रॉय के कद में भी बढ़ोतरी की. 2020 में बीजेपी ने उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी. हालांकि, बीजेपी में मुकुल का यह आखिरी प्रमोशन था. 2021 में बंगाल के विधानसभा चुनाव हुए, जिसमें बीजेपी दूसरे नंबर की पार्टी बनी. हार के बाद मुकुल ने नेता प्रतिपक्ष पद के लिए दावेदारी कर दी, जिसे बीजेपी हाईकमान ने नहीं माना. पार्टी ने मुकुल राय के बदले तृणमूल से ही आए शुभेंदु अधिकारी को बंगाल का नेता प्रतिपक्ष बनाया. मुकुल इसके बाद तृणमूल में चले आए, लेकिन दाल उनकी वहां भी नहीं गली. 2023 में वे फिर से बीजेपी में जाने की कोशिश में लगे थे, लेकिन वहां उनकी किरकिरी हो गई. वर्तमान में मुकुल रॉय कोलकाता स्थित अपने आवास पर ही हैं. उनके बेटे शुभ्रांशु के मुताबिक वे डिमेंशिया से पीड़ित हैं और डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है.

याद कीजिए बिहार जदयू के कद्दावर नेता आरसीपी सिंह को. रामचन्द्र प्रसाद सिंह 2019 लोकसभा चुनाव में जदयू के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) थे. नीतीश कुमार के बाद उनकी गिनती पार्टी में नंबर-2 नेता की होती थी. 2019 में जदयू संगठन की कमान उन्हीं के पास थी और टिकट बंटवारे से लेकर मुद्दा तय करने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई. आरसीपी सिंह के कहने पर ही नीतीश कुमार ने बिहार में पहली बार 2019 के चुनाव में किसी मुसलमान को टिकट नहीं दिया. पार्टी को इसकी सफलता भी मिली और 2019 में 16 सीटों पर जीत दर्ज की. आरसीपी को इसका इनाम भी मिला. उन्हें पहले पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया और फिर केंद्र की मोदी सरकार में मंत्री. हालांकि, मंत्री पद पाने के बाद आरसीपी जदयू की सियासत से अलग-थलग होने लगे. 2022 में जेडीयू ने उन्हें राज्यसभा ही नहीं भेजा, जिसकी वजह से उन्हें मंत्री पद छोड़ना पड़ा. वहीं पार्टी की तरफ से उन्हें जमीन घोटाले की शिकायत को लेकर एक लेटर लिख दिया गया, जिसके बाद आरसीपी जदयू से अलग हो गए. जदयू से अलग होने के बाद आरसीपी बीजेपी में आए. उस वक्त नीतीश राजद के साथ थे, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश फिर बीजेपी के साथ आ गए. नीतीश के साथ आने के बाद बीजेपी ने आरसीपी को पूरी तरह अलग-थलग कर दिया है. पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में भी आरसीपी को जगह नहीं मिली है. वर्तमान में आरसीपी सिंह नालंदा के अपने पैतृक आवास पर ही रह कर पुराने दिनों को याद कर रहे हैं. 2019 चुनाव में उत्तर भारत के राज्यों में सिर्फ पंजाब में ही कांग्रेस ने बेहतरीन परफॉर्मेंस किया था. उस वक्त पार्टी को पंजाब की 13 में से 8 सीटों पर जीत मिली थी, जो एक रिकॉर्ड था. पंजाब में जीत का सेहरा कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के सिर बंधा था. वजह- पूरे चुनाव की कमान कैप्टन ने अपने पास ही रखी थी. कैप्टन के कहने पर ही नेताओं को टिकट दिए गए थे. इनमें मनीष तिवारी, परणीत कौर जैसे नेता शामिल थे. हालांकि, 2019 के बाद कांग्रेस में कैप्टन के बुरे दिन शुरू हो गए. 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी ने कैप्टन को साइडलाइन कर दिया. नाराज कैप्टन ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया. कैप्टन ने इसके बाद खुद की पार्टी बनाई, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली. इसके बाद कैप्टन बीजेपी में शामिल हो गए. हालांकि, वहां भी उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं मिली है. कैप्टन वर्तमान में पटियाला स्थित अपने फॉर्म हाउस पर ही रहते हैं. उनकी पत्नी परणीत कौर यहां से बीजेपी की उम्मीदवार हैं. चर्चा है कि कैप्टन अपनी पत्नी के लिए यहां प्रचार कर सकते हैं. 2019 लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने झारखंड की 14 में से 12 सीटों पर जीत हासिल की थी. इतना ही नहीं, सालों बाद बीजेपी ने जेएमएम को उसके गढ़ दुमका में भी उसे मात दी थी. बीजेपी की इस जीत का श्रेय रघुवर दास को मिला. दास उस वक्त झारखंड के मुख्यमंत्री थे और उन्हीं के पास चुनाव की कमान थी. दास ने चुनाव के बीच ही शिबू सोरेन की सीट दुमका में सरना कोड लागू करने की बात कह दी, जिसे उस वक्त आदिवासी समाज ने हाथों-हाथ लिया. चुनाव बाद रघुवर के कद में बढ़ोतरी भी हुई. लोकसभा चुनाव के ठीक 6 महीने बाद हुए विधानसभा के चुनाव में रघुबर दास को बीजेपी ने फ्री हैंड दिया. उनके कहने पर ही कद्दावर नेता सरयू राय का टिकट तक काटा गया. हालांकि, दास इस चुनाव में न तो खुद को और न ही पार्टी को जीता पाए. इसके बाद रघुवर दास झारखंड की राजनीति से अलग-थलग हो गए. 2024 लोकसभा चुनाव से पहले दास के चतरा या जमशेदपुर सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा थी, लेकिन दास झारखंड की राजनीति में वापसी नहीं कर पाए. वर्तमान में दास ओडिशा के राज्यपाल हैं और भुवनेश्वर स्थित राजभवन में रह रहे हैं. कभी-कभार झारखंड आते हैं, तो भाजपा नेता उनसे मुलाकात करने की रस्म अदायगी कर लेते हैं.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## स्वानुशासन आवश्यक

जहां वर्जनाओं का अभाव होता है, वहां अपराधों का सद्भाव होता है. एक चोर के हाथ हत्या हो गई. उसे फांसी की सजा सुनाई गई. अन्तिम इच्छा के रूप में उसने माता से मिलने की गुजारिश की. माता को बुलाया गया. वह अपना मुंह माता के कान के पास ले गया और अपने दांत माता के कान में गडा दिए. माता चित्कार कर उठी. वहां उपस्थित लोगों ने उसे बहुत ही धिक्कारा- अरे अधम! इस मां ने तुझे जन्म दिया. तेरे पिता तो तेरे जन्म से पहले ही सिधार चुके थे, इस मां ने बडे कष्टों से तुझे पाला-पोसा. उस माता को तूने अपने अन्त समय में ऐसा दर्दनाक कष्ट दिया? धिक्कार है तुझे." "इसने मुझे जन्म अवश्य दिया, इस नाते यह मेरी जननी है. किन्तु माता तो वह होती है जो जीवन का निर्माण करती है. संस्कार देकर संतति के जीवन का कल्याण सुनिश्चित करती है. जब मैं बचपन में दूसरे बच्चों के पैन पैन्सिल चुरा के घर ले आता तो मुझे टोकती नहीं, उलट प्रसन्न होती. मैं बेधड़क छोटी छोटी चोरियां करता, उसने कभी अंकुश नहीं लगाया, मेरी चोरी की आदतों को सदैव मूक समर्थन दिया. मेरा हौसला बढता गया. मैं बड़ी बड़ी चोरियां करता गया और अन्तः चौर्य वृत्ति को ही अपना व्यवसाय बना लिया. मां ने कभी किसी वर्जना से मेरा परिचय नहीं करवाया, परिणाम स्वरूप मैं किसी भी कार्य को अनुचित नहीं मानता था. मुझसे यह हत्या भी चोरी में बाधा उपस्थित होने के कारण हुई और उसी कारण आज मेरा जीवन समाप्त होने जा रहा है. मेरे पास समय होता तो मां से इस गलती के लिए कान पकड़वाता, पर अब अपनी व्यथा प्रकट करने के लिए कान काटने का ही उपाय सूझा." वर्जनाएँ, नैतिक चरित्र और उसी के चलते जीवन की सुरक्षा के लिए होती हैं. ये सुरक्षित, शान्तियुक्त, संतोषप्रद जीवन के लिए, नियमबद्ध अनुशासन का काम करती हैं. वर्जनाएं वस्तुतः जीवन में विकार एवं उससे उत्पन्न तनावों को दूर रख जीवन को सहज शान्तिप्रद बनाए रखने के सद्प्रयोजन से ही होती हैं. लोग वर्जनाओं को मानसिक कुंठा का कारण मानते है. जबकि वास्तविकता तो यह है कि वर्जनाओं का आदर कर, स्वानुशासन से पालन करने वाले कभी कुंठा का शिकार नहीं होते. वह इसलिए कि वे वर्जनाओं का उल्लंघन न करने की प्रतिबद्धता पर डटे रहते हैं. ऐसी दृढ़ निष्ठा, मजबूत मनोबल का परिणाम होती है, दृढ़ मनोबल कभी कुंठा का शिकार नहीं होता. जबकि दुविधा और विवशता ही प्रायः कुंठा को जन्म देती हैं.

# क्या कारण है कि गरीबी हटती ही नहीं

• सामयिकी

राकेश गांधी

चुनाव आते ही गरीबों के चेहरे कुछ समय के लिए प्रसन्नता से खिल उठते हैं, क्योंकि अंततोगत्वा पांच साल बाद उन्हें याद जरूर कर लिया जाता है. चुनाव के तत्काल बाद ये गरीब राजनीतिक दलों के नेताओं के मानस पटल से हट भी जाते हैं. याद आना अच्छी बात है, पर हैरानी इस बात की भी है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी आखिर गरीबी मिट क्यों नहीं रही..? क्यों राजनीतिक दलों ने 'गरीबी हटाओ' नारे को अपना स्थाई जुमला बना रखा है? गरीबी तो हटती नहीं, पर साल-दर-साल गरीबों का गरीबी में ही जरूर नामोनिशां मिट जाता है. चुनावी समर चल रहा है. अभी तो इन 'गरीबों' की भी पौ बारह है. नेता रोज ही इनकी पूजा-अर्चना व भरपेट खाना पहुंचाने में व्यस्त चल रहे हैं. चुनाव से निपटते ही इन गरीबों को फिर से इन्हीं के हाल छोड़ दिया जाएगा. कुल मिलाकर मुफ्तखोरी की आदत डालकर इन गरीबों को गरीब ही बनाए रखने और सालों-साल इन पर राज करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है. हाल ही में राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र जारी हुए हैं. जोर-शोर से आगामी पांच साल में गरीबों के भूखे पेट का उपचार करने की बात की जा रही है. इससे ज्यादा तो कुछ होगा भी नहीं. जब साढ़े सात दशक में भी नहीं हो पाया तो अब क्या उम्मीद की जा सकती है. केवल गरीबी हटाने ही नहीं, हर बार लाखों नौकरियां देने के वादे भी किए जाते रहे हैं. यह बात अलग है कि पांच साल बाद भी हालात जस के तस ही रहते हैं और फिर शुरू हो जाता है जुमलों का दौर. इससे भी दुःखद तो यह है कि आजादी के बाद से लोगों को पानी, बिजली, सड़क, उच्च शिक्षा व बेहतर चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं जुटाने के भी वादे किए जाते रहे हैं. इसके उलट आजादी के 77 साल बाद भी देश में ऐसे कई शहर व गांव मिल जाएंगे, जहां डामर की सड़क तो छोड़ो, अभी कच्ची सड़क तक नसीब नहीं हुई है. घटिया सीवरेज व्यवस्था के कारण बरसात के दिनों में शहरों में लोग कई-कई दिनों तक पानी से घिरे घरों में कैद रहते हैं. पीने को पर्याप्त पानी नहीं मिलता. कई गांवों में यातायात के साधन तक नहीं पहुंच पाए हैं. देश की सिलिकॉन सिटी बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहर के लोग जब पेयजल संकट के भयानक हालात से जूझ रहे हैं तो दूरदराज के गांवों की क्या बात करें. हां, पिछले कुछ सालों में सारे देश में हाई-वे जरूर बने हैं. लिंक रोड से लोगों का आवागमन सुगम हुआ है. पर इसमें भी गरीब तो अभी भी गरीब ही है. उसकी गरीबी का निवारण अभी तक भी नहीं हो पा रहा है. इसमें किसी एक राजनीतिक दल को दोष देने से कुछ होना भी नहीं है. देश में आमूलचूल परिवर्तन की जरूरत है. सालों-साल झूठे वादे करने वालों से बचने की जरूरत है. वैसे भी देश में किसी नागरिक को 'गरीब' कहना किसी गाली से कम नहीं है. गरीब का मतलब केवल निर्धन ही नहीं, बल्कि उन्हें जबरन दरिद्र, कंगाल, दीनहीन, बेचारा, लाचार जैसे शब्दों से नवाजना है. ऐसे में वे जरूरतमंद जरूर हो सकते हैं, पर 'गरीब' तो बिल्कुल नहीं. हमें ये मान लेना चाहिए कि अब देश में जब तक आखिरी इंसान तक रोजगार, पर्याप्त पेयजल, बिजली, जरूरी चिकित्सा व शिक्षा के संसाधन नहीं पहुंच जाते, तब तक विकास की बात करना बेमानी होगी. हमें ये याद रखना चाहिए कि विख्यात सर्वोदयी व सामाजिक कार्यकर्ता तथा महात्मा गांधी के अनुयायी बाबा विनोबा जीवनपर्यन्त 'अन्त्योदय' की बात करते थे. 'अन्त्योदय' यानी अंत तक उदय. देश के आखिरी आदमी तक विकास की बात उनके इस ब्रह्मवाक्य में निहित थी. अन्त्योदय आज देश की अहम जरूरत बन गया है. सरकार जब तक इस 'अन्त्योदय' को नहीं अपनाती, तब तक देश को विकसित राष्ट्र नहीं माना जा सकता. देश में अंतरिक्ष विज्ञान, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, कृषि एवं चिकित्सकीय अनुसंधान के साथ-साथ इस समय प्रत्येक इंसान को आर्थिक, शैक्षिक व शारीरिक रूप से सम्पन्न बनाने पर ध्यान देने की जरूरत है. 'भिखारी मुक्त' नारे के साथ ही सक्षम व सम्पन्न देश के नारे पर ध्यान देने की जरूरत है. तभी भविष्य के चुनावों में गरीबी हटाओ और रोजगार व बुनियादी सुविधाएं जुटाने के झूठे वादों से मुक्ति संभव होगी.

> गरीब का मतलब केवल निर्धन ही नहीं, बल्कि उन्हें जबरन दरिद्र, कंगाल, दीनहीन, बेचारा, लाचार जैसे शब्दों से नवाजना है. ऐसे में वे जरूरतमंद जरूर हो सकते हैं, पर 'गरीब' तो बिल्कुल नहीं. हमें ये मान लेना चाहिए कि अब देश में जब तक आखिरी इंसान तक रोजगार, पर्याप्त पेयजल, बिजली, जरूरी चिकित्सा व शिक्षा के संसाधन नहीं पहुंच जाते, तब तक विकास की बात करना बेमानी होगी.

# जलवायु संकट से जीवन रक्षा का अधिकार

• जलवायु

प्रोदीप्तो घोष

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन एवं आजादी की सुरक्षा) के दायरे को विस्तार देते हुए स्वतंत्रता के अधिकार या जलवायु परिवर्तन के विपरीत प्रभावों से सुरक्षा की आजादी को मान्यता दी है.सर्वप्रथम तो यह स्पष्ट हो कि आखिर 'अधिकार' का अर्थ क्या है. 'अधिकार' किसी व्यक्ति अथवा समूह द्वारा किया वह दावा है (जैसे कि महिला, एलजीबीटीक्यूआईए इत्यादि) जिसकी अहमियत इसकी कीमतों और फायदों से कहीं ऊपर होती है. उदाहरणार्थ, एक पुलिसकर्मी यह दलील नहीं दे सकता कि किसी विधवा के यहां हुई चोरी को सुलझाने में जो वक्त और पैसा लगेगा यदि वह चोरी हुए माल या धन से अधिक है तो उसकी शिकायत पर कार्रवाई करने का क्या औचित्य. दूसरा, अधिकार में सामान्यतः फर्ज भी निहित होता है- किसी व्यक्ति, संस्थान अथवा सरकार का- ताकि दावा सही लगे. विभिन्न गैसों के वैश्विक उत्सर्जन, जिसको ग्रीन हाउस गैस भी कहा जाता है, इनकी वजह से जलवायु परिवर्तन हो रहा है. ऐसे प्रभाव का विकासशील मुल्कों के अपने उत्सर्जन से संबंध कम ही है. इनकी सरकारें अपने तौर पर वैश्विक स्तर के ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को सीमित करने में कुछ अधिक नहीं कर सकतीं. इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सर्वसम्मति की जरूरत है, इस दिशा में अपेक्षित चाल 1992 से ही धीमी है, जब संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेन्शन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) नामक प्रस्ताव अपनाया गया था. यूएनएफसीसीसी मानता है कि जलवायु परिवर्तन के कारकों को थामने, उत्सर्जन घटाने और प्रभावों को कम करने में विकसित मुल्कों के पास अधिक क्षमता है, इसे 'सामान्य किंतु अंतर लाने वाली जिम्मेवारी' नामक सिद्धांत के तौर पर जाना जाता है. पेरिस संधि-2015 के ध्येयों पर अमल फिलहाल शोचनीय रूप से बहुत कम है, जिसके अंतर्गत वैश्विक औसत तापमान में बढ़ोतरी स्वीकार्य सीमा 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर बनाए रखना है. लेकिन यह न होने पर, वास्तविक धरातल पर इसके प्रभाव स्वरूप मौसम में तीव्र बदलाव बढ़ते जा रहे हैं. इन परिस्थितियों में, क्योंकि पर्यावरणीय बदलाव के भारत पर भी प्रभाव पड़ रहे हैं और अधिकांशतः इसके पीछे जिम्मेवार विकसित देशों के कारनामे हैं, क्या एक आम नागरिक इस जलवायु परिवर्तन से आजादी का हक पाने का दावा कर सकता है? तर्क के आधार पर कहें तो समस्या का मुख्य जिम्मेवार विकसित देशों का समूह है. इस अधिकार की अन्य अवधारणा है स्वतंत्रता का अधिकार बनाम भलाई का अधिकार. जीवन का अधिकार, अभिव्यक्ति की आज़ादी इत्यादि स्वतंत्रता के अधिकार में आते हैं. शिक्षा का अधिकार, जलवायु परिवर्तन से निजात के अधिकार सहित साफ-सुथरा पर्यावरण पाने के हक को भलाई अधिकारों में गिना जाता है. स्वतंत्रता अधिकार में केवल जरूरत है अन्य कोई इनका उल्लंघन न करने पाए, जबकि भलाई अधिकार वह है, जिसकी प्राप्ति करने में तदनुरूप कर्तव्यों पर उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई की जरूरत होती है. स्वतंत्रता अधिकारों को लागू करने में अधिकांशतः बहुत ज्यादा कीमत नहीं लगती. लेकिन, कल्याण अधिकारों को मूर्त रूप देने में सामान्यतः बहुत बड़े स्तर पर संसाधनों की आवश्यकता पड़ती है. किंतु जब संसाधन पहले से कम पड़ते हों, जैसा कि विकासशील मुल्कों में होता है, तब चुनाव करते वक्त विभिन्न अन्य कल्याण अधिकारों को तरजीह देनी पड़ती है.अनेक अध्ययन दर्शाते हैं कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव कम करने में बहुत ज्यादा धन की जरूरत पड़ती है. विकसित देशों की ओर से विशाल मात्रा में अंतरराष्ट्रीय मदद राशि की अनुपस्थिति के मायने हैं कि भारत सरकार को अपने संसाधन जुटाकर इस समस्या का हल निकालना पड़ेगा. अगर सरकार को अन्य विभिन्न कल्याण अधिकार भी सुनिश्चित करने हैं तो सीमित संसाधनों के चलते प्रत्येक मामले में प्राप्ति आंशिक ही होगी. लगातार बदलते अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण परिवर्तन नियमों के तहत पर्यावरण अधिकार की संपूर्ण प्राप्ति को जरूरत है विकसित देशों से नवीन एवं अतिरिक्त संसाधन विकासशील मुल्कों को दिए जाने की. लेकिन इस किस्म के संसाधन मिलने की संभावना बहुत क्षीण है. जैसा कि देश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि हो रही है, समस्त संसाधनों का स्तर भी बढ़ेगा. साथ ही, नागरिकों की आय बढ़ने पर, वे जलवायु प्रभाव के परिणामों से बचने को निजी तौर पर अधिक खर्च कर पाएंगे, मसलन, सुरक्षित आवास, स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक खर्च, जल-संचयन और अतिशयी आपदाओं के संदर्भ में बीमा करवाना इत्यादि.

> विकसित देशों की ओर से विशाल मात्रा में अंतरराष्ट्रीय मदद राशि की अनुपस्थिति के मायने हैं कि भारत सरकार को अपने संसाधन जुटाकर इस समस्या का हल निकालना पड़ेगा. अगर सरकार को अन्य विभिन्न कल्याण अधिकार भी सुनिश्चित करने हैं तो सीमित संसाधनों के चलते प्रत्येक मामले में प्राप्ति आंशिक ही होगी.

## मीडिया में अन्यत्र

# उभरते क्षेत्रों पर देना होगा ध्यान

**बीते** कुछ दशकों की बात करें तो भारतीय अर्थव्यवस्था का एक चमकदार पहलू रहा है सेवा निर्यात की गति. इसने न केवल कारोबारी अंतर को थामे रखने में मदद की है, बल्कि यह देश में रोजगार निर्माण का स्रोत भी रहा है. इनमें उच्च कौशल वाले रोजगार शामिल हैं. सेवा क्षेत्र में देश की सफलता को देखते हुए इस बात का परीक्षण करना सही होगा कि वैश्विक स्तर पर हम कहां हैं और भविष्य की क्या संभावनाएं हैं. भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा मासिक बुलेटिन में प्रकाशित एक शोध आलेख कहता है कि पिछले तीन दशकों में यानी 1993 से 2022 के बीच डॉलर के संदर्भ में भारत का सेवा निर्यात 14 फीसदी से अधिक की समेकित सालाना वृद्धि दर से बढ़ा. यह 6.8 फीसदी की वैश्विक सेवा निर्यात वृद्धि की तुलना में काफी अच्छा है. इसके परिणामस्वरूप समान अवधि में सेवा निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 0.5 फीसदी से बढ़कर 4.3 फीसदी जा पहुंची. इसकी बदौलत भारत दुनिया में सातवां सबसे बड़ा सेवा निर्यातक बन गया. 2001 में भारत 24वें स्थान पर था. फिलहाल दूरसंचार, कंप्यूटर और सूचना सेवा निर्यात के क्षेत्र में भारत दुनिया में दूसरे और सांस्कृतिक तथा मनोरंजक सेवा निर्यात में छठे स्थान पर है. भारत को तकनीकी प्रगति और उसे अपनाने से फायदा हुआ है. भारत के कामकाजियों में अंग्रेजी बोलने वाले लोग अच्छी खासी तादाद में हैं और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी अनेक प्रतिभाएं हैं. इसके अलावा घरेलू डिजिटल बुनियादी ढांचे और नीतिगत ध्यान ने भारत को सूचना प्रौद्योगिकी और उससे संबद्ध सेवाओं के क्षेत्र में अहम वैश्विक हिस्सेदारी हासिल करने में मदद की है. यह बात बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भारत में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की स्थापना के कारण भी महसूस की जा सकती है. 2015-16 से 2022-23 तक भारत में जीसीसी की संख्या 60 फीसदी बढ़कर 1,600 से अधिक हो चुकी है. दुनिया भर में डिजिटल तकनीक को अपनाने का सिलसिला बढ़ा है और भारत भी साफ तौर पर इससे लाभान्वित हुआ है. डिजिटल आपूर्ति वाली सेवाओं के निर्यात में 2019 से 2022 के बीच 37 फीसदी का इजाफा हुआ और यह भारत के लिए बहुत मददगार साबित हुआ. तकनीकी क्षेत्र से इतर भारत का यात्रा निर्यात भी मजबूत रहा है, हालांकि वह अभी भी महामारी के असर से जूझ रहा है और इसमें आंशिक हिस्सेदारी पर्यटन की भी है.



**(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### परिवर्तन/परिवर्जन

**उसे** मैंने कितना समझाया, लेकिन उसके बात-व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया. कहते हैं परिवर्तन प्रकृति का नियम है, लेकिन उसपर कोई नियम लागू नहीं होता. परिवर्तन संस्कृत मूल का तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. यह संस्कृत के परि उपसर्ग में वर्तन शब्द के जुड़ने से बनता है. परि उपसर्ग जिस शब्द के साथ लगता है, उसके इन अर्थों में वृद्धि हो जाती है-चारों ओर, सर्वतोभाव, अतिशय या अधिकता, पूर्णता, दोषापाख्यान और नियम. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार वर्तन शब्द का अर्थ है चक्कर लगाना, घूमना, चलना-फिरना, गतिमान होना, व्यवहार, वर्ताव. परि उपसर्ग से संयोग के बाद बना परिवर्तन हिंदी भाषा का बहुप्रचलित शब्द है. इसका प्रयोग विद्वज्जन से लेकर जनसाधारण भी बहुत ही स्वाभाविक ढंग से करते हैं. इसका मतलब है एक अवस्था से दूसरी अवस्था में जाना, तबदीली, फेरबदल, रूप और आकार आदि में बदलाव, हेरफेर, रद्दोबदल, आकृति, गुण, रूप में सुधार या बिगाड़. एक युग की समाप्ति हो जाती है और दूसरे युग का आगमन होता है तो उसे युग परिवर्तन कहा जाता है. एक के स्थान पर जब दूसरे का आगमन होता है तो यह भी परिवर्तन है. हालांकि इस परिस्थिति को आम तौर पर स्थानांतरण या तबादला कहा जाता है. परिवर्तन का मतलब घुमाव या चक्कर भी होता है. गर्मी के दिनों में जब वर्षा होने लगती है तो कहा जाता है कि जलवायु परिवर्तन हो गया. कुछ घटा-बढ़ा कर रूप बदलना, एक रूप से दूसरे रूप में आना, एक चीज के बदले दूसरी चीज लेना, कुछ अंशों में नया रूप देना, सुधारना, अंग्रेजी में चेंज, आल्टरनेशन, वेरियेशन आदि को भी परिवर्तन ही कहा जाता है. जिसमें परिवर्तन स्वाभाविक रूप से होता है, जो अनस्थिर है, अनिश्चित है, उसे परिवर्तनशील कहते हैं. जो परिवर्तन करनेवाला है, जिसे परिवर्तन या नूतनता में विश्वास है, क्रांतिकारी है, वह परिवर्तनकारी कहलाता है. दूसरा शब्द परिवर्जन भी तत्सम संज्ञा पुल्लिंग है और इसका अर्थ है त्याग, छोड़ना, वध, मारण, हत्या.

# भैंस और लाठी की निराली कथा

• तीर-तुक्का


सुशील यादव



कल रात प्रभु मेरे सपने में आये और कहा भक्तजन तुम्हारे मायावी संसार में भैंस और लाठी को ले कर अनेक भ्रांतियां फैली हुई हैं. उसे ठीक करने की जिम्मेदारी मैं तुम्हारे कन्धों पर डालता हूं. तुम कोई जतन ऐसा करो कि लाठी से भैंस का सदियों पुराना नाता ख़त्म हो जाए. प्रभु कार्पोरेट जगत के सीइओ की तरह आर्डर दे कर अंतर्धान हो गए और मैं शोधकार्य में लग गया. अभी तक प्राप्त तथ्यों के माध्यम से जो जानकारी है, वह यह कि लाठी रखने के अनेक फायदे हैं. प्रमुख यह कि इसके जरिये भैस को पाया जा सकता है. पुराने जमाने में भैंस को खरीदा नहीं जाता था. भैंसें, कई आसपास ही घुमा करती थीं.जिसके पास दबंगई होती थी या जो लाठी को तेल पिलाए रहता था, वही अपने घर हांक कर ले जाता था. उन दिनों लाठी को तेल पिलाने का अलग रिवाज था. तेल पिलाई हुई लाठी दिनों-दिन मजबूत होती जाती है, ऐसा वे लोग सोचते थे. अब भैंस को लें, बेचारी, दूध देना बखूबी जानती है. इसका ज्यादा इस्तेमाल प्रायमरी स्कूलों में निबंध लिखने में ज्यादा किया जाता था. उस जमाने में बच्चे सिवाय भैंस के कुछ देखे भी नहीं होते थे ,आज के बच्चे रेल, हवाईजहाज, मेट्रो और डिज्नीलेंड के हजारो चीजों पर फर्राटे से लिख, पढ़, बोल सकते हैं. भैंस के निबन्धों में एक राष्ट्रीय समानता होती थी ,वही चार पैर,एक पूंछ, गोबर देने की बाध्यता प्रमुखता से व्यक्त की जाती थी. कहीं क्षेत्रीय, स्थानीय या राज्य की सीमा का न बंधन न उल्लंघन. सभी भैंसों की एक गति थी. कोई नहीं कह सकता था की तमिल का 'मावा' महाराष्ट्र या गुजरात से जुदा है. घी बना लो, लस्सी छाछ पी लो, पंजाब से हरियाणा तक के भैंसों की एक वाणी, एक जुबान, एक स्वाद.इस निरीह प्राणी पर, जाने क्यों लाठी का आतंक युगों तक पसरा रहा? सार बात यह कि भैंसें, डंडा रखने वाले से भी कम दिमाग वाली होती है. गरीब की लुगाई जैसी हालत रहती है इनकी, जिसे देखो वही हड़काये दिए रहता है. भैंस की जरूरतें भी कम होती हैं, दिन भर मैदान में चारा चर कर वे काम चला लेती थीं. आजकल वह भी मय्यसर नहीं, मैदान प्लास्टिक-पालीथीन से भर गए हैं. उनके पेट में जाने अनजाने यही घुस रहा है. सरकारी आंकड़ों के आडिट में भैंसों के साथ चारा खाने वाले लोगों में बड़े अफसरान, संतरी, मंत्री भी शामिल पाए गए. प्रभु आप तो स्वयं जानते हैं, हमारे देश में जानवरों के या बेजुबानों के 'हिस्से' में से 'मारने वालों' की कमी नहीं. प्रभु जी हमने लोगों को कहते सुना हैं, आपकी 'लाठी' बेआवाज होती है?

मोटिवेशन

# आज की एक खतरनाक बीमारी



डॉ कुमार संजय
शिक्षाविद

*कहते हैं महंगाई बढ़ रही है इसलिए खर्चे भी बढ़ रहे हैं. जी नहीं, खर्चे इसलिए बढ़ रहे हैं कि हम उन्हें बढ़ा रहे हैं. अगर महीने के अंत में आपकी जेब खाली हो जाती है, आप पैसे की समस्या से जूझने लगते हैं, तो इसका अर्थ है, आप एक खतरनाक बीमारी से ग्रसित हैं. उस बीमारी का नाम है फिजूलखर्ची. हम कहां- कहां फिजूलखर्ची करते हैं, और उसे हम कैसे रोक सकते हैं - आज इसी समस्या के बारे में हम बात करने जा रहे हैं.*

1. **अनावश्यक खरीदारी :** अगर बिना लिस्ट के किसी शॉपिंग मॉल में घुसेंगे, तो अनावश्यक खरीदारी तो होनी ही होनी है, खासकर जब आप पूरे परिवार के साथ जाते हैं. कुछ आकर्षक चीजें पत्नी उठा लेती है, कुछ बच्चे उठा लेते हैं और एक दो आप. मॉल में 40% खरीदारी अनावश्यक होती है. मॉल जाएं तो प्रॉपर लिस्ट के साथ जाएं. एक के साथ एक फ्री के प्रलोभन से बचें.
2. **ऑनलाइन शॉपिंग :** ऑनलाइन शॉपिंग के एडिक्शन से हम बाहर आएं. मेगा सेल, अंतिम दिन-बंपर छूट के नाम पर कंपनियां हमें खूब मूर्ख बनाती हैं. हम आकर्षक तस्वीरें देखकर आर्डर प्लेस कर देते हैं. इनमें से कुछ प्रोडक्ट्स बिलो स्टैंडर्ड होते हैं, जिन्हें हम आलस के कारण वापस नहीं करते. कुछ प्रोडक्ट्स को हम कभी यूज नहीं करते.
3. **लोन :** लोन लेकर गाड़ी, मोबाइल, फ्लैट, फ्रीज, लैपटॉप खरीदना आम हो गया है. कई की आधा से ज्यादा सैलरी लोन चुकता करने में चली जाती है. जिनका वैल्यू बढ़ता है, उसके लिए लोन ले सकते हैं जैसे घर, जमीन, पढ़ाई. जिनका मूल्य घटता है, उसके लिए लोन बहुत सोच समझ कर लें जैसे गाड़ी, मोबाइल, होम अप्लायंसेज. किस्त की रकम आपकी सैलरी के 15% से ज्यादा नहीं आनी चाहिए.
4. **क्रेडिट कार्ड :** क्रेडिट कार्ड आज स्टेटस सिंबल है. इसका अर्थ है, अपने लिमिट से बाहर जाकर खर्च करना. सही समय पर पैसा जमा नहीं करने पर बहुत बड़ी रकम पेनल्टी के तौर पर देनी पड़ती है. अपनी कमाई से बाहर निकल कर खर्च करना मूर्खता है.
5. **पूजा पाठ :** पूजा पाठ, त्यौहार पर कपड़ों, गहनों, पार्लर पर काफी पैसा खर्च किया जा रहा है. हर दूसरे महीने एक त्यौहार आ ही जाता है, जिसके बारे में हम प्लानिंग करके नहीं रखते. इसलिए बजट गड़बड़ हो जाता है. पूजा पाठ श्रद्धा-भक्ति से करें. ताम-झाम से बाहर निकलें, पैसा सेव होगा, अंदर से शांति का अनुभव करेंगे.
6. **ब्रांड :** ब्रांड का क्रेज बढ़ा है. एक मिडिल क्लास अगर 10 हजार की ड्रेस, 8 हजार का जूता, 6 हजार का पर्स खरीदेगा, तो बजट का गड़बड़ाना लाजिमी है. मिडिल क्लास यह सब खरीदता क्यों है, तो दूसरों को इंप्रेस करने के लिए. याद रखें, महंगे कपड़ों से हम किसी को 5 मिनट के लिए इम्प्रेस कर सकते हैं. उसके लिए पूरे मंथली बजट को डगमगा देना सरासर बेवकूफी है. किसी को इंप्रेस करने के लिए बात व्यवहार, कार्यशैली, कार्यकुशलता ज्यादा मायने रखती है.
7. **नशा :** लोगों में सिगरेट, गुटका, शराब की आदत बढ़ गई है. सिगरेट पीने वाले महीने में औसतन 5 हजार की सिगरेट पी जाते हैं, शराब पीने वाले औसतन 8 से 10 हजार की शराब पी जाते हैं. जब आय सीमित है, तो 5 से 10 हजार इन बुरी आदतों पर खर्च करना बेवकूफी नहीं तो और क्या है !
8. **बाहर खाना :** कभी-कभी बाहर खाना चलता है. लेकिन जब खाना बनाने का मूड नहीं किया, ऑनलाइन ऑर्डर कर दिया. यह फिजूलखर्ची है. बाहर का खाना स्वास्थ्य बिगाड़ने के साथ-साथ मंथली बजट को भी बिगाड़ देता है.
9. **शादी :** लोग अपनी पूरी जमा पूंजी शादी में खर्च कर डालते हैं. लोन भी ले लेते हैं. शादी के बाद जिंदगी भर लोन चुकता करते रहते हैं. पूरी जमा पूंजी शादी में लगाने के बाद बाकी बची जिंदगी आर्थिक तंगी में गुजारना कहां की बुद्धिमानी है ! झूठे दिखावे से बेहतर है कि आगे की पूरी जिंदगी सुकून से गुजरे.
10. **आकस्मिक ख़र्चे :** साल में 2-3 बार कुछ कामों पर अचानक पैसा खर्च करना पड़ जाता है जैसे बीमारी, डॉक्टर, टेस्ट, दवा, पारिवारिक समारोह, घर के उपकरणों का खराब हो जाना, किचन-वॉशरूम में किसी समस्या का आ जाना, यात्रा वगैरह. अचानक से उनके लिए पैसा खर्च करना पूरे बजट को गड़बड़ कर देता है. कई बार इसका असर अगले कुछ महीनों के बजट पर पड़ता है. इसके लिए जरूरी है आदमी अपनी आमदनी का 10% इसके लिए हर माह जमा करता जाए.

**मूल मंत्र :** अपनी आमदनी को ध्यान में रखकर लोन लें, प्रोडक्ट्स खरीदें, त्योहार मनाएं, पैसा खर्च करें. वॉरेन बफेट ने बहुत सही सलाह दी है- खर्च करने के बाद पैसा बचाने से बेहतर है, पैसा बचाने के बाद जो बचता है, उसे खर्च करना. डेविड बाच ने सही कहा है- "स्थायी समृद्धि का आधार बचत है, न कि खर्च करना."



अमित कुमार पांडेय
इंटीरियर डिजायनर

***अप्रैल अभी बीता नहीं है, पर मौसम के तेवर ऐसे हैं कि मई-जून वाली गर्मी की तरह हम बेहाल हैं. बाहर लू की लहर है तो भीतर भी कहां ठंडक है! एसी आज भी हर घर में नहीं है, गर है भी तो कितना और किस-किस हिस्से में चलाएं. ऐसे में घर को ठंडा करने के कुछ कारगर उपायों की चर्चा करें जो हमें तो राहत दे ही, पर्यावरण व जेब के लिहाज से भी सुकूनदायक हो-***



# घर रहेगा कूल कूल

तेज़ रोशनी वाली लाइट के बदले आप कॉम्पैक्ट फ़्लोरोसेंट लैम्प्स (सीएफ़एल), या और बेहतर, लाइट एमिटिंग डायोड (एलईडी) भी इस्तेमाल कर सकते हैं.



## खिड़कियों पर ब्लाइंड, खस के पर्दे

खिड़कियां सुबह पांच से आठ और शाम को सात से 10 बजे तक जरूर खुली रखें. दोपहर के समय इन्हें बंद कर दें. बाहरी गर्म हवा के कारण कमरे का तापमान 30% तक बढ़ जाता है. खिड़की के पास भारी-भरकम चीज न रखें. इससे हवा के आवागमन जारी रहेगा और घर में ठंडक बनी रहेगी. मोटे और गहरे रंग के पर्दे इस मौसम में बेहतर रहते हैं. इन दिनों खिड़कियों पर विंडो फिल्म्स लगाने का भी चलन है जो ठंडक तो देते ही हैं, घर की प्राइवेसी भी दुरुस्त रखते हैं. वैसे खिड़कियों पर ब्लाइंड लगाना बेहतर उपाय है. खस के पर्दे लगाने पर भी अलग ठंडक का अहसास होगा. खस के भींगे पर्दे से ताजगी भी ठंडक मिलती है.



## खिड़की पर बाहरी कवर

हल्के रंगों के और मोटे कॉटन कपड़ों का ऑनिंग या बाहरी शामियाना खिड़की से बाहर की गर्मी का प्रवेश निषेध करेगा. यह छोटा सा उपाय न केवल प्राकृतिक तरीके से घर के भीतर ठंडक बढ़ाएगा, बल्कि घर की खूबसूरती में भी इजाफा करेगा.

## लिविंग रूम से हटाएं कुशन, कार्पेट



सोफे या दीवान पर ढेर सारे कुशन रखें हैं तो उन्हें कम कर दें. दीवान की चादर या सोफे के कवर गहरे चुभते रंग के ना हों. बेहतर हो कि कॉटन या लिनेन की लाइट रंगों की चादर, कवर का इस्तेमाल करें. कालीन को कमरे से हटा दें. झूमर आदि भी अभी हटा दें. संभव हो तो फॉल्स सीलिंग बनवा लें. ये गर्मी से राहत दिलाती है. हॉल या डाइनिंग स्पेस पर एक एग्जॉस्ट फैन लगवाएं. पंखे के ठीक नीचे वाले टेबल पर एक कांच का बाउल में बर्फ वाला पानी और गुलाब की ताजी पंखुड़ियां डालें. इससे ठंडक और ताजगी, दोनों का अहसास होगा.

## छत पर हो टैरेस गार्डेन




हरियाली से सूरज की सीधी रोशनी से बचाव होता है. मिट्टी जिसमें हम पौधे लगाते हैं, वे गर्मी को अवशोषित कर इंसुलेटर का काम करती हैं. इसकारण छत पर टैरेस गार्डेन का होना गर्मी से राहत दिलाता है. लेकिन छत पर गार्डेन लगाने से पहले आश्वस्त हो जाएं कि यह वाटर प्रूफ है ताकि किसी तरह का सीपेज या नुकसान नहीं हो. छत पर व्हाइट सेरेमिक वाटरप्रूफ टाइल्स लगाना भी गर्मी से राहत दिलाता है.

## बालकनी में ग्रीन नेट शेड

बालकनी छोटी हो या बड़ी, वहां कुछ ऐसे पौधे लगाएं जो ठंडक देंगे. संभव हो तो बालकनी को शाम को पानी धो दें. बालकनी में ग्रीन नेट शेड या खसखस के पर्दे लगा सकते हैं.



## वर्टिकल गार्डेन में ये पौधे



हरियाली के लिए अधिक जगह नहीं हो तो घर के किसी हिस्से में वर्टिकल गार्डेन लगाएं. इससे कमरे का तापमान कम होगा. मनी प्लांट, फर्न प्लांट, एरिका पाम, स्नेक प्लांट जैसे पौधे घर के भीतर कम देखभाल में भी पनपते हैं और ठंडक का अहसास भी दिलाते हैं.

## रसोई का टाइम करें फिक्स

ऐसा खाना कम पकाएं जिससे धुआं और गर्माहट घर के अंदर फैले. कोशिश करें कि रसोई में दोपहर 12 बजे से पहले खाना बनाने का काम खत्म कर लें. इसी तरह रात का खाना भी 6-8 के बीच बना लें. गर्म हवा को बाहर करने के लिए किचन में एग्जॉस्ट फैन या चिमनी लगाएं. कोशिश करें कि मिक्सी और दूसरे किचन अप्लायंसेज दिन की जगह रात में चलाएं.

पांच मई को है नीट की परीक्षा

# नए टॉपिक्स और प्रॉब्लम्स की अपेक्षा रिविजन पर दें ध्यान, फार्मूला करें याद

*डॉक्टर बनने का सपना पूरा करने के लिए नीट की परीक्षा में पास होना जरूरी है. इस बार यह परीक्षा पांच मई को आयोजित की जाएगी. परीक्षार्थियों की तैयारी तकरीबन पूरी हो चुकी होगी. अब समय है परीक्षा में परफॉर्म करने का और अब तक पढ़ी जानकारी के उपयोग का. ऐसे में पेश है हमारे एक्सपर्ट पैनल द्वारा दिए गए टिप्स जो अंतिम घड़ी की तैयारी और परीक्षा के दौरान सफलता पाने में आपकी मदद करेगा.*


**हमारे पैनल में शामिल हैं ये**



नवेंदु शेखर मिश्रा
फिजिक्स



शैलेश रंजन
केमेस्ट्री



संजीव सिंह
बायलॉजी



इंदू प्रसाद
बायलॉजी



1. सर्वप्रथम अपनी तैयारी, शिक्षकों पर पूर्ण विश्वास रखें और आत्मविश्वास बनाए रखें.
2. बबल्स की शेडिंग हर प्रश्न के साथ करते रहें. इकट्ठे बबल्स शेड करने की गलती न करें.
3. समय प्रबंधन और नेगेटिव मार्किंग से बचें.
4. यदि किसी प्रश्न के उत्तर के बारे में ज़्यादा निश्चित तौर पर जानकारी नहीं है तो गेस करने से बचें.
5. परीक्षा से एक रात पहले अच्छी नींद होनी चाहिए और हल्का आहार लेना चाहिए.
6. अपने प्रदर्शन को लेकर मानसिक तनाव न लें.
7. फोन और सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखें. यह परीक्षा के पहले ध्यान के लिए महत्वपूर्ण है.
8. फ़िज़िक्स के फ़ॉर्मूले को अच्छी तरह से याद रखें.
9. नये टॉपिक्स और प्रॉब्लम्स की अपेक्षा रिविजन पर ध्यान दें।
10. एक ही प्रश्न पर ज़्यादा देर तक अटके नहीं.
11. केमेस्ट्री में एक्सेप्शन वाले उदाहरण को ज़रूर याद रखें.
12. ऑर्गैनिक केमेस्ट्री के नेम रिएक्शन को ज़्यादा ध्यान से देख लें.
13. स्ट्रक्चर बेस प्रश्नों को भी ध्यान से बनाएं.
14. बायलॉजी सबसे अधिक स्कोरिंग विषय है, पर बच्चे आसान समझकर बहुत निश्चिंत हो जाते हैं. याद रखें नीट एक युद्ध है, बायलॉजी को हल्के में न लें.
15. बायलॉजी के प्रश्नों को सबसे पहले हल करें.
16. 90 प्रश्नों को एक घंटे में हल करने का टार्गेट लेकर चलें.
17. जिस चैप्टर मैं पूर्ण कमांड है उसके प्रश्न पहले करें
18. जिस प्रश्न मैं समय लग सकता है, उसे चिन्हित कर रख लें ताकि बाद में कर सकें.
19. टाइम मैनेजमेंट के लिए टाइम बाउंड प्रैक्टिस होने चाहिए.
20. बायोलॉजी में डायग्राम बेस्ड प्रश्न कम समय लेते हैं इसलिए उन्हें पहले करें.

अंतरराष्ट्रीय डांस दिवस आज : एक डांसर( किशन कुमार) की डायरी

# नृत्य से ही मिला मुकाम इससे ही मिली पहचान



*टीवी पर बचपन में जब डांस देखता था, कुछ भी करता, ठिठक जाता. संगीत पर पांव थिरकने लगते, कलाकार के कॉस्ट्यूम, मेकअप आकर्षित करते. पर डांस की यह राह अपनाना आसान नहीं रहा मेरे लिए. डांस को लेकर समाज की जो सोच है, उस कारण काफी कुछ झेला. स्वभाव से सॉफ्ट शुरू से रहा हूं, डांस, मेकअप से रुचि रही है. डांस के कारण चेहरे के हावभाव भी ऐसे रहे जिसके कारण समाज के लोग फेमिनाइन-मेस्कुलाइन के बंधे-बंधाएं ढांचे में मुझे तौलते और ऐसी प्रतिक्रिया देते जिससे मैं हतोत्साहित होता रहता. तब धनबाद के डीएवी सिंदरी का छात्र था. मुझे स्कूल बस में इतना टॉर्चर किया गया कि शिकायत दर्ज करनी पड़ी प्रिंसिपल के पास.*



## पहचान को लेकर सवाल

पढ़ाई में अच्छा था, लिहाजा किसी भी आम परिवार की तरह मम्मी-पापा की चाहत थी कि मैं इंजीनियर बनूं. मैंने भी अपनी तरफ से कसर नहीं छोड़ी, पर जेईई मेंस क्लीयर नहीं कर पाया. तब परिवार की इच्छा से ही दिल्ली गया, डीयू में हिस्ट्री ऑनर्स करने. आईएएस बनने की तैयारी भी शुरू की. यहां का समाज कुछ अधिक राहत भरा लगा, लेकिन अपनी आइडेंटीटी को लेकर एक सवाल मेरे मन में अब भी था कि मैं हूं क्या! कहीं लोग जो बोल रहे, वही तो सच नहीं? मैंने अपनी पहचान को ढूंढना शुरू किया. इसी बीच सोशल मीडिया पर गुरु सिमर प्रीत सोखी से संपर्क करने का मौका मिला. वर्ष 2016 में मैंने उनसे भरत नाट्यम सीखना शुरू किया. फीस देने के लिए पैसे नहीं थे. मैंने गुरु से पहले ही कह दिया, मैं आपको फीस अभी नहीं दे पाउंगा क्योंकि मेरे पिता आईएएस बनाने के लिए मुझे दिल्ली भेजे हैं और डांस सीखने के लिए वे कभी पैसे नहीं देंगे. हां मैं अपना प्रयास 200 प्रतिशत दूंगा, अगर मेरे प्रयास में कमी दिखे तो मुझे निकाल दीजिएगा. जाने कैसे गुरु मान गए और मेरी शिक्षा शुरू हुई.

## जब जिंदगी में आईं सुमन

शादी की जब बात हुई तब भी समाज के सवाल के कारण ठिठका कि कहीं मेरे कारण किसी लड़की की जिंदगी तबाह नहीं हो. तब मेरी जिंदगी में आई बहार बन कर आईं सुमन. उन्होंने ही मुझे प्रपोज किया. मैंने तब अपनी आईडेंटीटी और स्कूल के जमाने से ही लोगों की प्रतिक्रिया/रवैय्या के बारे में उन्हें विस्तार से बताया. तब उन्होंने बिरजू महाराज का उदाहरण दिया कि वे भी तो डांसर है, क्या उनका घर परिवार नहीं. कहा कि आपकी संवेदनशीलता के कारण मैं ताउम्र खुश रहूंगी, ऐसा यकीन है. जब पूरी तरह आश्वस्त हुआ तो परिवार वालों को कहा कि सुमन ही मेरे लिए परफेक्ट है. आज परिवार को भी मुझ पर गर्व है.



## स्टेज पर सुकून

जब घुंघरू बांध कर पूरे मेकअप के साथ स्टेज पर जाना शुरू किया तो शिद्दत से महसूस हुआ कि यही वह जगह है जो मेरे साथ भेदभाव नहीं करती. जहां मेरे जेंडर, मेरे टैलेंट पर कोई सवाल नहीं है. स्टेज और डांस ने ही मुझे वह पहचान दिलाई जिसके लिए मैं अब तक भटक रहा था. आज मैं दिल्ली स्थित तानसेन संगीत महाविद्यालय में शिक्षक हूं. अनंत अंबानी-राधिका के प्री वेडिंग फंक्शन में भी मुझे कार्यक्रम देने का मौका मिला. मेरी जानकारी में झारखंड व दिल्ली से इस कार्यक्रम में परफॉर्म करने वाला मैं इकलौता हूं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम धीरे धीरे अपनी कमियों में सुधार करके अब मजबूत टीम की तरह खेल रही है

# दिल्ली से सतर्क रहना चाहेगी केकेआर

*गौतम गंभीर के मार्गदर्शन वाली टीम केकेआर को पिछले पांच मैच में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है, जिसके लिए उसकी गेंदबाजी जिम्मेदारी रही.*

**एजेंसी। कोलकाता**

पिछले पांच में से चार मैच में जीत हासिल कर आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां होने वाले आईपीएल मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर तालिका में शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी. ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम धीरे धीरे अपनी कमियों में सुधार करके अब मजबूत टीम की तरह खेल रही है. वहीं गौतम गंभीर के मार्गदर्शन वाली टीम केकेआर को पिछले पांच मैच में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है, जिसके लिए उसकी गेंदबाजी जिम्मेदारी रही. लुंगी एनगिडी की जगह शामिल किये गये आस्ट्रेलिया के जेक फ्रेसर मैकगुर्क शीर्ष क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खुद को एक्स फैक्टर साबित कर चुके हैं. 22 साल के इस पावर हिटर ने अपने शानदार शॉट्स से पांच मैच में 237.50 के स्ट्राइक रेट से 247 रन बनाकर आईपीएल में तहलका मचा दिया है. जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज के खिलाफ आक्रामकता से रन जुटाना उनका कौशल दिखाता है. मैकगुर्क ने मुंबई इंडियंस के इस तेज गेंदबाज की पहली ही गेंद को छक्के के लिये भेज कर अपनी मानसिक मजबूती की झलक दिखायी जिससे बुमराह ने अपने पहले ही ओवर में 18 रन लुटा दिये. इस सत्र में बुमराह का यह पहला ओवर रहा जिसमें उन्होंने इतने रन गंवाये हों. इससे दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को मुंबई इंडियंस को 10 रन से पराजित किया. मैकगुर्क ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 27 गेंद में 84 रन बना डाले और वह ईडन गार्डंस पर बल्लेबाजों के मुफीद परिस्थितियों का पूरा फायदा



उठाना चाहेंगे, जिस पर पंजाब किंग्स और केकेआर ने मिलकर 523 रन बनाये थे जिसमें रिकॉर्ड 42 छक्के लगे थे. पंजाब किंग्स ने 262 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा किया था. लेकिन दिल्ली की बल्लेबाजी सिर्फ मैकगुर्क तक ही सीमित नहीं है. दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स ने भी अपनी पावर हिटिंग से सभी को हैरान किया जब उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 25 गेंद में नाबाद 48 रन जड़े. वहीं कप्तान पंत प्रत्येक मैच के साथ तेजी से प्रगति कर रहे हैं जिससे दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष पांच बल्लेबाज मैकगुर्क, अभिषेक पोरेल, शाई होप, पंत और स्टब्स केकेआर की गेंदबाजी के लिए चिंता का विषय हो सकते हैं. केकेआर ने चोटिल मिचेल स्टार्क की जगह श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा को शामिल किया लेकिन उन्होंने टीम के लिए पदार्पण में प्रत्येक ओवर 16 रन लुटाये. स्पिनर सुनील नारायण को छोड़कर केकेआर का कोई भी गेंदबाज प्रभावित नहीं कर सका. केकेआर को सबसे बड़ी निराशा आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार्क से मिल रही है और टीम उम्मीद करेगी यह आस्ट्रेलियाई जल्द ही अंगूठे की चोट से उबरकर लय में आ जाये. दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी में कुलदीप यादव कोलकाता की टीम को अपनी काबिलियत दिखाना चाहेंगे क्योंकि तब वह केकेआर में थे तो दिनेश कार्तिक की अगुआई में उन्हें मौका नहीं दिया गया था. कुलदीप और बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल मजबूत स्पिन जोड़ी है. हालांकि घरेलू टीम के लिए कुछ सकारात्मक चीजें हैं जिसमें नारायण की बल्लेबाजी में शानदार फॉर्म शामिल है जिन्होंने आठ मैच में दो अर्धशतक और एक शतक से 357 रन बनाये हैं.नारायण और फिल सॉल्ट ने शीर्ष क्रम में केकेआर के लिए काफी रन जुटाये हैं लेकिन अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को और रन बनाकर योगदान करना होगा. इस मैच के बाद केकेआर को मुंबई और लखनऊ की टीम से भिड़ना है तो वह इन मुश्किल मुकाबलों से पहले एक जीत दर्ज कर खुद को प्लेऑफ की दौड़ में रखना चाहेगी.

### टीमें इस प्रकार हैं

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान.

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, अभिषेक पोरेल, रिकी भुई, यश ढुल, शाई होप, पृथ्वी साव, ट्रिस्टन स्टब्स, कुमार कुशाग्र, स्वास्तिक चिकारा, इशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, रसिख दार सलाम, विक्की ओस्टवाल, एनरिच नोर्किया, मुकेश कुमार, कुलदीप यादव, प्रवीण दुबे, खलील अहमद, सुमित कुमार, अक्षर पटेल, गुलबदीन नैब, ललित यादव, जेक फ्रेसर-मैकगुर्क.

*मैच शाम 7.30 बजे से*

## ब्रीफ खबरें

### सेंथिल बैच ओपन स्क्वाश फाइनल में पहुंचे

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने हांगकांग के एंडीज लिंग को हराकर पेरिस में बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया. विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर मौजूद सेंथिलकुमार ने शनिवार रात को सेमीफाइनल मैच 22 मिनट में 11-2, 11-1, 11-6 से जीता. इस 12,000 डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर स्पर्धा में खिताब के लिए अब भारतीय खिलाड़ी का मुकाबला फ्रांस के मेल्विल स्कियानिमेनिको से होगा. सेंथिलकुमार ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल मैच में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हराया था.

### मेस्सी के गोलों से मियामी को मिली जीत

**मैसाचुसेट्स (अमेरिका)।** लियोनेल मेस्सी ने न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने दो गोल कर अपनी टीम इंटर मियामी सीएफ को शनिवार को यहां 4-1 से जीत दिलायी. मेस्सी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी करायी. इंटर मियामी की टीम मैच के पहले मिनट में ही टॉमस चानकले के गोल के बाद पिछड़ गयी थी लेकिन मेस्सी ने 32वें मिनट में स्कोर बराबर करने के बाद मैच के 68वें मिनट में बाएं पैर की किक से सत्र का अपना नौवां गोल कर टीम को बढ़त दिला दी.

### बल्लेबाजों ने तेजी से प्रगति की है : क्लूसनर

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच लांस क्लूसनर ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में टीमों के लगातार बड़े स्कोर बनाने के लिए बल्लेबाजों की तेजी से हुई प्रगति को श्रेय दिया जो मिले मौकों का पूरा फायदा उठा रहे हैं. इस आईपीएल में टीमें 200 और 250 रन का स्कोर आसानी से बना ले रही हैं और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व आल राउंडर का मानना है कि गेंदबाजों का अंतिम ओवरों में साधारण प्रदर्शन भी बल्लेबाजों को तेजी से रन जुटाने में मदद कर रहा है.

### तीरंदाजी विश्व कप: फाइनल में हारीं दीपिका कुमारी ने रजत जीता

# भारत ने ओलंपिक चैंपियन कोरिया को हराकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता

**एजेंसी। शंघाई**



भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की. यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा. धीरज, तरुणदीप और प्रवीण की तिकड़ी ने शानदार धैर्य दिखाते हुए एक भी सेट गंवाए बिना बेहद मजबूत कोरियाई खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया. सेना के 40 साल के तरुणदीप अगस्त 2010 में शंघाई विश्व कप के चौथे चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे. तब राहुल बनर्जी, तरुणदीप और जयंत की रिकर्व टीम ने जापान को हराया था.स्पर्धा की शीर्ष दो वरीयता प्राप्त टीमों के मुकाबले में भारत ने 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत हासिल की। मौजूदा विश्व कप में भारत का यह पांचवां स्वर्ण पदक है.

**अंकिता व धीरज ने किया खुशी में इजाफा :** इस शानदार सफलता के बाद अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिश्रित टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया. भारतीय जोड़ी ने मेक्सिको की एलेजांद्रा वेलेंशिया और मटियास ग्रांडे की जोड़ी को 6-0 (35-31, 38-35, 39-37) से शिकस्त दी. मां बनने के बाद खेल से दूर रही अनुभवी दीपिका कुमारी महिला रिकर्व के व्यक्तिगत फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी. उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा. विश्व रैंकिंग की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने 30वीं वरीयता प्राप्त होने के बाद प्रतियोगिता में काफी नीचे से शुरुआत की थी. उन्होंने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में दो कोरियाई खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखाया, लेकिन फाइनल में दीपिका हांग्झोउ एशियाई खेलों की चैंपियन लिम सिह्योन से सीधे सेटों में 6-0 (26-27, 27-29, 27-28) से हार गईं. खिताबी दौर में दीपिका की शुरुआत खराब रही और उनका दूसरा तीर सात-अंक वाले रिंग में लगा. उभरती हुई 20 साल की तीरंदाज लिम ने सिर्फ एक अंक गवां कर दूसरा सेट जीता और स्वर्ण पदक अपने नाम किया.

### पेरिस के लिए रैंकिंग के आधार पर मिलेगा कोटा

भारत ने तीरंदाजी में पेरिस ओलंपिक के लिए अभी तक सिर्फ कोटा हासिल किया है. यह कोटा धीरज ने पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में अर्जित किया है. ओलंपिक के लिए आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग स्पर्धा 18 से 23 जून तक तुर्की के अंताल्या में विश्व कप का तीसरा चरण है, जिसके बाद टीम रैंकिंग के आधार पर दो अतिरिक्त कोटा मिलेगा. यह पहली बार है जब टीम रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक कोटा मिलेगा. क्वालीफायर से पेरिस का टिकट कटाने में नाकाम रही टीमों में से दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग की टीमों को ओलंपिक जाने का मौका मिलेगा. भारत (231 अंक) अब विश्व रैंकिंग में चीन (241) और शीर्ष पर काबिज दक्षिण कोरिया (340) के बाद तीसरे स्थान पर है और पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में है. इससे पहले शनिवार को भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने टीम स्पर्धाओं में पुरुष, महिला और मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीते थे. मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने महिलाओं के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में चौथा स्वर्ण पदक जीता, जबकि प्रियांश ने पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में पहला विश्व कप रजत पदक जीता.

### भारत ने 5 स्वर्ण समेत 8 पदक जीत

भारत ने इस वैश्विक आयोजन से आठ पदक (पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य) जीते. पुरुष टीम के फाइनल में भारत का मुकाबला उस कोरियाई टीम से था जिसके दो खिलाड़ी तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य थे. कोरियाई टीम में स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन और किम जे डेओक के अलावा ली वू सियोक तीसरे सदस्य थे भारतीय तिकड़ी ने धैर्यपूर्ण प्रदर्शन किया और शुरुआती सेट में तीन बार 10 अंक वाले निशाने के साथ के साथ कोरिया की बराबरी की. इसमें से दो एक्स (निशाने के क्रेंद के करीब) के साथ नौ अंक वाले तीन निशाने शामिल थे. इस सेट में दोनों टीमों ने 57-57 अंक बनाये. भारत के शानदार खेल से कोरियाई टीम दबाव में आ गयी और उसके तीरंदाजों ने दो बार आठ अंक वाले निशाने लगाये. इसके उलट भारतीयों ने छह तीरों से तीन एक्स सहित 10 अंक वाले चार निशाने लगाये और दूसरा सेट 57-55 से जीत कर 3-1 की बढ़त ले ली. तीसरे सेट में कोरिया के प्रदर्शन में और गिरावट आयी और टीम सिर्फ 53 अंक ही बना सकी. भारतीय तीरंदाजों ने धैर्यपूर्ण खेल के साथ 55 अंक बनाये और 2010 के बाद पहली बार पुरुष वर्ग का टीम खिताब जीता. इस जीत से पहले महिला टीम ने 2013 विश्व कप में दो बार जुलाई में मेडेलिन तीसरे चरण और अगस्त में व्रोकला चौथे चरण में कोरियाई टीमों को हराया था. राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता और शंघाई 2010 की जीत के सदस्य राहुल बनर्जी ने कहा, जब कोरिया फाइनल में होता है तो घबराहट हमेशा होती है. लेकिन अब कोई भी उन्हें हराने की हमारी क्षमता पर संदेह नहीं कर सकता है. उन्होंने कहा, वे क्वालीफाइंग दौर से ही सही लय दिखा रहे हैं और यह निश्चित रूप से तीरंदाजी में सबसे बड़ी जीत में से एक है. उन्हें अब पेरिस तक इस लय को बरकरार रखना होगा.

**55** अंक बनाये और 2010 के बाद पहली बार पुरुष वर्ग का टीम खिताब जीता.

# बेंगलुरु ने गुजरात को नौ विकेट से हराया

**एजेंसी। अहमदाबाद**

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में रविवार को खेले गए 45वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को नौ विकेट से हरा दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस की टीम ने 20 ओवर में 200 रन बनाए. 201 रन के लक्ष्य को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विराट कोहली और विल जैक्स की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत सिर्फ एक विकेट खोकर ही हासिल कर लिया. यह बेंगलुरु की लगातार दूसरी जीत है तो टाइटंस की लगातार दूसरी हार है.इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. गुजरात टाइटंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और ऋद्धिमान साहा सिर्फ 5 रन बनाकर स्वपनिल सिंह का शिकार हो गए. इसके बाद शुभमन गिल भी 16 रन बनाकर आउट हो गए. साई सुदर्शन और शाहरुख खान ने मोर्चा संभाला और टीम को 100 के पार पहुंचाया. शाहरुख 30 गेंदों में 3 चौके और 5 छक्कों की मदद से 58 रन बनाकर आउट हुए.इसके बाद साई सुदर्शन ने भी अपना अर्धशतक पूरा किया. उनका साथ देने आए डेविड मिलर ने भी 19 गेंदों में 26 रन की पारी खेली तो सुदर्शन 49 गेंदों में 8 चौके और 4 छक्कों की मदद से 84 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसकी बदौलत गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 3 विकेट गंवाकर पूरे 200 रन बनाए.



गुजरात टाइटंस: 200/3

आरसीबी: 206/1

### विल जैक्स ने जड़ा तूफानी शतक

201 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत अच्छी रही और चौथे ओवर में ही टीम ने 40 रन जोड़ दिए. हालांकि कप्तान फाफ डुप्लेसी इसी ओवर में साई किशोर का शिकार हो गए. इसके बाद विराट कोहली को विल जैक्स का साथ मिला और दोनों ने मिलकर टीम को 100 के पार पहुंचाया. कोहली ने आईपीएल में अपना 54वां अर्धशतक पूरा किया. इसके बाद विल जैक्स ज्यादा खतरनाक हो गए और उन्होंने 31 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और टीम को 150 के पार पहुंचाया. इसके बाद तो जैक्स ने छक्कों की झड़ी लगा दी और 41 गेंदों में अपना शतक पूरा कर लिया. बेंगलुरु ने 16 ओवर में मैच जीत लिया.

### उबेर कप बैडमिंटन

## भारतीय महिला टीम की क्वार्टर फाइनल में जगह हुई पक्की



**एजेंसी। चेंगडू (चीन)**

इशारानी बरुआ और अनमोल खरब के चमकदार प्रदर्शन से भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां ग्रुप ए के दूसरे मुकाबले में सिंगापुर को 4-1 से हराकर उबेर कप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया. एशियाई चैम्पियन भारत ने पहले मुकाबले में कनाडा को 4-1 से मात दी थी. भारत ने दूसरे मुकाबले में भी शानदार प्रदर्शन दिखाया और पहले मैच में अश्मिता चालिहा के हारने के बावजूद वापसी करते हुए बाकी सारे मैच जीत लिये. बड़े खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में खेल रही युवा और कम अनुभवी भारतीय टीम के लिए यह शानदार हफ्ता रहा. खिलाड़ियों ने बड़े मंच पर कौशल और गजब का जज्बा दिखाते हुए पहले दो मुकाबले जीत लिये.

### टी-20 विश्व कप — भारतीय टीम के पूर्व आल राउंडर क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा कि

# टीम में दो कलाई के स्पिनरों को जगह मिलनी चाहिए



**01** मई है जिससे दो जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम के संयोजन को लेकर चर्चायें भी तेज हो गयी हैं.

**एजेंसी। मुंबई**

पूर्व आल राउंडर इरफान पठान ने कहा कि भारत को अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले आगामी टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में पांच विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ दो कलाई के स्पिनरों को चुनना चाहिए. टीम की घोषणा की तारीख एक मई है जिससे दो जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम के संयोजन को लेकर चर्चायें भी तेज हो गयी हैं. पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, आपको पांच अच्छे गेंदबाजों की जरूरत है जो निहायती जरूरी हैं. आपके विकेटकीपिंग विकल्प क्या हैं? जब आप रविंद्र जडेजा के आठवें नंबर और बतौर स्पिन आल राउंडर खेलने की बात कर रहे हो तो मैं कहूंगा कि दो कलाई के स्पिनरों को खिलाय जायें. उन्होंने कहा, मैं दो कलाई के स्पिनरों को खेलते हुए देखना चाहूंगा जो मेरी अंतिम एकादश में रवि बिश्नोई और कुलदीप यादव होंगे. अगर आप बिश्नोई के आंकड़े देखो तो जब वह खेला था तो वह काफी अच्छा था.पठान हालांकि राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल को विश्व कप के लिए ले जाने के पक्ष में नहीं हैं. उन्होंने कहा, हां, हम इस समय आईपीएल के प्रदर्शन की वजह से चहल के बारे में बात कर रहे हैं लेकिन क्षेत्ररक्षण हिस्से को मत भूलिए. अगर आपको क्षेत्ररक्षण में संतुलन बनाना है, तो आपको संतुलन बनाना होगा कि एक गेंदबाज एक विशेष जगह पर कहां गेंदबाजी कर सकता है.

पठान ने कहा कि गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह को चुनना लाजमी है. उन्होंने कहा, केवल एक ही ऐसा खिलाड़ी (तेज गेंदबाज) है जिसके चयन के बारे में आप निश्चित हो सकते हो और वो हैं बुमराह. लेकिन बुमराह के अलावा आपको कम से कम दो तेज गेंदबाज चाहिए जो नियमित अंतिम एकादश का हिस्सा बन सकें. उन्होंने कहा, भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी समस्या तेज गेंदबाजी संयोजन की है. संयोजन तय करना बहुत ही महत्वपूर्ण है इसलिए अनुभव को तरजीह देनी चाहिए.पठान ने कहा, बुमराह के साथ आप मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को देख सकते हो जो मुझे आदर्श नहीं लगता लेकिन अभी आपके पास सिर्फ यही विकल्प है.

## राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग की मेजबानी के लिए रांची तैयार, टीमें रांची पहुंची



**खेल संवाददाता। रांची**

30 अप्रैल से राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का आगाज रांची में होने जा रहा है. इसको लेकर टीमें रांची पहुंच चुकी है. रविवार को ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मिजोरम और मणिपुर की टीमें राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के बहुप्रतीक्षित प्रथम चरण में भिड़ने के लिए रांची पहुंची. प्रतियोगिता का प्रथम चरण रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा. टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण में हाल ही में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष आठ टीमें शामिल हैं:

**ये टीमें लेंगी हिस्सा:** हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड (मेजबान), मध्य प्रदेश, बंगाल, मिजोरम, मणिपुर और ओडिशा.

▼ ब्रीफ खबरें

## सड़क दुर्घटना में दो पुलिसकर्मियों की मौत

**गोपालगंज ।** रविवार को एक ट्रक ने एक वैन को पीछे से टक्कर मार दी. जिससे दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई जबकि 12 से अधिक लोग घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि यह घटना बरहिमा बाजार के निकट तब हुई जब वैन में सवार पुलिस टीम लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत ड्यूटी करने के लिए सुपौल जा रही थी. पुलिस ने बताया कि चुनाव ड्यूटी पर पुलिसकर्मियों को ले जा रही वैन बरहिमा बाजार के पास रुकी थी.

## अपराधियों ने ईंट भट्ठा मालिक को मारी गोली

**पटना ।** राजधानी पटना में अपराधियों ने चाचा-भतीजे को गोली मार दी. घटना मनेर थाना क्षेत्र के ब्रह्मचारी पोखर गांव की है. सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम जांच पड़ताल में जुट गई. दानापुर डीएसपी ने कहा कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. जानकारी के अनुसार शनिवार रात ईंट-भट्ठा मालिक देव कुमार राय अपने भतीजे बिट्टू के साथ बाइक से घर जा रहे थे. इस बीच पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने दोनों को घेर कर फायरिंग कर दी. गोली लगने से दोनों बुरी तरह से घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने पटना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया,.

## पुल से गिरने पर बाइक पर सवार हुए जख्मी

**मधेपुरा ।** पुल से गिरने पर बाइक पर सवार तीन व्यक्ति जख्मी हो गये. सभी जख्मी व्यक्ति का सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. घटना बिषपट्टी पंचायत की है. जहां चकला गांव से एक बारात फुलौत जा रही थी. जिस बारात में एक बाइक पर सवार होकर जा रहे तीन व्यक्ति असंतुलित होकर लदमा धार पर बने रेलिंग विहीन पुल से नीचे जा गिरे. जिसमें तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गये. पीछे से आ रहे बारात के अन्य लोगों ने उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया.

### तेजस्वी के इस बार इंडी गठबंधन की सरकार बनने के बयान पर बोले सम्राट चौधरी

# सपना देखने के लिए सभी स्वतंत्र हैं

**लोस चुनाव**

- तेजस्वी यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसा था
- भारत किसी परिवार का गुलाम नहीं है
- लालू प्रसाद ने पंद्रह साल तक क्या किया



संवाददाता । पटना

लोकसभा चुनाव के अभी कई चरण बाकी हैं, लेकिन नेताओं का हमला एक-दूसरे पर जारी है. भाजपा हो या महागठबंधन किसी के सामने सीट बचाने तो किसी के सामने सीट बढ़ाने की चुनौती है. इसमें दोनों तरफ के नेता आक्रामक हैं. इसी क्रम में बिहार सरकार में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री मंगल पांडेय ने नेत प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर रविवार को जोरदार हमला बोला. तेजस्वी ने पीएम मोदी पर तंज कसा था कि पीएम नरेंद्र मोदी डिप्रेशन में हैं. कहा था कि इन लोगों से बिहार चल नहीं रहा है और पगड़ी उतर नहीं रही है. इस बार देश में हमारे गठबंधन की सरकार बनेगी. पूरा देश में इस बार जनता चुनाव लड़ रही है और जनता की जीत तय है. तेजस्वी ने कहा है कि एनडीए की चार सौ पार वाली फिल्म पूरी तरह से फ्लॉप हो चुकी है.

इस पर अब बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश में मजाक नहीं हो रहा. उनके पिताजी ने बिहार में पंद्रह साल मजाक किया है. देश मे लोकतंत्र है और ये देश किसी परिवार का गुलाम नहीं है. वहीं, मंगल पांडेय ने कहा कि तेजस्वी यादव खुद डिप्रेशन में हैं उनका यह बयान बताता है कि वह हताशा और निराशा हैं. सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू प्रसाद ने पंद्रह साल तक क्या किया है? बिहार की जनता जानती है. पीएम नरेंद्र मोदी ने 80 करोड़ लोगों को खाना दिया है. ज्ञान नहीं है तो पहले तेजस्वी यादव ज्ञान अर्जन करें. 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ने का काम किया है. बोलने के लिए, सपना देखने के लिए सभी स्वतंत्र हैं. दो चरणों में जिन सीटों पर चुनाव हुए पहले वहां जमानत बचा लें. राहुल गांधी के बयान पर हमला बोलते हुए मंगल पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी ने इस देश को अभी समझा कहां है? उन्होंने समझा है इटली को, ब्रिटेन को... दुनिया के वैसे देश जो भारत को नुकसान पहुंचाया है. वहीं, तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जनता की जो उपेक्षा वह देख रहे हैं उनको दिख रहा है. 2019 हो 2014 हो 2009 हो हर वक्त उनके पिताजी ने भी ऐसे ही वादे किए थे. चुनाव के पहले जैसे तेजस्वी यादव करते हैं. जिस दिन रिजल्ट आता है उस दिन दरवाजा बंद करके घर में चले जाते हैं. चार जून को तेजस्वी यादव से भेंट नहीं होगी क्योंकि उनका स्कोर जीरो रहने वाला है.


**भाजपा का नेतृत्व जो भी फैसला लेता है उसका हम सभी कार्यकर्ता पालन करते हैं**

इस बीच कई सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर नाराजगी या टिकट नहीं मिलने को लेकर नाराजगी से जुड़े प्रश्न पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का नेतृत्व जो भी फैसला लेता है, उसका हम सभी कार्यकर्ता पालन करते हैं. यह कोई परिवार की पार्टी नहीं है कि सीधे सिंगापुर से टूरिस्ट बेटी को चुनाव मैदान में उतार दिया जाए. यहां काम करने वालों को प्राथमिकता दी जाती है. भाजपा में किसी प्रकार के सामाजिक समीकरणों को साधने के लिए कार्य नहीं किये जाते हैं. कहा कि अब राजनीति के तौर तरीके में काफी बदलाव आ गया है. अब रिपोर्ट कार्ड के आधार पर चुनाव जीते जाते हैं. सम्राट चौधरी ने कहा कि पहले के चुनावों में जाति, अगड़े, पिछड़े, जातीय समीकरण की बात होती थी, लेकिन तब से गंगा में काफी पानी बह गया है. अब लोग आपके रिपोर्ट कार्ड, आपकी नीतियों और आपके द्वारा किये गये कार्यों का लेखा जोखा देखते हैं और तब वोट करते हैं. लेकिन राजद उसी सोच में डूबी हुई है.

## राजद के विजय शुक्ला की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

संवाददाता । मुजफ्फरपुर

जिले की एक अदालत ने कथित तौर पर जमीन हड़पने के मामले में वैशाली लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) उम्मीदवार विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी. शुक्ला ने तीन अप्रैल को मामले में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी. इस मामले में उनकी पत्नी अन्नू शुक्ला और तीन अन्य लोग भी आरोपी हैं. अन्नू लालगंज से पूर्व विधायक हैं. एक स्थानीय अदालत के निर्देश के बाद अगस्त 2023 में सदर पुलिस थाना पुलिस (मुजफ्फरपुर) ने शुक्ला और अन्य के खिलाफ जमीन हड़पने का मामला दर्ज किया था. अदालत ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर यह निर्देश जारी किया था. शिकायत में



आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने जाली दस्तावेजों के आधार पर मुजफ्फरपुर और हाजीपुर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर जमीन हड़प ली. शुक्ला के अधिवक्ता सुशील कुमार ने बताया कि इस मामले पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को अतिरिक्त जिला न्यायाधीश-पांच (मुजफ्फरपुर) की अदालत ने मेरे मुवक्किल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी. हम इस आदेश को चुनौती देंगे. शुक्ला का मुकाबला लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की वीणा देवी से है.

## बस से एएसआई की पिस्टल हुई चोरी

**किशनगंज ।** एएसआई की पिस्टल बस में चोरी हो गई. मामला चुनाव ड्यूटी से जुड़े जवान का है. जानकारी है कि किशनगंज में दूसरे चरण में हुए मतदान से ड्यूटी कर वापस लौट रहे जहानाबाद पुलिस बल के एएसआई का बस से पिस्टल चोरी हो गया. जहानाबाद जिला बल में पदस्थापित एएसआई राजीव कुमार सिंह किशनगंज में लोकसभा चुनाव करवाने गए थे. यहां वो मतदान के दौरान पहड़कट्टा थाना क्षेत्र के पनासी चौक पर बोर्डर सिलिंग के प्रथम पाली में सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक की ड्यूटी पर तैनात थे. एएसआई राजीव मतदान केंद्र पर दो बजे ड्यूटी समाप्त कर अपने आवासन स्थल स्कूल आ गए. जिसके बाद बैग में नौ एमएम पिस्तौल और 35 राउंड गोली और अन्य सामान रख कर पहड़कट्टा स्थित नेशनल हाईवे पर किशनगंज जाने वाली बस में चढ़ गए.

## बच्चों के विवाद में पड़ोसी ने मासूम को मौत के घाट उतारा

संवाददाता । पूर्णिया

बच्चों के विवाद में पड़ोसी ने एक मासूम को मौत के घाट उतार दिया. मामला कोठी थाना क्षेत्र के ठाड़ी गांव से जुड़ा है. पुलिस ने मासूम की हत्या के आरोप में महिला को गिरफ्तार कर लिया है. जबकि उसका पति फरार है. मृतक मासूम की पहचान बनमनखी थाना क्षेत्र के सिकलीगढ़ धरहरा निवासी संतोष मंडल तीन वर्षीय बेटे के रूप में हुई है.

घटना की जानकारी देते हुए मृतक के पिता संतोष और बड़े चाचा ने बताया कि करीब दो सप्ताह पहले खेल-खेल में बच्चों के बीच झगड़ा हुआ था. इसमें पड़ोसी कंचन देवी के बेटे का हाथ फ्रैक्चर हो गया था. तब कंचन ने बच्चे को जान से मार देने की धमकी दी थी. फिर 24 अप्रैल की शाम बच्चा घर से खेलने निकला तो फिर घर नहीं लौटा. उन्होंने बच्चे को काफी ढूंढा. इसके बाद स्थानीय थाने में बच्चे की गुमशुदगी की शिकायत की. 27 अप्रैल को देर शाम गांव में अचानक एक ही वक्त में कई सारे कुत्ते खेत में जुटने लगे. कुत्तों के भौंकने की तेज आवाज सुनकर जब गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे तो कंचन और उसके पति बेचन मंडल को उपरोक्त जगह पर मिट्टी भरते हुए देखा. जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की सूचना दी. मिट्टी हटाने पर बच्चे का सड़ा गला शव दिखाई दिया. शारीरिक बनावट से उन्होंने बच्चे की पहचान की. बच्चे का सिर धड़ से अलग था. घटना की जानकारी मिलते ही बीकोठी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं, परिजनों की लिखित शिकायत पर हत्या के आरोप में कंचन को हिरासत में ले लिया.

न्यूज अपडेट ▼

## सिनहा में विवाहिता की गला दबाकर हत्या

**भोजपुर ।** विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई. मामला जिले के सिनहा थाना क्षेत्र के मरहां लेवाड़ गांव की है, जहां शनिवार को ससुरालवालों ने गला दबाकर विवाहिता की हत्या कर दी. घटना के बाद से गांव व आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई. मृतका के परिजनों ने उसके पति व ससुरालवालों पर बाइक की मांग को लेकर उसकी गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है. मृतका का नाम सीता देवी है. वह 25 साल की थी. लेवाड़ गांव के रहने वाले राजकुमार तुरहा से उसकी शादी हुई थी. मृतका का मायका बक्सर जिले के डुमरांव गांव में था. मृतका के पिता विजय तुरहा ने बताया कि उन्होंने सीता की शादी दो साल पहले हीरा लाल तुरहा के बेटे राजकुमार तुरहा से हुई थी. शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था. चार दिन पहले ही उसके पति द्वारा बाइक की मांग की गई. इसको लेकर उन्होंने कहा की शादी में बाइक की कोई बात नहीं हुई थी और शादी के बाद में बाइक नहीं दूंगा.

## सावंत गांव में युवक की गला रेतकर हुई हत्या

**बेगूसराय ।** जिले के छोड़ाही थाना क्षेत्र के सावंत गांव में एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई. घटना शनिवार देर रात की है. मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है. बताया जाता है कि सावंत गांव निवासी चीनी लाल रजक के पुत्र गौतम कुमार का उसी गांव के गोपाल चौधरी की पुत्री से करीब दो वर्षो से लव अफेयर चल रहा था. इस संबंध में ग्रामीणों ने कई बार दोनों के परिवार वालों के बीच समझौता भी करवाया, लेकिन इसके बाद भी दोनों का अफेयर जारी रहा. इसी बात से नाराज लड़की के परिजनों ने सोए हुए गौतम का गला रेत कर हत्या कर दी. ग्रामीणों ने बताया कि दोनों का प्रेम प्रसंग कई वर्षो से चल रहा था. पहले किसी न किसी बहाने से दोनों कहीं मिल लिया करते थे. जिसकी भनक प्रेमिका के घर वालों को लग गई थी. इस मेलजोल का विरोध शुरू हो गया. तब दोनों ने फैसला किया रात में मिलेंगे. जब दोनों के परिजन रात में सो जाया करते थे तब दोनों मिलते थे. इसकी भी भनक परिजनों को लग गई थी. अन्य दिनों की तरह ही गौतम भी घर में सोया था.

## गायघाट में सड़क किनारे मिला युवक का शव

**मुजफ्फरपुर ।** जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के कमरथू पंचायत के सियारी पट्टी के समीप एक 25 वर्षीय युवक की सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थिति में डेड बॉडी मिली. शव के मिलने के बाद इलाक़े में सनसनी फैल गई. जिसके बाद देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. स्थानीय लोगों के द्वारा पूरे मामले की सूचना गायघाट थाने की पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जब डेड बॉडी का मुआयना किया तो गले पर चाकू के निशान मिले. जिसके बाद मामला हत्या का सामने आया. इस बीच शव बरामद होने के बाद लोगों के बीच कई तरह के चर्चाओं का बाज़ार गर्म है. मामले की जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. गायघाट थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के कमरथू पंचायत के सियारी पट्टी के समीप में एक युवक का सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थिति में शव देखा गया है. मौक़े पर पहुंची पुलिन ने पाया गया कि युवक के गले पर चाकू के निशान हैं.

## सिकटी पुलिस ने शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया ।** पुलिस ने शराब तस्कर को किया गिरफ्तार. मामला जिले के सिकटी का है. सिकटी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीती रात नेपाल से शराब की खेप लेकर आ रहे एक तस्कर को बाइक के साथ गिरफ्तार किया. पुलिस ने उसके पास 188.7 लीटर नेपाली शराब एवं एक मोटरसाइकिल बरामद किया.



बताया जाता हे कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में बड़ी संख्या में नेपाल निर्मित शराब पकड़ा जा रहा है. इसे लेकर एसपी अमित रंजन के निर्देश पर बॉर्डर से लगे थाना पुलिस अलर्ट मोड में है. इसी के तहत गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई. पकड़ा गया तस्कर सिकटी थाना क्षेत्र के आमगाछी वार्ड संख्या छह का रहने वाला है.

**कारोबार**

## इरकॉन को मिला 1,200 करोड़ का ठेका

**नयी दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इरकॉन ने रविवार को कहा कि उसने एक संयुक्त उद्यम के जरिए लगभग 1,200 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजना हासिल की है. रेलवे पीएसयू ने शेयर बाजार को बताया कि इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन) और दिनेशचंद्र आर अग्रवाल इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड (डीआरए) के संयुक्त उद्यम 'इरकॉन-डीआरए' को शिवलिंगपुरम स्टेशन से बोर्रागुहालू स्टेशन तक कोट्टावलसा-कोरापुट दोहरीकरण परियोजना के लिए एलओए मिला है.


## अगले साल आ सकता है बोल्ट का आईपीओ

**नयी दिल्ली ।** भारतीय प्रौद्योगिकी ब्रांड बोल्ट की योजना अगले साल सार्वजनिक निर्गम लाने की है. कंपनी के सह-संस्थापक वरुण गुप्ता ने कहा है कि वित्त वर्ष 2024-25 में 1,000 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करने के बाद आईपीओ लाया जाएगा. उन्होंने बताया कि कंपनी अंतरराष्ट्रीय बाजार और नई श्रेणियों में विस्तार कर रही है. गुप्ता ने कहा कि हम इस वर्ष आईपीओ पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे हैं, लेकिन शायद अगले साल विचार करेंगे.

### पाकिस्तान ने अपने दोस्त चीन से 26.6 अरब डॉलर का कर्ज ले रखा है

# चीन से कर्ज के जाल में डूबा पाकिस्तान

भाषा । नयी दिल्ली



**चीन पाक**

- पाक का विदेशी मुद्रा भंडार आठ अरब डॉलर है
- केन्या और अर्जेंटीना की हालत भी ठीक नहीं है
- चीन का सबसे ज्यादा कर्ज पाकिस्तान पर ही है

किसी देश की समृद्धि उसके विकास की गति पर टिकी होती है. विकास की गति उसकी अर्थव्यवस्था तय करती है. लेकिन जब कोई देश विकासवादी सोच को दरकिनार कर दूसरी नीति अपनाती है तो उसके लिए दुनिया के साथ कदम मिलाकर चलना मुश्किल होता है. वह पिछड़ता चला जाता है. इससे उसकी अर्थव्यवस्था न सिर्फ बिगड़ती है, बल्कि दुनिया में उसकी साख भी कमजोर होती है. ऐसे में उसकी पहचान दुनिया मे एक कर्जदार देश के रूप में होकर रह जाती है. पाकिस्तान की स्थिति इन दिनों कुछ ऐसी ही है. पाकिस्तान कभी आईएमएफ के सामने तो कभी अरब देशों के पास कर्ज के लिए पहुंचता रहा है, जहां उसकी मांग मुश्किल से पूरी हो पाती है. लेकिन ऐसे समय में उसके सामने सिर्फ चीन ही मददगार बनकर उभरा है, लेकिन उसकी मदद पाकिस्तान के काफी भारी पड़ती जा रही है.

कुल मिलाकर चीन के साथ दोस्ती के चक्कर में पाकिस्तान आज कर्ज के जाल में डूबा हुआ है. वैसे चीन ने दुनिया में जिस भी देश को कर्ज दिया है, वह बर्बाद हो गया है. पाकिस्तान इस लिस्ट में सबसे ऊपर है. इसकी वजह यह है कि चीन का सबसे ज्यादा कर्ज पाकिस्तान पर ही है. वर्ल्ड बैंक के मुताबिक पाकिस्तान ने अपने इस दोस्त से 26.6 अरब डॉलर का कर्ज ले रखा है. इस कर्ज को चुकाते-चुकाते पाकिस्तान की कमर टूट गई है. वह दुनियाभर में कर्ज मांगता फिर रहा है. हालत यह हो गई है कि 19 अप्रैल को समाप्त हुए हफ्ते में पाकिस्तान का कुल विदेशी मुद्रा भंडार केवल आठ अरब डॉलर रह गया है. यानी जितना पाकिस्तान का कुल विदेशी मुद्रा भंडार है उसका तीन गुना तो उस पर केवल चीन का ही कर्ज है.

वहीं चीन ने दुनिया के कई गरीब देशों को अपने कर्ज के जाल में फंसा रखा है. लेकिन वह किसी का भी लोन माफ करने को तैयार नहीं है. साथ ही यह भी साफ नहीं है कि चीन ने इस देशों को किस शर्त पर और कितना लोन दिया है.

**अंगोला ने चीन से 21 अरब डॉलर का कर्ज लिया है**

चीन से सबसे ज्यादा कर्ज लेने वाले देशों की लिस्ट में पाकिस्तान के बाद दूसरे नंबर पर अंगोला है. इस अफ्रीकी देश ने चीन से 21 अरब डॉलर का कर्ज ले रखा है. तीसरे नंबर पर श्रीलंका है. गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका ने चीन से 8.9 अरब डॉलर का कर्ज ले रखा है. इसके बाद केन्या (6.7 अरब डॉलर), जांबिया (6.1 अरब डॉलर), बांग्लादेश (6.1 अरब डॉलर), लाओस (5.3 अरब डॉलर), मिस्र (5.2 अरब डॉलर), नाइजीरिया (4.3 अरब डॉलर), इक्वाडोर (4.1 अरब डॉलर), कंबोडिया (4.0 अरब डॉलर), बेलारूस (3.9 अरब डॉलर) और आइवरी कोस्ट (3.9 अरब डॉलर) शामिल हैं. कैमरून (3.8 अरब डॉलर), साउथ अफ्रीका (3.4 अरब डॉलर), रिपब्लिक ऑफ कांगो (3.4 अरब डॉलर), ब्राजील (3.4 अरब डॉलर), मगोलिया (तीन अरब डॉलर) और अर्जेंटीना (2.9 अरब डॉलर) भी चीन के कर्ज जाल फंसे हैं

## औद्योगिक सामान आयात में चीन की हिस्सेदारी बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** भारत के औद्योगिक सामान आयात में चीन की हिस्सेदारी पिछले 15 वर्षों में 21 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो गई है. आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के अनुसार दूरसंचार, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे चीन के औद्योगिक सामानों पर भारत की बढ़ती निर्भरता के साथ यह आंकड़ा बढ़ा. जीटीआरआई ने कहा कि चीन के साथ बढ़ता व्यापार घाटा चिंता का विषय है. इस निर्भरता के रणनीतिक निहितार्थ गहरे हैं, जो राष्ट्रीय सुरक्षा आयामों को भी प्रभावित करते हैं.

## भारतीय युवाओं में बेरोजगारी की दर अस्थाई: आरबीआई

भाषा । नयी दिल्ली

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि युवा आयु वर्ग में बेरोजगारी सबसे अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है. उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यम शुरू करने में अधिक समय लगाते हैं. गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है. उन्होंने कहा कि



अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैं. उन्होंने कहा कि इसलिए, युवा कौशल हासिल करने और नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे हैं. गोयल अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट पर एक सवाल का जवाब दे रही थीं.

## एएमसी की विशेष अवसर वाले कोषों में दिलचस्पी बढ़ी

भाषा । नयी दिल्ली

परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) की विशेष अवसर वाले कोषों में दिलचस्पी बढ़ गई है. ऐसी तीन फर्मों ने हाल ही में इस थीम पर आधारित योजनाएं शुरू करने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास मसौदा पत्र जमा किए हैं. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के मुताबिक तीन एएमसी - व्हाइटओक कैपिटल, कोटक महिंद्रा और सैमको - ने मार्च-अप्रैल के दौरान, विशेष अवसर वाले कोष के लिए मसौदा पत्र दाखिल किए हैं. इस समय आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, एक्सिस एमएफ विशेष अवसर वाले कोष की पेशकश करते हैं.विशेष अवसर वाले कोष, ऐसी म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं, जो बाजार की विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए निवेश करती हैं.

## एफआईयू ने आतंकी वित्तपोषण पर चेतावनी जारी की

**नयी दिल्ली ।** भारत की वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) ने पूंजी बाजारों, बीमा कंपनियों, ऑनलाइन भुगतान गेटवे मध्यवर्तियों और क्रिप्टो मुद्रा सेवा प्रदाताओं के लिए ताजा चेतावनी जारी की है. यह चेतावनी धन शोधन रोधी और आतंकवाद विरोधी वित्तपोषण व्यवस्था के तहत इनके चैनलों में संदिग्ध लेनदेन की प्रभावी जांच के लिए जारी की गई है. ये नए दिशानिर्देश 2022-23 वित्त वर्ष के दौरान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत जारी किए गए हैं.

**तिलहन**

### आयात किया जाने वाला सोयाबीन डीगम तेल अभी भी कुछ कम प्रीमियम दाम के साथ बिकना जारी है

# बीते सप्ताह सरसों व बिनौला में सुधार, बाकी में गिरावट

भाषा । नयी दिल्ली



**पामोलिन तेल**

- विदेशों में पाम और पमोलीन के दाम घटे हैं
- तेल पेराई मिलें पूरी क्षमता से काम नहीं कर सकीं

विशेषज्ञों के अनुमान के विपरीत सरसों और कपास की आवक घटने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों तेल तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए. दूसरी ओर विदेशों में कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के भाव कम होने के कारण देश में इन तेलों की आपूर्ति की स्थिति में सुधार के बीच सोयाबीन एवं मूंगफली तेल तिलहन, सीपीओ एवं पामोलीन तेल के भाव में गिरावट देखने को मिली. बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में पाम एवं पमोलीन के दाम घटे हैं लेकिन बीते सप्ताह विदेशी बाजारों में अन्य तेल तिलहन में ज्यादा घट बढ़ नहीं थी. पाम, पामोलीन के दाम कम होने से देश में इसके आपूर्ति की स्थिति भी सुधरी है और इसकी कमी की पूर्ति का दवाब बाकी खाद्यतेलों पर कम हुआ है. लेकिन आयात किया जाने वाला सोयाबीन डीगम तेल अभी भी कुछ कम प्रीमियम दाम के साथ बिकना जारी है. प्रीमियम पहले से जरूर कुछ कम है. पाम, पामोलीन की आपूर्ति सुधरने के बीच बीते सप्ताह सोयाबीन एवं मूंगफली तेल तिलहन, सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए. सूत्रों ने कहा कि इस दौरान सस्ते आयतित खाद्यतेलों के जरुरत से कहीं अधिक आयात के कारण मूंगफली, सरसों, बिनौला, सोयाबीन, सूरजमुखी के देशी तेल तिलहन, इन सस्ते आयातित तेलों के आगे बेपड़ता हो गये और इस वजह से इनके खपने में मुश्किल आई. तेल पेराई मिलें पूरी क्षमता से काम नहीं कर सकीं, तिलहन किसानों को अपनी ऊपज को औने पौने दाम में बेचने की मजबूरी रही. यह सारी कवायद उपभोक्ताओं को सस्ता खाद्यतेल सुलभ कराने के मकसद से की गई जो पूरा होता नहीं दिखा. पिछले लगभग दो साल में तेल तिलहन उद्योग को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करना मुश्किल है. जिन लोगों को सरकार को सही समय तेल तिलहन उद्योग की समस्याओं से रूबरू कराकर सही परामर्श देना चाहिये था, वह अपने मिशन को पूरा करने में विफल रहे. सूत्रों ने कहा कि क्या देश के तेल तिलहन संगठनों का काम केवल आयात निर्यात के आंकड़े देना है या सरकार के समक्ष सही समय पर तेल उद्योग और इसके तमाम अंशधारकों की समस्या को उठाना भी है? इस काम की जिम्मेदारी भी तो कहीं तय होनी चाहिये. उन्होंने कहा कि सरसों की ऊपज मंडियों में आने के समय विशेषज्ञों की राय थी कि आवक लगभग 15-16 लाख बोरी की हो जायेगी और सरसों के दाम और टूट सकते हैं लेकिन मंडियों में आवक अपेक्षा से काफी कम होती दिखी. यह इस बात का संकेत है कि किसान किसी भी तरह सस्ता सौदा करने से परहेज कर रहे हैं. इसी तरह नकली खल के कारण कपास की आवक भी कम दिखी. कपास से निकलने वाले बिनौला से बने खल को बेचकर किसान लाभ कमाते हैं और यह कपास की खेती में किसानों के आकर्षण का मुख्य बिन्दु होता है क्योंकि बिनौले से तेल बहुत कम और खल काफी मात्रा में निकलता है. जब रसायनयुक्त नकली खल बाजार में काफी सस्ते दाम पर मिलेंगे तो ऊंची लागत एवं दाम वाले असली बिनौले खल को कौन खरीदेगा. इस कारण कपास की आवक भी कम दिखी.

## एयू स्माल फाइनेंस बैंक का लक्ष्य कारोबार को दोगुना करना

भाषा । नयी दिल्ली

एयू स्माल फाइनेंस बैंक तीन साल में अपने बहीखाते का आकार दोगुना कर 2.5 लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य बना रहा है. बैंक को इसमें फिनकेयर एसएफबी के अधिग्रहण और देश में बढ़ती खपत की प्रवृत्ति से मदद मिलेगी. बैंक ने इस सप्ताह 'एयू रेमिट' के साथ विदेशी मुद्रा कारोबार में और 'एयू डिजीट्रेड' के साथ सीमा पार व्यापार में अधिकृत डीलर (एडी-आई) लाइसेंस शुरू किया.

एयू स्माल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक संजय अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा से कहा कि हम अगले तीन साल में 25 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य बना रहे हैं और हम अपने एक दशक पूरा होने तक बहीखाते का आकार दोगुना कर 2.5 लाख करोड़ रुपये कर लेंगे. बैंक का कारोबार 2017 में 10,000 करोड़ रुपये की पूंजी से शुरू हुआ था. अब बैंक की पूंजी 1.25 लाख करोड़ रुपये हो गई है. बैंक में कर्मचारियों की संख्या तब 3,000 से बढ़कर अब 46,000 हो गई है. उन्होंने कहा कि बैंक की शाखाएं भी तब के 300 से बढ़कर अब 2,400 हो गई हैं.



## ब्रीफ खबरें

### रूस में दो पत्रकारों को किया गया गिरफ्तार

**लंदन।** रूस सरकार ने विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी द्वारा स्थापित एक समूह के लिए काम करने के आरोप में दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया और रूसी अदालतों ने जांच पूरी होने एवं मुकदमा चलने तक उन्हें हिरासत में रखने का शनिवार को आदेश दिया. विपक्षी नेता नवलनी की फरवरी में मौत हो गई थी. इन पत्रकारों को 'अतिवाद' के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. कॉन्स्टेंटिन गैबोव और सर्गेई कार्लिन दोनों ने इन आरोपों से इनकार किया है. दोनों को मामले में कोई सुनवाई शुरू होने से पहले कम से कम दो महीने तक हिरासत में रखा जाएगा.

### बलिया से सपा प्रत्याशी के खिलाफ प्राथमिकी

**बलिया।** उत्तर प्रदेश की बलिया लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार सनातन पांडेय के विरुद्ध समाज के विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा एवं वैमनस्य फैलाने और जिला निर्वाचन अधिकारी को धमकी देने एवं उसके कार्य में बाधा डालने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गयी है. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पांडेय का शनिवार को एक विवादित वीडियो वायरल हुआ था, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. पांडेय ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव-2019 में उनकी 'राजनीतिक हत्या' की गई थी.

### यूक्रेन में रूसी ड्रोन हमले से होटल में लगी आग

**कीव।** रूसी ड्रोन हमले में रविवार तड़के मिकोलाइव शहर पर हमला किया गया जिससे एक होटल में आग लग गई और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा. प्रांतीय गवर्नर ने यह जानकारी दी. यह हमला ऐसे समय किया गया जब दो साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध में यूक्रेनी सैनिकों को गोला-बारुद की कमी से जूझना पड़ रहा है. यूक्रेन के दक्षिणी मिकोलाइव प्रांत के गवर्नर विताली किम ने कहा कि रूसी ड्रोन ने प्रांतीय राजधानी (मिकोलाइव) में एक होटल को "गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त" कर दिया. हमले से होटल में आग लग गई जिसे हालांकि बाद में बुझा दिया गया. किम ने यह भी बताया कि हमले से शहर के घरों और कार्यालयों को गर्म रखने वाले बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है.

### चीन के ग्वांग्झू में आए तूफान में पांच की मौत

**बीजिंग।** चीन के ग्वांग्झू शहर में शनिवार को आए तूफान में पांच लोगों की मौत हो गई और 140 से अधिक कारखानों की इमारतों को नुकसान पहुंचा है. सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी. चीन मौसम प्रशासन ने कहा कि अपराह्न करीब तीन बजे ग्वांग्झू जिले के बाइयूं में तूफान आया. समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि अधिकारियों ने बताया है कि पांच लोगों की मौत होने के अलावा 33 लोग घायल हुए हैं जबकि 141 कारखानों की इमारतों को नुकसान हुआ है. ग्वांग्झू के अन्य हिस्सों के लिए तूफान की चेतावनी जारी की गई थी। ऐसी अपुष्ट रिपोर्ट हैं कि दोपहर बाद शहर के दूसरे जिले में दूसरा तूफान आया.

### गुजरात तट पर सुरक्षा एजेंसियों ने की बड़ी कार्रवाई, 86 किलोग्राम नशीला पदार्थ किया बरामद

# 602 करोड़ की ड्रग्स के साथ 14 पाक नागरिक अरेस्ट

**एजेंसी। गांधीनगर**

गुजरात तट से आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने जॉइंट ऑपरेशन के जरिए 86 किलोग्राम ड्रग्स बरामद किया है. बाजार में इसकी कीमत करीब 602 करोड़ रुपये आंकी गई है. एटीएस और एनसीबी ने संयुक्त कार्रवाई कर 14 पाकिस्तानी नागरिकों को भी अरेस्ट किया है. बता दें कि ये ऑपरेशन पिछले 2 दिन से चल रहा था.

गिरफ्तारी से बचने की कोशिश में पाकिस्तानी नागरिकों ने एटीएस अधिकारियों पर अपनी नाव चढ़ाने की कोशिश की और पुलिस को जवाबी कार्रवाई में फायरिंग करनी पड़ी. इसके बाद संदिग्धों को पकड़ लिया गया. सुरक्षा एजेंसियां पिछले दो दिनों से अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास भारतीय जल सीमा के भीतर तलाशी अभियान चला रही थीं. इंडियन कोस्ट गार्ड ने समुद्र में खुफिया जानकारी के आधार पर मादक द्रव्य विरोधी अभियान चलाया. जिसमें पाकिस्तानी नाव के 14 चालक दल के साथ 602 करोड़ रुपये मूल्य का लगभग 86 किलोग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया गया. इंडियन कोस्ट गार्ड ने एटीएस और एनसीबी के सहयोग से एक सफल ऑपरेशन चलाया. ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए भारतीय तटरक्षक जहाजों और विमानों को मिशन पर तैनात किया गया था. एनसीबी और एटीएस अधिकारियों को ले जा रहे आईसीजी ने जहाज राजरतन ने संदिग्ध नाव की पहचान की.



#### गुजरात, राजस्थान में 230 करोड़ की मेफेड्रोन जब्त, 13 लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात और राजस्थान में नशीले पदार्थ बनाने वाली चार इकाइयों पर छापेमारी के दौरान 230 करोड़ रुपये मूल्य की मेफेड्रोन जब्त की गई है और इस संबंध में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने शनिवार को बताया कि एटीएस को गोपनीय सूचना मिली थी कि अहमदाबाद निवासी मनोहरलाल एनानी और राजस्थान के कुलदीपसिंह राजपुरोहित ने मेफेड्रोन बनाने वाली इकाइयां स्थापित की हैं, जिसके बाद गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को छापेमारी की.

### महादेव सट्टेबाजी ऐप का मामला

# मुंबई पुलिस ने अभिनेता साहिल खान को किया गिरफ्तार

- बंबई उच्च न्यायालय में अभिनेता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

**एजेंसी। मुंबई**



मुंबई साइबर प्रकोष्ठ के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले के संबंध में अभिनेता साहिल खान को रविवार को गिरफ्तार कर लिया. एक पुलिस अधिकारी ने यहां यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि बंबई उच्च न्यायालय ने अभिनेता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी जिसके बाद उन्हें शनिवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से पकड़ा गया. उन्होंने बताया कि इसके बाद उन्हें मुंबई लाकर गिरफ्तार किया गया. एसआईटी ने हाल में खान से इस मामले में पूछताछ की थी. 'स्टाइल' और 'एक्सक्यूज मी' जैसी फिल्मों में काम कर चुके साहिल खान एक फिटनेस विशेषज्ञ हैं. अधिकारी ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था. उन्होंने बताया कि खान इस मामले में शहर की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दूसरे व्यक्ति हैं. एसआईटी विवादास्पद महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तकों और राज्य में कुछ वित्तीय एवं रियल एस्टेट कंपनियों के बीच कथित अवैध लेन-देन के संबंध में जांच कर रही है. पुलिस द्वारा इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, यह घोटाला करीब 15,000 करोड़ रुपये का है.

### लोकसभा चुनाव के शुरुआती दो चरण में मात्र आठ प्रतिशत महिला उम्मीदवार

# राजनीतिक दलों की महिलाओं को सशक्त करने की बातें खोखली

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के शुरुआती दो चरण के दौरान चुनावी मैदान में उतरे कुल 1,618 उम्मीदवारों में से केवल आठ प्रतिशत महिलाएं थीं. राजनीतिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह आंकड़ा लैंगिक आधार पर पूर्वाग्रह की गंभीर समस्या को दर्शाता है और महिलाओं को सशक्त बनाने की बातें खोखली लगती हैं. लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 135 महिला उम्मीदवार थीं, जबकि दूसरे चरण में 100 महिला उम्मीदवार थीं यानी शुरुआती दो चरण में कुल मिलाकर 235 महिला उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरीं. पहले चरण में महिला उम्मीदवारों की संख्या के मामले में तमिलनाडु शीर्ष पर रहा. राज्य में पहले चरण में 76 महिला उम्मीदवार थीं, लेकिन राज्य के कुल उम्मीदवारों में उनकी हिस्सेदारी केवल आठ प्रतिशत थी, जबकि दूसरे चरण में सबसे अधिक 24 महिला उम्मीदवार केरल से चुनावी मैदान में उतरीं. पार्टी-वार देखा जाए तो शुरुआती दो चरण में कांग्रेस ने 44 महिलाओं, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 69 महिलाओं को मैदान में उतारा.



#### राजनीतिक विश्लेषकों व कार्यकर्ताओं ने की आलोचना

इस लैंगिक असंतुलन की राजनीतिक विश्लेषकों और कार्यकर्ताओं ने आलोचना की. उनका सवाल है कि दल महिलाओं को अग्रसक्रिय तरीके से टिकट देने के बजाय महिला आरक्षण विधेयक के लागू होने का इंतजार क्यों कर रहे हैं. दिल्ली विवि के जीसस एंड मैरी कॉलेज में एसोसिएट प्रो. डॉ. सुशीला रामास्वामी ने कहा कि राजनीतिक दलों को महिला उम्मीदवारों की संख्या बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए. कहा, 'राजनीतिक दलों को अधिक अग्रसक्रिय होना चाहिए था और अधिक महिला उम्मीदवारों को खड़ा करना चाहिए था.' अलीगढ़ मुस्लिम विवि के एसोसिएट प्रो. डॉ. इफ्तिखार अहमद अंसारी ने कहा कि भारत के कुल मतदाताओं में लगभग आधी संख्या महिलाओं की है, ऐसे में उम्मीदवारों के रूप में उनका कम प्रतिनिधित्व राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी को रोकने वाली बाधाओं को लेकर सवाल खड़े करता है. उन्होंने प्रतीकात्मक कदम उठाने, वादे करने के बजाय राजनीति में महिलाओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की खातिर संरचनात्मक सुधारों के महत्व पर जोर दिया और लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने में पार्टी नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला.

#### बीजद एकमात्र पार्टी, जो महिला उम्मीदवारों को देता है 33 प्रतिशत आरक्षण

बीजू जनता दल (बीजद) एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो महिला उम्मीदवारों को नीतिगत तौर पर 33 प्रतिशत टिकट देता है. बीजद के बीजू महिला दल की राज्य इकाई की उपाध्यक्ष मीरा परिदा ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने की अपनी पार्टी की पहल की सराहना की. उन्होंने व्यापक सुधारों की वकालत करते हुए कहा, 'केवल सीट आरक्षित करना पर्याप्त नहीं है. हमें एक सांस्कृतिक बदलाव की जरूरत है जिसमें महिलाओं को नेता और निर्णय लेने वालों के रूप में देखा जाए.' लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से सात चरणों में हो रहे हैं और दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया के लिए मतगणना चार जून को होगी. दूसरा चरण के तहत 26 अप्रैल को मतदान हुआ था जबकि अन्य चरणों के तहत चुनाव सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को होना है.

# आरक्षण न भाजपा हटाएगी, न किसी को हटाने देगी, यह मोदी की गारंटी : शाह

- केंद्रीय गृह मंत्री बोले–कारसेवकों पर गोलियां चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों में से किसी एक को चुनना होगा

**भाषा। कासगंज (उप्र)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राम मंदिर मुद्दे को लटकाए रखने के लिए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि जनता को कारसेवकों पर गोलियां चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों में से किसी एक को चुनना होगा. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी एससी-एसटी (अनुसूचित जाति-जनजाति) वर्ग और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण न हटाएगी और न किसी को हटाने देगी और यह 'मोदी की गारंटी' है.

शाह यहां एटा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे. सभा में शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार किया. शाह ने कहा, 'दो खेमे हैं, एक खेमा राम भक्तों पर गोली चलवाने वालों का है और दूसरा खेमा राम मंदिर बनवाने वालों का." भाजपा नेता ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी, राहुल बाबा और अखिलेश यादव की पार्टियों ने 70-70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा, भटका कर रखा. यूपी वालों आप लोगों ने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और मोदी जी ने पांच अगस्त 2020 को भूमि पूजन किया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा करके जयश्रीराम कर दिया.' उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण मिलने पर भी समारोह में न जाने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा निमंत्रण राहुल गांधी, सोनिया गांधी, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव को भी दिया गया मगर कोई वहां नहीं गया. शाह ने कहा कि यह आपको तय करना है कि कारसेवकों पर गोली चलवाने वाली सपा को वोट देना है या राम मंदिर बनाने के लिए अपनी सरकारें कुर्बान करने वाली भाजपा और नरेंद्रमोदी को वोट देना है. उन्होंने राहुल गांधी पर पिछड़ा वर्ग के नाम पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया. शाह ने कहा कि पिछली सरकारों ने "सालों तक काका साहब कालेलकर कमेटी की रिपोर्ट को दबाकर रखा, मंडल कमीशन का विरोध किया और मोदी जी जब प्रधानमंत्री बने तो पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक सम्मान दिया गया."



#### चीन के साथ बातचीत सुचारु रूप से चल रही है, भारत कभी नहीं झुकेगा : राजनाथ सिंह

**अहमदाबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारु रूप से और अच्छे माहौल में चल रही है तथा भारत कभी नहीं झुकेगा. लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के वास्ते प्रचार करने के लिए अहमदाबाद में मौजूद सिंह ने कहा कि भारत सैन्य दृष्टिकोण से एक शक्तिशाली देश बन गया है और अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है. चीनी आक्रामकता को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोप के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा, "भारत अब कमजोर भारत नहीं रहा. भारत सैन्य दृष्टि से भी एक शक्तिशाली देश बन गया है. हम अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं." उन्होंने कहा, भारत और चीन के बीच जो भी मुद्दे हैं, उन पर बातचीत सुचारु रूप से और अच्छे माहौल में चल रही है. उन्होंने कहा, "मैं समझता हूं कि हमें वार्ता के नतीजे का इंतजार करना चाहिए.

# दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष लवली ने दिया अपने पद से इस्तीफा

- कहा–मैं किसी राजनीतिक दल में शामिल नहीं हो रहा हूं, दुखी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दर्द को जाहिर करता है उनका इस्तीफा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



कांग्रेस नेता अरविंदर सिंह लवली ने रविवार को कहा कि उन्होंने केवल पार्टी की दिल्ली इकाई के प्रमुख पद से इस्तीफा दिया है और किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल नहीं हो रहे हैं. लवली ने यह स्पष्टीकरण तब दिया, जब कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ मोहम्मद खान ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पूर्वी दिल्ली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से हर्ष मल्होत्रा की जगह लवली को मैदान में उतारेगी. लवली ने अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैंने केवल दिल्ली कांग्रेस प्रमुख के पद से इस्तीफा दिया है और मैं किसी भी राजनीतिक दल में शामिल नहीं हो रहा हूं.' उन्होंने कहा कि उनका इस्तीफा इस बात से दुखी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दर्द को जाहिर करता है कि 'पिछले सात से आठ वर्ष के दौरान वे जिन आदर्शों के लिए लड़ रहे थे' उनसे समझौता किया जा रहा है. लवली ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ पार्टी के गठबंधन का जिक्र करते हुए कहा, 'हम साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कभी नहीं कहा कि हम उन्हें 'क्लीन चिट' दे रहे हैं या स्कूल और अस्पताल बनाने का श्रेय दे रहे हैं, जो वास्तविकता से कोसों दूर है.'

### पीएम मोदी की टिप्पणी की निंदा करने वाला निलंबित भाजपा नेता हुआ गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में बीकानेर जिले की पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निलंबित नेता उस्मान गनी को पुलिस नाकाबंदी के दौरान अपने वाहन की जांच कराने से इनकार करने पर एतियातन गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. राजस्थान में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई टिप्पणी पर गनी ने नाराजगी व्यक्त की थी जिसके बाद पिछले सप्ताह भाजपा ने उन्हें बीकानेर के जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष पद से निष्कासित कर दिया था. बीकानेर पुलिस अधीक्षक तेजवानी गौतम ने बताया कि गनी को शनिवार को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 151 (संज्ञेय अपराध को रोकने के लिए गिरफ्तारी) के तहत हिरासत में लिया गया और रिहाई के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीएम) के सामने पेश किया गया.

# देवेगौड़ा के पोते की संलिप्तता वाले 'सेक्स स्कैंडल' की जांच का आदेश

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते एवं हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाले कथित 'सेक्स स्कैंडल' की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का फैसला किया है. प्रज्वल रेवन्ना ने लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा है जिस पर 26 अप्रैल को मतदान संपन्न हो गया.

जद(एस) पिछले साल सितंबर में राजग में शामिल हो गई थी. मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार देर रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक वीडियो मामले में एक विशेष जांच दल गठित करने का फैसला किया है.' मुख्यमंत्री ने कहा कि हासन जिले में वीडियो प्रसारित हो रहे हैं, जिनमें यह प्रतीत होता है कि वहां महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया है. सिद्धरमैया ने कहा, 'इस पृष्ठभूमि में महिला आयोग की अध्यक्ष (डॉ. नागलक्ष्मी चौधरी) ने एसआईटी जांच कराने के लिए सरकार को पत्र लिखा था. उनके अनुरोध पर यह निर्णय लिया गया है.'



#### सांसद रेवन्ना के खिलाफ हुआ प्रदर्शन गिरफ्तारी की मांग

वहीं कांग्रेस की महिला शाखा की सदस्यों ने कथित 'सेक्स स्कैंडल' में फंसे हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ रविवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की. प्रज्वल रेवन्ना जनता दल (सेक्युलर) के प्रमुख एच.डी. देवेगौड़ा के पोते हैं. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेवन्ना के खिलाफ नारे लगाए और उनके पोस्टर जलाए. रेवन्ना हासन लोकसभा क्षेत्र से राजग के उम्मीदवार हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ था. कई महिलाओं के साथ उनके कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए हैं.

### अजमेर में नकाबपोशों ने की मस्जिद के मौलाना की पीट-पीटकर हत्या

**जयपुर।** राजस्थान के अजमेर जिले में एक मस्जिद के मौलाना की तीन नकाबपोश लोगों ने कथित तौर पर पीट-पीट कर हत्या कर दी. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी देर रात करीब दो बजे रामगंज थाना क्षेत्र के कंचन नगर में हुई जब तीन नकाबपोश लोग मस्जिद में घुस गए और मौलाना मोहम्मद माहिर (30) पर लाठियों से हमला कर दिया. उसने बताया कि घटना के समय मस्जिद में छह बच्चे भी मौजूद थे. पुलिस ने बताया कि उन तीन लोगों ने बच्चों को धमकाया और मोबाइल फोन छीन लिए. थाना प्रभारी रवींद्र सिंह ने बताया कि मौलाना का शव कल उत्तर प्रदेश से आये उनके परिजनों को सौंप दिया गया. अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है. आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# बिग डाटा में बना सकते हैं अपना कॅरियर

**रजनीश प्रसाद। रांची**

बिग डाटा में भारी मात्रा में डाटा शामिल होता है, जिसे प्रोसेस और मैनेज करने के लिए बिग डाटा इंजीनियर की आवश्यकता होती है. इसमें अनस्ट्रक्चर्ड, सेमी-स्ट्रक्चर्ड और स्ट्रक्चर्ड डाटा का उपयोग आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग प्रोजेक्ट, मॉडल प्रेडिक्शन और एडवांस्ड एप्लीकेशन में किया जा सकता है. हर दिन इंटरनेट यूजर्स एक्सपोनेंशियल ग्रोथ के साथ, व्यूवर या सब्सक्राइबर वीडियो, इमेज, आर्टिकल्स, कमैंट्स, ऑर्डर्स आदि के रूप में मल्टीप्ल क्लिक जनरेट करते हैं. आमतौर पर, इन सभी गतिविधियों के कारण अनस्ट्रक्चर्ड डाटा प्रोड्यूस होता है. बिग डाटा इंजीनियर उस अनस्ट्रक्चर्ड डाटा को स्ट्रक्चर्ड डाटा में बदल देते हैं.



#### बिग डाटा इंजीनियर बनने के लिए कोर्सेज

- एमएससी डाटा इंजीनियरिंग
- एमएससी डाटा साइंस
- एमएससी डिजिटल एंड बिग डाटा फोर वेल्यू
- एमएससी डाटा अनालाइटिक्स एंड इन फॉरमेशन सिस्टम
- एमएससी डाटा अनालाइटिक्स
- एमएससी बिग डाटा
- एमएससी बिग डाटा टेक्नोलॉजी
- एमएससी बिग डाटा टेक्नोलॉजी
- एमएससी बिग डाटा अनालाइटिक्स
- एमएससी ह्युमन सेंटेरेड बिग डाटा एंड आर्टिफिशिअल इंटिलेलिजेंस
- एमएससी बिग डाटा अनालाइटिक्स
- एमएससी कंप्यूटर साइंस- साइबर सिक्यूरिटी
- एमएससी बिग डाटा टेक्नोलॉजी
- एमएससी बिग डाटा एंड बिजनेस अनालाइटिक्स
- एमएससी बिग डाटा अनालाइटिक्स
- एमएससी बिग डाटा अनालाइटिक्स अप्लाइड मोडलिंग एंड क्वानटिटेटिव मेथड
- एमएससी बिग डाटा

#### भारतीय संस्थान

- सभी आईआईटी
- लखनऊ इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, लखनऊ
- इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, ऊना
- रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, भिलाई
- मेडी-कैप्स विश्वविद्यालय, इंदौर
- विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर
- दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, सुरथकाली
- एपीजी शिमला विश्वविद्यालय, शिमला
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद
- अखिल भारतीय श्री शिवाजी मेमोरियल सोसाइटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे
- विग्नन विश्वविद्यालय, गुंटुरी
- सविता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, चेन्नई

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार. )